समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 65,280.45 | 19,331.80 |

तापमान
अधिकतम 34 °c
न्यूनतम 27 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3



महिला सम्मान बचत पत्र में यूपी में वाराणसी अव्वल पेज-02
अवैध गन्ना खरीद एवं घटतौली पर लगायें अंकुश: लक्ष्मी नारायण पेज-03

वर्ष 10 अंक 317 लखनऊ, 08 जुलाई शनिवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00
www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

### पीएम ने कहा, इसका कार्यालय मंदिर से कम नहीं, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली वैश्विक स्तर पर नई पहचान: योगी

# गीता प्रेस संस्था नहीं जीवंत आस्था है : पीएम मोदी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर स्थित गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। गोरखपुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। समारोह में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार का मेरा गोरखपुर का दौरा विकास भी विरासत भी की नीति का अद्भुत उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरुस्कार भी दिया है।

गांधीजी का गीता प्रेस से भावनात्मक जुड़ाव था। एक समय में गांधीजी कल्याण पत्रिका के माध्यम से गीता प्रेस के लिए लिखा करते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे बताया गया कि गांधीजी ने ही सुझाव दिया था कि कल्याण पत्रिका में विज्ञापन न छापे जाएं। कल्याण पत्रिका आज भी गांधीजी के सुझाव का शत प्रतिशत अनुसरण कर रही है। गीता प्रेस विश्व का ऐसा एकलौता प्रिंटिंग प्रेस है जो सिर्फ एक संस्था नहीं बल्कि एक जीवंत आस्था है। गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों लोगों के लिए किसी मंदिर से जरा भी कम नहीं है। ये समय गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर विरासत पर गर्व करने का है। आज एक ओर भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी में नए रिकॉर्ड बना रहा है तो साथ ही सदियों बाद काशी में विश्वनाथ धाम का दिव्य स्वरूप भी देश के सामने प्रकट हुआ है। हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक पुस्तकों के विश्व के सबसे बड़े प्रकाशन गीता प्रेस के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री चित्रमय शिव पुराण ग्रंथ का विमोचन किया। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गीता प्रेस अपनी 100 वर्ष की शानदार यात्रा लेकर आगे बढ़ा है। इस 100 वर्षों की शानदार यात्रा में विगत 75 वर्षों में कोई प्रधानमंत्री आज तक गीता प्रेस में नहीं आया क्योंकि गीता प्रेस भारत की मूल आत्मा को जागृत करने का काम किया है।

2021 के गांधी शांति पुरुस्कार के योगदान को सम्मानित करने का कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाले एक निर्णायक मंडल ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार 2021 प्रदान करने की घोषणा की थी। केंद्र सरकार द्वारा 195 में स्थापित इस वार्षिक पुरस्कार के तहत एक करोड़ रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका तथा एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला या हथकरघा उत्पाद प्रदान किया जाता है। गीता प्रेस ने पुरस्कार राशि स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और कहा कि वह केवल प्रशस्ति पत्र ही स्वीकार करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों ने पिछले नौ वर्षों में भारत के विकास की एक नई यात्रा के साथ आस्था व विरासत को मिल रहे सम्मान को देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिल रही है। भारत की गौरवशाली आस्था व विरासत को भी एक नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के औपचारिक समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जानता है योग भारत की अतिप्राचीन विधा रही है।

पहली बार योग को वैश्विक मान्यता मिली है। 21 जून की तिथि को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी गई। आज 180 देश भारत के ऋषि परंपरा के इस उपहार से जुड़कर भारत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ को वैश्विक मान्यता मिलते 201 में देश व दुनिया ने देखा। भारत के गौरवशाली आस्था के प्रति सम्मान व पुर्नस्थापना का काम कैसे होगा, काशी के विश्वनाथ धाम को देखकर जाना जा सकता है। नई केदारपुरी, बद्रीनाथ धाम हो, महाकाल में महालोक की स्थापना का काम हो या 500 वर्षों के इंतजार को खत्म कर अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो, ये सभी काम एक-एक कर फलीभूत हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि एम्स का सपना भी साकार हुआ है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बिहार व नेपाल के बड़े भूभाग के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा दे रहा है।



## पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री के घर

**लखनऊ।** गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समापन समारोह में शामिल होने गोरखपुर पहुँचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शुक्रवार की शाम करीब 4.15 बजे घंटाघर स्थित हरिवंश गली में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के आवास पर पहुंच स्वजन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर सभी उत्साहित दिखे। सभी ने पीएम का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने भी बच्चों से उनकी पढ़ाई तो मां उज्वला चौधरी से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर कुशलक्षेम जाना। आवास के मुख्यद्वार पर प्रधानमंत्री का परिवार की महिलाओं ने चंदन टीका लगाकर स्वागत किया। महराजगंज की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की मां उज्वला चौधरी को प्रणाम करते हुए पीएम ने कहा .. और अम्मा जी क्या हाल है आप का। सुना था आप दिल्ली मुझसे मिलने आने वाली हैं। मैं सोचा खुद चलकर आप से मिल लूं। कैसा लगा सरप्राइज। इतना कहते हुए हंसी ठहाकों के बीच प्रधानमंत्री साथ आई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ घर के अंदर चले गए। करीब 10 मिनट तक पीएम मोदी ने पंकज चौधरी के परिवार के सदस्यों का हाल जाना। वहां मौजूद नन्हें अविराज, युवराज, काइना व अगस्ता से बात कर पुचकारा भी। इसके बाद पैदल चलकर घर से 200 मीटर दूर सब्जी मंडी में खड़े वाहन पर बैठने के लिए रवाना हो गए। रास्ते में उन्होंने सकरी हरिवंश गली को देखकर कहा-क्या भाई पंकज जी, यह तो हमारे काशी की गली लग रही है। इस दौरान भाग्यश्री चौधरी, राजश्री चौधरी, रोहन चौधरी, राहुल चौधरी, तान्या चौधरी, हिमांगी चौधरी, श्रुति चौधरी, उत्कर्ष चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर परिवार के सदस्य काफी उत्साहित हैं। उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

### प्रधानमंत्री ने दिखाई गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि इसके पहले उन्होंने जोधपुर राजस्थान से अहमदाबाद गुजरात के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की भी शुरुआत की। मोदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन ने देश के मध्यम वर्ग को सुविधाओं और सहूलियतों के लिए नई उड़ान दी है। आज देश के कोने कोने के नेता पत्र लिखते हैं कि हमारे क्षेत्र से भी वंदे भारत ट्रेन चलाइये। मोदी ने कहा, मैंने जब से सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें डाली हैं, लोग हैरान होकर देख रहे हैं कि रेलवे स्टेशनों का भी इस तरह से कायाकल्प हो सकता है। एक समय था जब नेता लोग चिट्ठियां लिखा करते थे कि हमारे क्षेत्र में इस ट्रेन का जरा हाल्ट बना लें उस ट्रेन का हाल्ट बना लें। आज देश के कोने-कोने से नेता मुझे चिट्ठियां लिखकर कहते हैं कि मेरे क्षेत्र से भी वंदे भारत चलाइए।

## अंग्रेजों के समय के 138 कानून खत्म करेगी योगी सरकार?

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब एक और बड़ा और अहम फैसला लेने जा रही है। अंग्रेजों के समय में बने उन कानूनों को खत्म करने की तैयारी चल रही है जिनकी वर्तमान परिवेश में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। सूबाई सरकार के अधिकारियों की माने तो इसको लेकर कानून विभाग ने 138 कानूनों को लेकर पहल की और इससे संबंधित 40 विभागों से इस आशय की रिपोर्ट मांगी है। विभाग ने पूछा है कि ब्रिटिश काल में बने ये कानून कितने जरूरी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इसके पीछे मंशा यही है कि बिना वजह के कानूनों को समाप्त किया जाए। एक बार सभी विभागों की रिपोर्ट आने के बाद इसे फाइनल मंजूरी के लिए सीएम के पास भेजा जाएगा। वही अंतिम फैसला करेंगे। सरकार पहले भी कई अप्रासंगिक कानूनों को या तो खत्म कर चुकी है या फिर उनमें संशोधन किए हैं ताकि वह वर्तमान हालात के हिसाब से बन सकें। यूपी के 40 ऐसे विभाग हैं जहां ब्रिटिश समय के बनाए हुए कानून आज भी काम कर रहे हैं। विधि विभाग की तरफसे एक पत्र इन विभागों के प्रमुखों को जारी किया गया है जिसमें उनसे इस कानून को बनाए रखने का सही कारण बताने को कहा गया है। यदि विभाग कारण बताने या इसमें संशोधन को लेकर राय देने में नाकाम रहते हैं तो इने खत्म किया जा सकता है।वरिष्ठ अधिकारी ने एक कानून का उदाहरण देते हुए बताया कि इंडियन पार्टनरशिप एक्ट को 1932 में बनाया गया था, जिसे तत्कालीन इंपीरियल लेजिसलेटिव काउंसिल ने बनाया था। इसकी आज के समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इस तरह के कानून में या तो संशोधन या इसकी जगह नए कानून को लाए जाने की जरूरत है।

# आईएएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कानपुर देहात की सीडीओ सौम्या पांडे को हटा दिया गया है। इसके साथ ही एक अधिकारी के पास से अतिरिक्त प्रभार हटा लिया गया है। शासन की तरफसे गुरुवार देर रात यह तबादले किए गए। कानुपर देहात की मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे पर गाज गिरी है। उनको वहां से हटाकर अपर श्रमायुक्त कानपुर बनाया गया है। इससे पहले इसका अतिरिक्त प्रभार एसपी सिंह के पास था जो वापस ले लिया गया है। कानुपर नगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लक्ष्मी एन को कानपुर देहात का नया सीडीओ बनाया गया है। इसके अलावा आईएएस अधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी को कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से हटाकर माध्यमिक शिक्षा में तैनात किया गया था। उनका तबादला रद्द कर दिया गया है।

## पहले सजा-ए-मौत, फिर बरी और अब 27 साल बाद मिला न्याय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 1996 के लाजपत नगर बम विस्फोट मामले के चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। 13 लोगों की जान लेने वाले मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए, अदालत ने आरोपियों को मामले की माफी के बिना शेष जीवन के लिए जेल की सजा सुनाई। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई, विक्रम नाथ और संजय करोल की तीन जजों की बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाया। यह फैसला मोहम्मद नौशाद और जावेद अहमद खान की दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ की गई अपीलों के आधार पर आया। पिछले 27 सालों में इस केस ने कई उतार-चढ़ाव देखे। कभी निचली अदालत की तरफ से दोषियों को मौत की सजा सुनाई गई। लेकिन फिर हाई कोर्ट की तरफ से बरी कर दिया गया। अब हाई कोर्ट के फैसले के 11 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने दोनों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। जिसके बाद कल तक दिल्ली को दहलाकर मुस्कुराने वाले आतंकी मोहम्मद अली भट्ट और मिर्जा निसार हुसैना बाकी की जिंदगी जेल में गुजारेंगे।

## सीबीआई ने तीन रेल कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को सबूत मिटाने और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं के तहत 3 रेलवे कर्मियों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों रेलवे अधिकारियों की पहचान अरुण कुमार महंत (सीनियर सेक्शन इंजीनियर), मोहम्मद अमीर खान (सेक्शन इंजीनियर) और पप्पू कुमार (तकनीशियन) के रूप में की गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की यह कार्रवाई बालसोर ट्रेन दुर्घटना के सिलसिले में की गई है जिसमें 290 से अधिक यात्रियों की जान चली गई थी और 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद अमीर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को सीआरपीसी की धारा 304 और 201 के तहत गिरफ्तार किया गया है। बालासोर ट्रेन त्रासदी की जांच से अब पुष्टि हो गई है कि सिग्नलिंग दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की गलती और लापरवाही के कारण 2 जून को दुखद रेल दुर्घटना हुई थी। एक महीने की लंबी जांच के बाद अब सीबीआई ने अपने मामले में गैर इरादतन हत्या और सबूत नष्ट करने से जुड़ी दो कड़ी धाराएं जोड़ी हैं।

### संक्षिप्त

## बृजभूषण को दिल्ली अदालत ने भेजा समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न, हमले और पीछा करने के मामले में उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद शुक्रवार को भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को तलब किया।

## मुख्तार अंसारी पर कसता जा रहा शिकंजा

**मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** मुख्तार अंसारी परिवार पर शासन का शिकंजा निरंतर कसता ही जा रहा है। अंसारी परिवार के नगर के यूसुफपुर बाजार में स्थित होटल मिड टाउन पर गुरुवार को नोटिस चस्पा कर जिला प्रशासन ने उसे बंद करा दिया। उपजिलाधिकारी भारत भार्गव के नेतृत्व में नगर पालिका व पुलिस विभाग की टीम होटल मिड टाउन पर पहुंचकर मुख्य गेट पर नोटिस चस्पा कर होटल को बंद करा दिया।

## बीजेपी ने चार राज्यों के चुनाव प्रभारियों का किया एलान

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा ने इन चुनावों के लिए करम कस ली है। शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष ने चार राज्यों के प्रभारियों का एलान किया है।

### लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ा

# बांधों से छोड़ा गया पानी बाढ़ चौकियां अलर्ट

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़

लगातार वर्षा से नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। शुक्रवार को गंगा, रामगंगा गर्रा नदी में बांधों से भी पानी छोड़ा गया। इससे जनपद में बाढ़ की संभावना प्रबल होने लगी है। प्रशासन ने लगातार बढ़ रहे जल स्तर को देख बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। पहाड़ों से लेकर मैदान तक लगातार मानसूनी वर्षा हो रही है। इससे नदियों के साथ बांधों का भी जलस्तर बढ़ रहा है। बांधों पर पानी का दबाव सीमित रखने के लिए नदियों में पानी छोड़े जाने का क्रम शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को नरौरा बैराज से गंगा नदी में 20307 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि रामगंगा में हरेली बैराज से 456, खो बैराज से 10343, फीफा बैराज से 50, ढेला बैराज से 400, कोसी नदी से 14732 क्यूसेक समेत कुल 25981 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दियूनी बैराज से गंगा नदी में 619 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे सभी नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा दैवीय आपदा प्रभारी त्रिभुवन ने बाढ़ बचाव तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत के लिए सभी 69 बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है।

### ज्ञानवापी मामला

## अखिलेश यादव व ओवैसी के खिलाफ लंबित याचिका पर सुनवाई 20 जुलाई को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर निचली अदालत के आदेश के खिलाफ लंबित पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सका। अपर जिला जज (नवम) की अदालत में लंबित इस मामले में पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई और 20 जुलाई की तिथि मुकर्रर कर दी गई। बता दें कि अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव एवं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दिए गए बयान को हेट स्पीच की श्रेणी में मानते हुए एसीजेएम पंचम (एमपी-एमएलए) की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

### राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में हाईकोर्ट से भी मिला झटका

# दोषसिद्धि बरकरार, संसद की सदस्यता नहीं होगी बहाल

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी याचिका को आज खारिज कर दिया। देखा जाये तो यह राहुल गांधी के लिए बहुत बड़ा झटका है क्योंकि यदि उनकी याचिका स्वीकार हो जाती तो उनकी संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो जाता। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक की अदालत की ओर से यह फैसला सुनाये जाने के दौरान कांग्रेस के कई नेता मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस इस निर्णय को चुनौती दे सकती है। हम आपको बता दें कि न्यायमूर्ति प्रच्छक ने मई में राहुल



गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोई अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया था और कहा था कि वह ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंतिम आदेश पारित करेंगे। राहुल गांधी के वकील ने 29 अप्रैल को सुनवाई के दौरान गुजरात उच्च न्यायालय में तर्क दिया था कि एक जमानती एवं गैर-संज्ञेय अपराध के लिए अधिकतम दो साल की सजा देने का मतलब है कि उनके मुवक्किल अपनी लोकसभा सीट खो सकते हैं। हम आपको याद दिला दें कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के एक मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद राहुल गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

### प्रियंका गांधी ने कहा — जनता के हितों से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार साम, दाम, दंड, भेद का सहारा ले रही है

# अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ''मोदी उपनाम'' वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है। प्रियंका ने साथ ही कहा कि जनता के हितों से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार साम, दाम, दंड, भेद का सहारा ले रही है। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविता का एक अंश उद्धृत करते हुए ट्वीट किया, ''समर शेष है, जनगंगा को खुल कर लहराने दो, शिखरों को डूबने और मुकुटों को बह जाने दो, पथरीली ऊंची जमीन है तो उसको तोड़ेंगे, समतल पीटे बिना समर की भूमि नहीं छोड़ेंगे, समर शेष है, चलो ज्योतियों के बरसाते तीर, खण्ड-खण्ड हो गिरे विषमता की काली जंजीर।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''राहुल गांधी जी इस अहंकारी सत्ता के सामने सत्य और



जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अहंकारी सत्ता चाहती है कि जनता के हितों के सवाल न उठें, अहंकारी सत्ता चाहती है कि देश के लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने वाले सवाल न उठें, अहंकारी सत्ता चाहती है कि उनसे महंगाई पर सवाल न पूछे जाएं, युवाओं के रोजगार पर कोई बात न हो, किसानों की भलाई की आवाज न उठे, महिलाओं के हक की बात न हो, श्रमिकों के सम्मान के सवाल को न उठाया जाए।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है, जनता के हितों से जुड़े सवालों से भटकाने के लिए साम, दाम, दंड, भेद, छल, कपट सब अपना रही है। लेकिन, सत्य, सत्याग्रह और जनता की ताकत के सामने न तो सत्ता का अहंकार ज्यादा दिन टिकेगा और न ही सच्चाई पर झूठ का परदा।''उनका कहना था कि राहुल गांधी जी ने इस अहंकारी सत्ता के सामने जनता के हितों से जुड़े सवालों की ज्योति जलाकर रखी है। प्रियंका गांधी ने कहा, ''इसके लिए राहुल गांधी हर कीमत चुकाने को तैयार हैं और तमाम हमलों व अहंकारी भाजपा सरकार के हथकंडों के बावजूद एक सच्चे देशप्रेमी की तरह जनता से जुड़े सवालों को उठाने से पीछे नहीं हटे हैं। जनता का दर्द बांटने के कर्तव्य पथ पर डटे हुए हैं। सत्य की जीत होगी। जनता की आवाज जीतेगी।'' गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध खारिज कर दिया। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद राहुल गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

# यूपी में फसलों की होगी ई-पड़ताल

**सभी जिलों में फसलों की स्थिति जानने के लिए खास डिजिटल क्रॉप सर्वे**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



देश के 'फूड बास्केट' के तौर पर प्रसिद्ध यूपी कृषि उत्पादन के साथ ही किसानों की समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार किसानों के सामने मौसमी परिवर्तन के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने और उन तक सरकारी अनुदान, योजनाएं व स्कीमों का लाभ पहुंचाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे 'ई-पड़ताल' की शुरुआत करने जा रही है। खरीफ सीजन में न केवल इस डिजिटल सर्वे के माध्यम से फसलों के निरीक्षण प्रक्रिया की शुरुआत का रास्ता साफ हो गया है, बल्कि रबी-जैद समेत प्रदेश में अन्य डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर रोडमैप का निर्धारण हो चुका है। इस विशिष्ट सर्वे का उद्देश्य राज्य में फसलों से संबंधित डाटा की वास्तविकता का निर्धारण कर एक एकल, सत्यापित स्रोत के रूप में कार्य करते हुए ऐसे इको-सिस्टम व डाटाबेस को विकसित करना है जिससे जरूरत पड़ने पर विभाग आंकड़ों के जरिए रियल टाइम में स्थितियों का आंकलन कर कार्रवाई को अंजाम देने में सक्षम होगा। इस सर्वे में प्रदेश के 75 जिलों के 350 तहसीलों में 31002 लेखपाल के अधीन क्षेत्रों के 35983 ई पड़ताल क्लस्टर्स के डाटा को समावेशित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक क्लस्टर्स में फसलों की स्थिति, उनकी तस्वीरों और अन्य संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। सर्वे में फसलों से जुड़े आंकड़ों के संकलन के पूरा हो जाने पर यह डाटाबेस के तौर पर उनकी स्थिति का एक विस्तृत ब्योरा पेश करने में सक्षम होगा। इसके आधार पर विभागों द्वारा किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने, फसलों के मूल्य के निर्धारण में मदद समेत कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल, प्रदेश में खरीफ सीजन की शुरुआत 15 जून से हो चुकी है, ऐसे में खरीफ सीजन के लिए सर्वे की तैयारी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि 10 अगस्त से 25 सितंबर के मध्य खरीफसीजन में सर्वे को अंजाम दिया जाएगा। रबी सीजन के लिए 1 जनवरी से 15 फरवरी और जैद सीजन में सर्वे के लिए 1 मई से 31 मई के बीच की समयावधि तय की गई है। वहीं, जरूरत पड़ने पर अक्टूबर के महीने में एक अन्य स्पेशल सर्वे को भी अंजाम दिया जा सकता है। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए प्रत्येक जिलों में डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स और तहसील स्तर पर तहसील मास्टर ट्रेनर्स का निर्धारण कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें लखनऊ स्थित कृषि भवन में तीन दिन की कार्यशाला में संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं, सर्वेयर्स, सुपरवाइजर्स व वेरिफायर्स को भी ट्रेंड किया जाएगा। लखनऊ मंडल के संबंधित सर्वेयर्स, सुपरवाइजर्स व वेरिफायर्स को लोकभवन में ट्रेनिंग दी जाएगी जबकि अन्य जिलों के संबंधित सर्वेयर्स, सुपरवाइजर्स व वेरिफायर्स को जिला मुख्यालय पर ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए असिस्टेंट कमिश्नर स्तर के 12 स्टेट मास्टर ट्रेनर्स का निर्धारण कर उन्हें ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया को पूरा भी कर लिया गया है।



राजधानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के बाद किया विरोध-प्रदर्शन

## बीकेटी में 147 लाभार्थियों को बांटे पीवीसी आयुष्मान कार्ड

लखनऊ। बीकेटी क्षेत्र में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण हुआ। शुक्रवार को बीकेटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौराबाग के अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से पहुंचे प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के सदस्यों ने लाभार्थियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरित किया। बख्शी का तालाब खंड विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई कलां में विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुक्रवार दोपहर बाद तक चले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मवाई कला के चयनित 147 लाभार्थियों को विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मवाई कला ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान किरण रावत, बीकेटी इंदौराबाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ जेपी सिंह, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के विवेक चित्रांश, मसर्रत जमा खान, आरोग्य मित्र, पंचायत सहायक एवं आशा बहुओं सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन मवाई कला ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में किया गया। वहीं इस संबंध में डाक्टर जेपी सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है।

## खुद रोड बनाने लगे युवा,नगर निगम में कई बार शिकायत, लेकिन नहीं हुई सुनवाई

लखनऊ । सड़क, गंदगी और जन निकासी से परेशान नीलमथा इलाके के लड़क खुद सड़क सही करने निकल पड़े। शुक्रवार को नीलमथा के सरदार पटेल नगर इलाके के युवाओं ने फावड़ा और बाकी सामान लेकर सड़क सही करने में जुट गए। बताया जा रहा है कि इसके लेकर स्थानीय स्तर पर चंदा एकत्र करने की बात भी सामने आ रही है। दरअसल, नगर निगम से लेकर स्थानीय विधायक और मंत्री तक से शिकायत के बाद काम नहीं हुआ तो बजरंग दल हिन्द के कार्यकर्ताओं ने खुद ही सड़क सही करने का मोर्चा संभाल लिया। दरअसल, यहां सबसे बड़ी समस्या जल निकासी और नाली का है। नाली न होने से पानी सड़क पर ही रहता है। ऐसे में उसको सही करने के लिए कुछ युवाओं ने खुद जिम्मेदारी संभाल ली है।

## खबरें एक नजर में

### गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे पीएम मोदी, राज्यपाल और सीएम योगी ने किया स्वागत

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीएम सिटी गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका भव्य स्वागत किया। आज पीएम विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान वह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री दोपहर में प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मोदी लीला चित्र मंदिर जाएंगे और प्रेस के ट्रस्टियों के साथ फोटो सेशन भी कराएंगे। वह मंच से लोगों को संबोधित करेंगे और चित्रों के साथ शिवपुराण का लोकार्पण भी करेंगे। त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से गीता प्रेस में हर व्यक्ति खुश है और उनकी मौजूदगी से शताब्दी वर्ष समारोह अविस्मरणीय हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, दिल्ली और कुशीनगर रूट पर चलने वाली बसें चंपा देवी पार्क से संचालित की जाएंगी। सोनौली रूट, बरगदवा और महराजगंज रूट की बसें मेडिकल कॉलेज के पास रुकेंगी। इस दौरान ऑटो और ई-रिक्शा की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। प्रधानमंत्री शुक्रवार को ही गोरखपुर रेलवे स्टेशन से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर वह गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपराह्न करीब तीन बजकर 40 मिनट पर गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस और जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### जुमे की नमाज, खालिद रशीद फिरंगी महली बोले यूसीसी का विरोध करें, आयोग को सुझाव भेजें

लखनऊ । लखनऊ के ऐशबाग में की ईदगाह में आज जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने विधि आयोग की रिपोर्ट पर अपनी राय देने और यूसीसी का विरोध करने को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईदगाह के अंदर क्यूआर कोड लगाया गया है। इसके जरिए विधि आयोग को अपनी राय भेजें। साथ ही ईदगाह परिसर के अंदर ईमेल आईडी और हेल्पडेस्क की सहायता से 20 लोगों को अपनी राय देने को कहा जा रहा है। खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड की मुल्क में कोई जरूरत नहीं है। इसका मसला सिर्फमुस्लिम का नहीं, बल्कि कई और कम्यूनिटीज का है। 5 साल पहले भी इसपर चर्चा हुई थी, जिस पर 21 वें लॉ कमीशन ने कहा था कि मुल्क को इसकी जरूरत नही है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी एक लेटर जारी किया है जिसमें लोगों से उनकी राय मांगी गई है। कहा गया है की यूसीसी का सभी लोग विरोध करें।

### साधु संतों की संगत भी जीवन को पवित्र बनाती है

**लखनऊ** । श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर चारबाग में शुक्रवार को प्रवचन में आचार्य श्री विशद सागर महाराज ने कहा कि जीवन में पवित्रता के लिए आंखों की पवित्रता जरुरी है। जैसे दृश्य देखते हैं हमारा मन भी उससे प्रभावित होता है। टीवी व मोबाइल पर वीभत्स दृश्य देख युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है। महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं। आचार्य श्री धर्मसभा में प्रवचन करते हुए कहा कि जीवन में पवित्रता लाने के लिए हमें आहार सात्विक व सादा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधु संतों के जीवन में टीवी, मोबाइल नहीं होता, आहार नियंत्रित व सादा होता है। इससे जीवन में पवित्रता बनी रहती है। साधु संतों की संगत भी जीवन को पवित्र बनाती है। जिस प्रकार इत्र की दुकान पर कोई खरीदे या न खरीदे उसकी सुगंध सर्वत्र रहती है उसी प्रकार साधु की संगत से ही जीवन में पवित्रता की सुगंध आ ही जाती है। इस मौके पर संजीव जैन, विकास जैन , आनंद जैन, विजय जैन, सुनील जैन, प्रवेश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे।

### अमेठी मे पुलिस चौकी भाले सुल्तान शहीद स्मारक को बनाया जायेगा थाना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद अमेठी मे थाना जगदीशपुर के अन्तर्गत अस्थायी पुलिस चौकी भाले सुल्तान शहीद स्मारक को थाना बनाये जाने के लिये गये निर्णय के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने बताया कि यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस नवीन पुलिस थाने की स्थापना एवं क्रियाशीलता मे आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। नवीन पुलिस थाने में जनशक्ति,पदों के सृजन आदि के संबंध में आदेश पृथक से नियमानुसार कार्यवाही कर निर्गत किये जायेगें। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

### 11 जुलाई को मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस

लखनऊ । लखनऊ में 27 जून से दंपति संपर्क पखवारा शुरू हो गया है। जो कि 10 जुलाई तक चलेगा। इस दंपति संपर्क पखवारे के दौरान आशा कार्यकर्ता अपने-अपने कार्य क्षेत्र की आबादी में योग्य दंपति यानि जिनको परिवार नियोजन के बारे में परामर्श की आवश्यकता है, को चिन्हित करने का काम कर रही हैं ।यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया हर साल की भांति इस साल भी 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस आजादी के अमृत महोत्सव में हम लें ये संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प के साथ थीम के साथ मनाया जाएगा।

# महिला सम्मान बचत पत्र में यूपी में वाराणसी अव्वल

**7 हजार महिलाओं ने किया 40 करोड़ रूपये से ज्यादा का निवेश**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आजादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ श्महिला सम्मान बचत पत्र को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है।

गत 1 अप्रैल से आरंभ इस योजना में पूरे उत्तर प्रदेश में तीन माह में लगभग 29 हजार महिलाओं ने 3 अरब रूपये से ज्यादा का निवेश किया है। इसमें भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अवस्थित वाराणसी परिक्षेत्र में सर्वाधिक 7,065 महिलाओं ने निवेश कर रिकॉर्ड बनाया है। वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में महिला सम्मान बचत पत्र वितरित करते हुए पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में महिला सम्मान बचत पत्र में 7,065 महिलाओं ने 40.51 करोड़ रूपये से ज्यादा का निवेश किया है। महिला सम्मान बचत पत्र नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दो साल की अवधि की यह योजना लचीले निवेश और आंशिक निकासी के विकल्पों के साथ दो लाख रुपये की अधिकतम सीमा के साथ त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज 7.5 प्रतिशत का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती है। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक दो साल की अवधि के लिए वैध है। इसमें न्यूनतम 1,000 रूपये व अधिकतम 2 लाख रूपये का निवेश किया जा सकता है। यह खाता एकल होगा तथा 3-3 माह के अंतराल पर कई खाते खोले जा सकते हैं परन्तु सभी खातों में जमाराशि मिलाकर रुपये 2 लाख से अधिक नहीं होगी।

खाते में जमा रकम पर 7.5 फीसदी की दर से चक्रवृद्धि ब्याज देय है जो प्रत्येक तिमाही पर खाते में जमा कर दिया जाएगा। खाताधारक 1 वर्ष के पश्चात जमा राशि का अधिकतम 40 फीसदी तक भुगतान प्राप्त कर सकती हैं तथा 6 माह बाद आवश्यकता होने पर समय से पूर्व भी भुगतान प्राप्त किया जा सकता है जिस पर 5.5 फीसदी की दर से ब्याज दिया जाएगा।

# बीजेपी की खिलाफ सपा का बूथ जीतने का प्लान

**संगठन मजबूत करने पर जोर, 18 प्रकोष्ठ ऐलान के साथ 2024 चुनाव पर नजर**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

सपा संगठन को मजबूत करने के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के समर में उतर रही है। सपा के 18 प्रकोष्ठ के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का ऐलान किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी सपा लगाकार एनडीए गंठबंधन पर सवाल उठा रही है। समाजवादी पार्टी के कुल 18 प्रकोष्ठ हैं। इनमें समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्र सभा, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड, समाजवादी व्यापार सभा, समाजवादी महिला सभा, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, समाजवादी अधिवक्ता सभा, समाजवादी प्रबुद्ध सभा, समाजवादी मजदूर सभा, समाजवादी शिक्षक सभा, समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अंबेडकर वाहिनी प्रकोष्ठ, समाजवादी जनजाति प्रकोष्ठ, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, समाजवादी चिकित्सक प्रकोष्ठ और समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ हैं। इनमें राज्य स्तर पर अध्यक्ष के अतिरिक्त दो उपाध्यक्ष, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष और 12 सचिव होते हैं। कुल पदाधिकारियों की संख्या 51 होती है। वहीं, जिले और उसके नीचे के स्तर पर अध्यक्ष सहित कुल 31 सदस्य प्रकोष्ठ में होते हैं। यूपी की 80 सीटों के लिए समाजवादी पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारघ्यिां शुरु कर दी हैं। सपा प्रमुख अखिलेश ने चुनाव की रणनीति तय करने के साथ ही संगठन के ढांचे को मजबूत करने के लिए लखनऊ में बैठक बुलाई है। पार्टी का फोकस संगठन ढांचे को मजबूत करने की कवायद के साथ पार्टी ने बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की नियुक्ति का अभियान चला रखा है। सपा के फ्रंटल संगठनों समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्र सभा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक सभा, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के बड़े नेता यात्राएं निकाल रहे हैं। इनका मकसद सभी जिलों में नौजवानों को पार्टी से जोड़ना और बेरोजगारी-महंगाई समेत कई मुद्दों के जरिए बीजेपी सरकार को घेरना है। फ्रंटल संगठन के अलग-अलग नेता 8 दिन-8 दिन की यात्राएं निकाल रहे हैं। इन 8 दिनों में वह गांवों-गांवों में चौपाल कर रहे हैं। इसके साथ ही अपने फ्रंटल संगठन के कार्यकारिणी को मजबूत करने की कोशिश भी कर रहे हैं।

# किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं, होगा निदान: योगी

**सीएम का लगा जनता दरबार, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का फरमान**

समृद्धि न्यूज लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शुक्रवार को गोरखपुर के गोरक्षनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने अधिकारियों को इन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निवारण करने का निर्देश दिया। सीएम ने अधिकारियों से कहा, हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोरक्षनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। योगी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है और हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को सौंपते हुए जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए। योगी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज संबंधी खर्च की कागजी कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी करते हुए इसे जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए आवश्यक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# वन महोत्सव सप्ताह के दौरान लखनऊ विवि में वृहत वृक्षारोपण अभियान

समृद्धि न्यूज लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय के भूमि एवं उद्यान विभाग एवं 63 यूपी बीएन नेशनल कैडेट कोर एनसीसी ने साथ मिलकर वन महोत्सव सप्ताह के दौरान वृहत वृक्षारोपण अभियान चलाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने शिक्षकों छात्रों व विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन, प्रो एसएन पांडेय अधीक्षक भूमि एवं उद्यान विभाग, मेजर डॉ किरण डंगवाल एवं डॉ अलका मिश्रा, खगोल विज्ञान विभाग ने टैगोर लान मैं वृक्षारोपण का समन्वय किया विशिष्ट उपस्थित लोगों में कर्नल हर्ष कुमार झा, प्रो पूनम टंडन, डॉ रजनीश यादव, डॉ ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री कर्मचारी व छात्र वृक्षारोपण कार्यक्रम में परिसर में हरित वातावरण एवं जैव विविधता को बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बने। भूमि एवं उद्यान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सजावटी पौधे (जैसे गुड़हल, गुलाब, बेला, गोल्डन चंपा,इकजोरा), फलदार (जैसे अमरूद,आम) एवं औषधीय पौधे (जैसे तुलसी, एलोवेरा, लेमन ,ग्रास, गिलोय, अश्वगंधा, सदाबहार आदि) पौधों का रोपण कार्य किया गया। 63 यूपी बीएन एनसीसी कैडेट शिक्षक छात्र व कर्मचारियों को औषधीय गुणों वाले पौधों का वितरण भी किया गया। सभी ने अपनी भागीदारी उत्साह पूर्वक किया। इस पूरे जुलाई माह में विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में अनेक तरह के टिंबर,फलदार, सजावटी व औषधीय लगभग 11000 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके तहत एक औषधि उद्यान भी विकसित किया जा रहा है। अलग-अलग पार्कों में विशिष्ट पौधों को सुनियोजित ढंग से लगाया जाएगा और उनकी देखरेख एवं सुरक्षा भूमि एवं उद्यान विभाग की टीम करेगी। पूरे विश्व विद्यालय परिसर को सुंदर स्वच्छ एवं हरा भरा बनाया एवं सजाया जाएगा।

# पर्यावरण में अहम भूमिका निभाने वाले वृक्षों का रोपण

समृद्धि न्यूज लखनऊ

प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और वृक्षारोपण अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन द्वारा आज मान्यवर काशीराम जी सांस्कृतिक स्थल, स्मारक समिति निकट स्मृति उपवन में पर्यावरण में अहम भूमिका निभाने वाले वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन एवं मान्यवर काशीराम जी सांस्कृतिक स्थल, स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों का लोगों द्वारा काफी सराहना की गयी। संस्था का उद्देश्य आम जनता के बीच वृक्षारोपण को बढ़ाये जाने के प्रति जागरूकता और उनमें लगाव उत्पन्न करना है। इसके माध्यम से ही आने वाली पीढ़ी को दूषित पर्यावरण, बाढ़ की विभीषिका, सूखा आदि से बचाते हुए स्वच्छ हवा, पानी आदि उपलब्ध कराया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन के सचिव आदित्य चौधरी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय दीपक सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद, उ0प्र (सभापति, विनियमन समीक्षा समिति) उ0प्र विधान परिषद, लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि हरीश कुमार, (आई.पी.एस, से.नि) पूर्व डी.आई.जी-उ0प्र पुलिस एवं रविकांत चौधरी, मुख्य व्यवस्था अधिकारी, से.नि-राज्य संपत्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन सहित राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार,अनीता चौधरी, अध्यक्ष ऑलमाइटी शिवा असोसिएशन, एन.जी.ओ, बाबू लाल वर्मा, (आई.ई.एस) उप आर्थिक सलाहकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय-भारत सरकार व एन.के निंबेकर, कंपनी कमांडेंट ,से.नि. - रेलवे सुरक्षा बल, मान्यवर काशीराम जी सांस्कृतिक स्थल, स्मारक समिति पार्क के प्रबन्धक अभिनव सिंह, नेहा भदौरिया, अनिल सिंह, जावेद खान, मिति रानी टंडन, रविकांत पाण्डेय, जे0बी0 दुर्गापाल से.नि. वरिष्ठ डाक अधीक्षक, श्री आनंद सिंह, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष गुप्ता, कर्मवीर सिंह, मदन जोशी, राहुल यादव, अमन पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री दीपक सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद, उ0प्र (सभापति, विनियमन समीक्षा समिति) उ0प्र विधान परिषद ने वृक्षारोपण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा संस्था के इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

# अंसल ने बेच दी नगर निगम की 223 बीघा जमीन

**एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा, बिल्डर समेत अन्य के खिलाफ मुकदमें की तैयारी**

समृद्धि न्यूज लखनऊ

नगर निगम में एक बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। नगर निगम की करीब 223 बीघा जमीन जिसकी मार्केट में कीमत करीब 30 करोड़ रुपए है बेच दी है। आरोप है कि यह खेल अंसल एपीआई बिल्डर ने किया है। एसडीएम सरोजनी नगर की जांच में यह मामला खुला है। अब बिल्डर और मामले में शामिल लोगों के खिलाफनगर निगम मुकदमा दर्ज कराने की बात कर रहा है। यहां तक की इस जमीन पर अब मकान , कोठी और बाकी निर्माण हो चुका है। सरोजनीनगर के एसडीएम सिद्धार्थ ने इसको लेकर नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करा उसे खाली कराने को कहा गया है। हालांकि अब यह काम बहुत मुश्किल है। ऐसे में नगर आयुक्त ने अंसल एपीआई को पत्र लिख इसके बदले दूसरी जगह इतनी ही जमीन देने को कहा गया है। नगर निगम ने बिल्डर को एक महीने का समय दिया है। बताया गया है कि अगर एक महीने में बिल्डर ने उतनी जमीन नगर निगम को नहीं दी तो बाकी निर्माण ध्वस्त करा कर जमीन ले लिया जाएगा। उसमें जो खर्च आएगा उसका भुगतान भी बिल्डर को ही करना होगा।आरोप है कि अंसल एपीआई बिल्डर ने अपनी सुशांत गोल्फसिटी योजना में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर लोगों को बेच दिया। इस पर हजारों लोगों के मकान, अपार्टमेंट और बंगले बन गए हैं। बताया जा रहा है कि कमिश्नर के यहां इसकी शिकायत आई थी। उसके बाद उन्होंने इसकी जांच एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल को दिया था। वहां से जांच में खुलासा हुआ। उसमें पता चला कि तालाब की जमीन को भी बिल्डर की तरफसे बेचा गया है। उसके अलावा बंजर और उसर जमीन भी बेची गई है। सरोजनीनगर एसडीएम सिद्धार्थ ने 17 जून को पत्र लिखा था। इसमें नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीएम सूर्यपाल गंगवार, कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब तथा अपर आयुक्त न्यायिक को मामले की जानकारी दी गई थी। इसमें पूरी जांच रिपोर्ट भेजी गई है।





# मुख्य सचिव ने जनपद अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्म-भूमि मंदिर जनवरी, 2024 से भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा, जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लाखों की वृद्धि होगी। हमारी यह जिम्मेदारी है कि देश-विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, वह यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। अधिक से अधिक परियोजनाओं के कार्यों को जनवरी, 2024 से पूर्व पूर्ण कराने के प्रयास सुनिश्चित किये जाये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने, परिवहन, पार्किंग, शौचालय, फूडकोर्ट आदि की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। सुलभ शौचालय के ब्लॉक्स बनवाए जाएं। होटल, रेस्टोरेंट आदि की रैंकिंग की जाए। खराब रैंकिंग वाले प्रतिष्ठानों को अवस्थापना सुविधाओं और सर्विसेज को बेहतर बनाने के लिए कहा जाए। प्रतिष्ठानों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने के लिए अच्छा कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों को 27 सितम्बर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस पर पुरस्कृत किया जाए। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए होटल, डारमेट्री, धर्मशाला आदि बढ़ाने के लिए कार्य किया जाए। उपलब्ध होटल की मैपिंग करायी जाए।उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परियोजनाओं में अयोध्या की ब्राडिंग करते हुये अयोध्या की भावना को विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अयोध्या में संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का फोटोग्राफ अयोध्या के लोगो की ब्रांडिंग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों एवं सरकारी परियोजनाओं में अयोध्या की ब्राडिंग की जाये। शहर के सौन्दर्यीकरण कार्यों में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि पार्किंग को स्मार्ट पार्किंग बनाया जाए, जिससे लोगों को खाली पार्किंग स्थान की जानकारी ऑनलाइन हो सके। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हाईवे पर 6 प्रवेश द्वार प्रस्तावित किए गए हैं, इनमें से 2 प्रवेश द्वार का कार्य दिसंबर, 2023 तक पूर्ण कराने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। अयोध्या में टेन्ट सिटी को विकसित करने तथा रामपथ, भक्तिपथ एवं श्री राम जन्म भूमि पथ का फसाड सौंदर्यीकरण की कार्यवाही में तेजी लायी जाये। बैठक में मण्डलायुक्त अयोध्या ने बताया कि परियोजनाओं का कार्यान्वयन 8 परिकल्पनाओं-सांस्कृतिक, आयुष्मान, सक्षम, स्वच्छ, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक अयोध्या के अनुसार किया जा रहा है। अयोध्या में 30,923 करोड़ रुपये की 263 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि राम पथ, भक्ति पथ, श्री राम जन्मभूमि पथ, ग्रीन फील्ड टाउनशिप के विकास का कार्य प्रगति पर है। अयोध्या बसखारी मार्ग 4 लेन मार्ग का निर्माण 72 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अयोध्या सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग से एयरपोर्ट तक फोर लेन सड़क का नवनिर्माण 98 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौनेज चार लेन में चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण के लिये भूमि अर्जन व निविदा आमंत्रण की की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, बिल्डिंग के कार्य की भौतिक प्रगति 69 प्रतिशत है। अयोध्या स्टेशन का विकास कार्य प्रगति पर है। स्टेशन पर अधिक वॉशरूम्स, लान्जेज, डॉरमेटरीज तथा टिकट काउण्टर की सुविधा से युक्त नए स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

एन0एच027 बाईपास से निकलकर महोबर बाजार होते हुये रेलसम्पार संख्या-111बी, बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग सं0-112, अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग, सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार सं0-105 व अयोध्या-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार सं0-118ए (फतेहगंज) पर उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है, आगामी 30 नवम्बर, 2023 तक पांचों उपरिगामी सेतुओं का निर्माण पूरा हो जायेगा। टेढ़ी बाजार चौराहा (पूर्वी) वाहन पार्किंग एवं दुकानों के निर्माण का कार्य 98 प्रतिशत तथा टेढ़ी बाजार चौराहा (पश्चिम) में 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कौशलेश कुंज में वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

इसी प्रकार जलकल अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत, कलेक्ट्रेट के निकट स्मार्ट पार्किंग का निर्माण कार्य 78 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मोटो जीपी रेस के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में मोटो जीपी रेस के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि भारत में पहली बार मोटो जीपी रेस 22 सितम्बर से 24 सितम्बर, 2023 तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में प्रस्तावित है। इस आयोजन की 195 देशों में लाइव स्ट्रीमिंग होगी। यह आयोजन विश्वस्तर पर उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये आयोजकों के साथ समन्वय करते हुये सभी तैयारियों को समय से पूरा कराया जाये। उन्होंने कहा कि मोटो जीपी रेस के दौरान ट्रैक के किनारों पर यूपी की ब्रांडिंग की जाये। आयोजन के दौरान प्रदेश की कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाये।



## सपा कार्यकर्ता एक दूसरे का सम्मान करें: अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव जीतना बहुत आवश्यक है,जिसके लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर पर प्रयास करना होगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा से चुनाव में लग जाए तो कोई मुकाबले में नहीं होगा। सपा प्रमुख ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे का सम्मान करें और जनता के सुख दुख में शामिल रहे।


## खबरें एक नजर में

### एकेटीयू सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का 6वां स्थापना दिवस

लखनऊ। एकेटीयू यानी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का 6वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को राइजिंग डे के रूप में मनाया गया। इस दौरान संस्थान के 6 सालों की विकास यात्रा पर चर्चा की गयी। इन 6 सालों में हुए शोध, इनोवेशन, पेटेंट सहित अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर कुलपति प्रो.जेपी पाण्डेय ने कहा कि यह संस्थान इंजीनियरिंग के उभरते नये क्षेत्रों में छात्रों को न केवल दक्ष बना रहा है बल्कि नई तकनीक, नवाचार,उद्यमिता, शोध के जरिये अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है। संस्थान ने पिछले कुछ सालों में कई मील के पत्थर स्थापित किये। लेकिन सबसे जरूरी है यहां होने वाले शोध का समाज के उत्थान में योगदान का। शोध, नवाचार और रिसर्च पेपर के जरिये समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचकर समस्याओं का निदान करना होगा। कुलपति प्रो.मनीष गौड़ ने संस्थान की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब इस संस्थान को बनाने का विचार बना तब इसके पाठ्यक्रम को तय करने के लिए देश भर के कई बड़े संस्थानों का दौरा किया गया। काफी मंथन के बाद नई तकनीकी पढ़ाने पर सहमति बनी। शुरूआत में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। एक क्लासरूम से शुरू हुआ यह संस्थान आज अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। लेकिन हमें यहीं नहीं रूकना है। आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा संस्थान छोडकर जाना है जो हम पर गर्व कर सकें। संस्थान के निदेशक प्रो.विरेंद्र पाठक ने सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के 6 सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान अब तक की उपलब्धियों शोध, नवाचार, पेटेंट आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। संस्थान में जहां नई तकनीक की बारिकियों से छात्रों को दक्ष बनाया जा रहा है तो वहीं, समय-समय पर कार्यशाला, प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जा रहा है। संस्थान कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, मेकाट्रॉनिक्स, नैनो प्रौद्योगिकी, विनिर्माण प्रौद्योगिकी एवं स्वचलन में एमटेक और पीएचडी कराता है। इस मौके पर संस्थान की वार्षिक पत्रिका अग्रगमन का विमोचन किया गया। यह पत्रिका संस्थान के एक साल की गतिविधियों, उपलब्धियों को समेटे है। इसके बाद संस्थान पर आधारित एक वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मंजरी शुक्ला ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ.गोपाल ने दिया। इस मौके पर डॉ. एवी उल्लास, डॉ.सौरभ मिश्रा, डॉ.रबेश, डॉ.जागृति सिंह, डॉ. चंद्रेश रस्तोगी, डॉ.ज्ञानप्रकाश मौर्य, गौरव राय, दिव्यांशु चौहान, अनुराग चौबे सहित छात्र-छात्राएं और अन्य लोग मौजूद रहे।

### लखनऊ में सारेगामापा के ऑडिशन 13 जुलाई को

लखनऊ। सारेगामापा लिटिल चैंप्स की सफलता के बाद अब जी टीवी का आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा जल्द ही शुरु होने जा रहा है। सारेगामापा 2023 के ऑन-ग्राउंड ऑडिशंस गुरुवार, 13 जुलाई को लखनऊ में होंगे। ऑडिशंस में 15 साल या इससे ज्यादा की उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन ऑडिशंस पहले ही शुरू हो चुके हैं और इसके लिये प्रतिभागियों को सिर्फ जी5 ऐप डाउनलोड करके संबंधित बैनर पर क्लिक करके अपनी एंट्री भेजनी होगी। ऑडिशन 13 जुलाई को सुबह आठ बजे से सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल, के-1 ब्लॉक, आशियाना, खजाना मार्केट के पास, लखनऊ में होगा। उभरते सिंगर्स के लिए एक और खास खबर यह है कि सिंगिंग रियलिटी टेलीविजन के इतिहास में पहली बार जी टीवी इस सीजन के कंटेस्टेंट्स को चुनने की प्रक्रिया में दर्शकों को भी शामिल कर रहा है। दर्शकों को रॉ टैलेंट की खोज करने और उन्हें सारेगामापा में हिस्सा लेने का मौका देने के लिए चौनल से उन कंटेस्टेंट्स की सिफारिश करने का विशेष अधिकार दे रहा है। इसमें हर 'सिंगर ऑफ द वीक' को जी म्यूजिक कंपनी के साथ मिलकर अपना खुद का ओरिजिनल गाना रिलीज करने का सुनहरा मौका मिलेगा। सिर्फ इतना ही नहीं, जी टीवी इस शो के साथ पहली बार पेपरलैस प्रक्रिया अपनाकर एक अभूतपूर्व कोशिश करने जा रहा है। इस साल ऑडिशंस में और पूरे शो के दौरान पेपर का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, जो कि रियलिटी टेलीविजन के इतिहास में इस चौनल द्वारा उठाया गया अपनी तरह का पहला, जिम्मेदार और इको-फ्रेंडली कदम है।




### नगर निगम और आईआईएम-इंदौर के मध्य समझौता

लखनऊ, । नगर निगम लखनऊ और भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर के मध्य विशेष सहयोग के दृष्टिगत समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है। यह एमओयू उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्कृष्टता संस्थान के रूप में स्थापित भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर और नगर निगम लखनऊ के मध्य किया गया है। कुल मिलाकर शहर को स्वच्छता में और अच्छे प्रदर्शन के लिए नगर निगम ने एक और कदम आगें बढ़ाया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त ओर महापौर उपस्थित थे। एम.ओ.यू. हुए समझौते में आईआईएम इंदौर द्वारा स्थापित स्वच्छता उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से नगर निगम के नगरसेवकों और अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण,क्षमता-निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगा। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) पहल के अनुसार सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) के कार्यान्वयन के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करायेगा। आईआईएम इंदौर द्वारा खरीद और परियोजना प्रबंधन पर अधिकारियों की क्षमता का निर्माण करायेगा।स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिए परामर्श और सहयोग प्रदान करायेगा।




## नगर आयुक्त ने किया नालों व पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर का वृहद रूप से निरीक्षण किया गया। इससे पूर्व किये गए निरीक्षण में दिए गए निर्देशों की जांच कर पुनः निरीक्षण किये गए स्थानों का भृमण किया गया।आज मौलवी गंज वार्ड के गौस नगर नाले, वजीरगंज बाढ़ पंपिंग स्टेशन, रिवर बैंक कॉलोनी, कुर्सी रोड स्थिति नाले एवं जानकीपुरम बाढ़ पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में पार्षद मुकेश सिंह उर्फ मोंटी, चीफ इंजीनियार सिविलमहेश वर्मा, चीफ इंजीनियर आर.आर. संजय कटियार, जोनल अधिकारी जोन 01 सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। नगर आयुक्त जोन 01 के मौलवीगंज वार्ड अंतर्गत गौस नगर नाले का निरीक्षण किया गया, जहां नाले का पानी ओवरफ्लो होता पाया गया। जिसके लिए बंधा लगा कर नाले की सफाई कराने के निर्देश नगर अभियंता को दिए गए। साथ ही नाले में ओवरफ्लो के कारण गलियों में जल भराव के निस्तारण हेतु पंप व सुपर सकर मशीन लगा कर पानी निकालने के निर्देश नगर अभियंता को दिए गए।इस समस्या के अस्थाई निस्तारण के बाद स्थाई रूप से नाले को विकसित करने हेतु नाले का आगड़न तैयार कर प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए जिससे कि समस्या को पूर्ण रूप से निस्तारित कर स्थानीय लोगों को सहूलियत प्रदान की जा सके। नाले की साफ-सफाई व्यवस्था बरकार रखने के लिए नाले की निगरानी कर वहां की स्थिति का आंकलन कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश जोनल अधिकारी जोन 01 को दिए गए। वहीं नाले में थोड़ी दूरी पर निरीक्षण करने पर सिल्ट के कारण जल प्रवाह अवरुद्ध होता पाया गया।जिसे टीएमएस मशीन के माध्यम से साफ करवाये जाने हेतु चीफ इंजिनियार विद्युत यांत्रिक को निर्देशित किया गया।साथ ही सिल्ट उठान के बाद उसे शिवरी कूड़ा प्रसंस्करण स्थल यक पहुंचाए जाने के निर्देश जोनल अधिकारी व जोनल सेनेटरी अधिकारी को दिए गए। साथ ही स्थानीय मा. पार्षद भी नाला सफाई इत्यादि कार्यों की निगरानी करने के लिए अधिकृत होंगे। रिवर बैंक कोलोनी से आ रही जल भराव की समस्याओं का जायजा लेने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां नाला सफाई के कार्यों में लापरवाही बरतने वाली कंपनी मेसर्स अमन के ऊपर कार्यवाही के फलस्वरूप एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए।साथ ही नाले की तत्काल प्रभाव से साफ सफाई करवा कर जल निकासी की उचित व्यवस्था को अमल में लाये जाने हेतु निर्देशित कर जल भराव की समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। वजीरगंज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया। जहां तीन पंप में से एक पम्प की मरम्मत का कार्य चलता पाया गया।जिसे जल्द से जल्द दुरुस्त करवा कर शुरू करवाये जाने के निर्देश दिए गए।

### गन्ना विकास मंत्री ने की समीक्षा बैठक

## अवैध गन्ना खरीद एवं घटतौली पर लगायें अंकुश: लक्ष्मी नारायण

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में लाल बहादुर शास्त्री, गन्ना किसान संस्थान के सभागार में समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार एवं प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग वीना कुमारी के साथ गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह भी उपस्थित रहे।गन्ना विकास मंत्री द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में वित्तीय लक्ष्य एवं पूर्ति, महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन, सीडलिंग उत्पादनध् वितरण, लम्बित गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति, नई खाण्डसारी इकाईयों की स्थापना एवं संचालन, वर्ष 2023-24 में प्राप्त बजट के व्यय की स्थिति एवं गन्ना सर्वेक्षण तथा गन्ना मूल्य भुगतान आदि बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।समीक्षा बैठक में मंत्री द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले विभिन्न संवर्गो के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि जिला योजना के अन्तर्गत भौतिक लक्ष्यों के साथ-साथ वित्तीय लक्ष्य पूर्ति भी समय से होनी चाहिए। उन्होंनें महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं सीडलिंग उत्पादन तथा वितरण के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। लाइसेन्स प्राप्त बन्द खाण्डसारी इकाइयों का शीघ्र संचालन शुरू कराया जाये। उन्होंने शासकीय बजट के व्यय एवं सदुपयोग करने हेतु भी निर्देश दिये। गन्ना मंत्री द्वारा अवैध गन्ना खरीद एवं घटतौली पर अंकुश लगाने के निर्देश भी दिये गये।समीक्षा बैठक के दौरान गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों की सूची क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाये, जिससे सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यो का प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र के संबंध में सूचनाओं से अद्यतन रहने हेतु भी निर्देशित किया।



## अभियान चलाकर हटाई अवैध झुग्गियॉ अस्थाई अतिक्रमण हटाए

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

शहर में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर व्याप्त अतिक्रमण को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया जा रहा है।साथ ही अभियान से पूर्व अतिक्रमण कर्ताओं को सूचित भी किया जा रहा है। आज के अभियान में कई अवैध झुग्गियों सहित 25 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। जोन-2-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड राजाजीपुरम में ई.ब्लॉक मार्केट में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग से 10 से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटायें गये।जोन-3-क्षेत्रान्तर्गत गुडम्बा थान से आगे सेण्ट मैरी अस्पताल के पहले मीट की दुकाने, झोपणपट्टी व विष्णुपुरी कॉलोनी के सामने मेडिकल स्टोर व बिजली की दुकान के सामने से एक मूर्ति आदि की दुकान हटायी गयी तथा 13 सामान जब्त किया गया। जोन-4-क्षेत्रान्तर्गत कमता चौराहा रोड के आस-पास व आरआर बन्धे से नवनीत राय द्वार हनुमान सेतु आईटी चौराहे के रास्ते फैजाबाद रोड़ गली न.-1 से 8 तक एंव समता मूलक चौराहा होते हुए 1090 चौराहा (दोनो पटरी) तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया।अभियान में 1 गुमटी, 3 ठेला, 2 बड़े काउण्टर, 1 बेंच, व अन्य समान को जब्त किया गया। जोन-7- क्षेत्रान्तर्गत सिटी क्लब कुर्सी रोड से टेढी पुलिया चौराहा तक व आस-पास के क्षेत्र में अभियान चलाया चलाया गया। जिसमें 15 अस्थायी दुकानों, गुमटी ध् ठेलों को एवं 15 अवैध प्रचार सामग्री को हटवाया गया तथा 02 टंकी को जब्त किया गया साथ ही पुनः अतिक्रमण न करने हेतु सचेत किया गया।जोन-8-क्षेत्रान्तर्गत पावर हाउस चौराहे के आस-पास अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 02 ठेला, 01 काउन्टर व 05 सेलैण्डर जब्त करने के साथ एक ट्रक सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान गंदगी करने वालो से 1500रूपये का शमन शुल्क, जुर्माना वसूल किया गया।

# विवाद के बाद गला दबाकर प्रेमी ने मार डाला था

## लिव-इन पार्टनर की हत्या का खुलासा, पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

- साउथ जोन के गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवलर गांव में एक महिला का शव उसी के घर में मिला था। मृतका के बेटे ने गोसाईंगंज कोतवाली में मां के प्रेमी नीरज रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था

गोसाईंगंज इलाके में संदिग्ध परिस्थिति में हुई महिला की मौत के मामले का लखनऊ पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक महिला के लिव-इन पार्टनर ने गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। लखनऊ के साउथ जोन के गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवलर गांव में एक महिला का शव उसी के घर में मिला था। मृतका के बेटे ने गोसाईंगंज कोतवाली में मां के प्रेमी नीरज रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बेटे ने मां के प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि 5 जुलाई को गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवलर गांव में एक महिला की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। महिला के बेटे की तहरीर पर नीरज रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसे गोसाईंगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है कि उसने ही अपने लिव-इन पार्टनर की गला दबाकर हत्या की। मृतका संतोषी रावत के पति की करीब 5 साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद आरोपी और महिला के बीच नजदीकियां बढ़ीं। 5 जुलाई को अनबन होने के बाद आरोपी नीरज ने संतोषी रावत की गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक पति की मौत हो जाने के बाद महिला काफी परेशान रहती थी। बेटी की शादी हो जाने के बाद वह अपने ससुराल चली गई और बेटा नौकरी करने के लिए अहमदाबाद चला गया। इसी बीच मृतका के गांव के रहने वाले नीरज रावत से नजदीकी बढ़ गई। पति की मौत के बाद आरोपी नीरज मृतका के साथ उसी के मकान में रहने लगा था। करीब 2 साल पहले दोनों के बीच में अनबन होने के बाद महिला ने नीरज के खिलाफ गोसाईगंज कोतवाली में छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मुकदमा भी दर्ज करा दिया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन जेल से छूटने के बाद दोनों फिर एक साथ रहने लगे।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधीमंडल ने किया खाद्य आयुक्त से मुलाकात

**लखनऊ** । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में 03 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने आज खाद्य आयुक्त से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर विभागीय समस्याओं पर चर्चा कियास आयुक्त स्तर पर की जाने वाली पदोन्नतियों एवं कर्मचारियों को मिलने वाली एसीपी के संबंध में खाद्य आयुक्त को अवगत कराए जाने पर खाद्य आयुक्त ने अपनी सहमति व्यक्त की, उन्होंने आश्वस्त किया कि आयुक्त स्तर पर लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगास आयुक्त ने कहा कि एसीपी कर्मचारियों का अधिकार है, एसीपी का लाभ पदोन्नति नहीं मिलने की स्थिति में दिए जाने की व्यवस्था के अंतर्गत किया गया है, जे एन तिवारी ने खाद्य आयुक्त को अवगत कराया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष एवं कुछ अन्य पदाधिकारियों का स्थानांतरण विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में हो गया है।

# लोकभवन पहुंची पीसीएस ज्योति मौर्य

## विवादों को लेकर शासन के सामने पेश किए दस्तावेज, मीडिया के सवालों का जवाब दिए बिना लौटीं

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

चर्चित पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या शुक्रवार को लोक भवन पहुंची। उन्होंने उच्च अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब बंद लिफाफे में दिया। इसके बाद कार में बैठकर वापस लौट गई। मीडिया ने जब उनसे सवाल करना चाहा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। शासन की ओर से उनको लेकर चल रहे विवाद और सोशल मीडिया पर वायरल खबरों के संबंध में उनसे जवाब मांगा था। ज्योति मौर्या बरेली में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। पति आलोक मौर्य से आपसी विवाद को लेकर वह इन दिनों चर्चा में हैं। उन्होंने धूमनगंज थाने में पति आलोक, उनके भाइयों और भाभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में ज्योति का बयान दर्ज किया जा चुका है जबकि दूसरे पक्ष से उनके पति और अन्य नामजद लोगों का बयान दर्ज होना है। दोनों के बीच का विवाद सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहा है। लोग तरह-तरह के मीम्स और पोस्ट वायरल कर ज्योति को टारगेट कर रहे हैं। धूमनगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जल्द ही आलोक मौर्य और अन्य नामजद आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। मामले की विवेचना की जा रही है। ज्योति और आलोक की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर बीते कुछ दिनों से वायरल हो रहा है। जिसमें आलोक को ग्राम पंचायत अधिकारी लिखा गया है। ज्योति का आरोप है कि आलोक पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारी हैं, जबकि शादी झूठ बोलकर किया गया। वहीं आलोक के परिजनों का कहना है कि लड़की वालों ने कार्ड में ग्राम पंचायत अधिकारी छपवाया था। लड़के वालों की तरफ से छपवाए गए शादी के कार्ड में सिर्फ आलोक कुमार लिखा था।



# रीजेंसी कानपुर के डॉक्टरों ने बिना हार्ट ट्रांसप्लांट किए ही मरीज़ की बचाई जान

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ/ कानपुर**

गंभीर हार्ट फेलियर से ग्रसित 42 वर्षीय व्यक्ति को रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में डॉक्टरों ने बिना हार्ट ट्रांसप्लांट किए ही नया जीवन दे दिया। इसके लिए डॉक्टरों ने सफल एओर्टिव वाल्व रिप्लेसमेंट किया। बता दें कि मरीज एनवाईएचए क्लास 4 की स्थिति या गंभीर हार्ट फेलियर के साथ-साथ बाइवेंट्रिकुलर फेलियर से ग्रसित था। बाइवेंट्रिकुलर फेलियर में हृदय के दोनों हिस्से प्रभावित होते हैं। व्यक्ति गोरखपुर से कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल में इलाज़ कराने आया था।मरीज के इको स्कैन में गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस, मॉडरेट एओर्टिक रेगुर्जिटेशन, गंभीर माइट्रल रेगुर्जिटेशन, गंभीर ट्राइकसपिड रेगुर्गिटेशन, हृदय के सभी चार चैंबर लेफ्ट वेंट्रिकुलर इजेक्शन फ्रैक्शन से 15 से 20त्न चौड़े दिखाई दिए। मरीज को चिकित्सकीय रूप से कस्टमाइज किया गया और फिर डॉ. सुमित नारंग, एसोसिएट डायरेक्टर सीटीवीएस के नेतृत्व में अनुभवी सर्जनों की एक टीम द्वारा एओर्टिव वाल्व रिप्लेसमेंट किया गया। सफल एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी होने के के बाद मरीज़ की स्थिति ठीक हुई। सर्जरी के 4 दिनों बाद मरीज़ को जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। एक हफ्ते के बाद उन्हे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया। सर्जरी के एक महीने के बाद इको स्कैन कराने पर लेफ्ट वेंट्रिकुलर इजेक्शन फ्रैक्शन लेफ्ट वेंट्रिकुलर इजेक्शन फ्रैक्शन 45त्न दिखा। इसके अलावा हल्का डाइलेटेड बायां वेंट्रिकल (एलवी) था, जिसमें कोई ख़ास एमआर, टीआर नहीं दिखा। इसके अलावा एओर्टिक वाल्व प्रोस्थेसिस सामान्य रूप से काम कर रहा था। मरीज अब एनवाईएचए क्लास द्व कैटेगरी में है और वह अभी चीजें सामान्य रूप से कर रहे हैं। डॉ सुमित नारंग ने इस केस के बारे में बताते हुए कहा, फ्मरीज की हालत बहुत गंभीर थी। वह काफ़ी



# अपनी संतान की तरह वृक्षों की करें देखभाल : मंडलायुक्त

- वन महोत्सव के समापन पर मंडलायुक्त व डीआईजी ने किया पौधारोपण

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।




लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा में एक से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह के समापन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, डीआईजी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष, वनाधिकारी सहित डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सहित अन्य लोग व कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा द्वारा इस अवसर पर दिए गए संबोधन में पर्यावरण संरक्षण का महत्व बखूबी समझाया गया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि वे आने वाली पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं जिससे कि उन्हें पर्यावरण असंतुलन से होने वाले नुकसान को ना झेलना पड़े। उन्होंने कहा सभी लोगों को विशेष अवसर जैसे कि संतान पैदा होने या किसी के बिछड़ने व विवाह आदि जैसे मौकों पर कुछ पेड़ स्मृति चिन्ह के तौर पर अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों के द्वारा जो पेड़ लगाये जायें उसमें से ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को जिंदा रखा जाए।

मंडलायुक्त ने कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वह सभी गांवो व नगर निकायों में कुछ वृक्ष अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल कराएं। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें आश्वासन दिया गया कि वह इस ओर जरूर ध्यान देंगे और वृक्ष लगाएंगे।

इसके बाद मंडलायुक्त डीआईजी सहित अन्य लोगों ने छात्र-छात्राओं को पौधे वितरित किए और कहा कि वह घरों में जाकर पौधों को लगायें और उनकी देखभाल करें।

# शिक्षक की बेटी ने किया कालेज टॉप, जिले का बढ़ाया मान

- होनहार शिवांगी की सफलता पर गुरुजन, परिजन और जनपद वासियों में हर्ष की लहर

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना महीपत पुरवा निवासी संतोष कुमार सिंह की बेटी शिवांगी सिंह ने अपनी एकाग्रता और परिश्रम की बदौलत हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा सर्वोच्च अंको के साथ प्रथम श्रेणी में पास किया। दृढ़ इच्छा शक्ति की धनी शिवांगी ने इण्टरमीडिएट के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय अन्तर्गत ईश्वरशरन डिग्री कालेज में दाखिला लेकर स्नातक की परीक्षा में जहां एक ओर कालेज टॉप किया वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान हासिल कर पूरे कालेज और अपने जिले का नाम रोशन किया है। जिले की होनहार बेटी शिवांगी सिंह की इस सफलता पर उसके गुरुजन,परिजन और जनपद वासियों में हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर शिवांगी के बाबा जगन्नाथ सिंह,राजकिशोर सिंह,राहुल सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह,गौरी शंकर मिश्र,हर्षित सिंह,दिलीप बाबा सहित अन्य कई लोगों ने शिवांगी को शुभकामना और आशीर्वाद देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दे भारत ट्रेन का मनकापुर जंक्शन पर हुआ फूल माला से भव्य स्वागत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज़। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर से चलकर मनकापुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर आते ही फूल माला से बड़े जोरदार स्वागत किया गया साथ ही युवाओं के हाथों में तिरंगा और मोदी मोदी वा जय श्री राम के नारों से मनकापुर जंक्शन गूंज उठा वंदे भारत ट्रेन को लेकर मनकापुर जंक्शन स्टेशन व प्लेटफार्म नंबर 3 को लाइट, व फूल से दुल्हन की तरह सजाया गया था जिससे शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर गोरखपुर से रवाना किया इस अवसर पर मनकापुर जंक्शन पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे प्लेटफार्म नंबर 3 पर सभा का भी आयोजन किया गया एवं रेल विभाग द्वारा व स्काउट गाइड लखनऊ द्वारा स्टेशन पर एक नुक्कड़ सभा का बहुत सुंदर और मनमोहक झांकियों द्वारा जन जागरूकता प्रस्तुत किया गया जनप्रतिनिधि व एनसीसी के बच्चों द्वारा हरी झंडी दिखाकर मनकापुर जंक्शन से अयोध्या के लिए रवाना की गई। इस अवसर पर सभी लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैभव को धन्यवाद दिया

## पूर्व मंत्री ने शहीद अजय प्रताप सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि



कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। देश की सुरक्षा में तैनात शहीद अजय प्रताप सिंह के घर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विदित हो कि तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम छिट्ठापुर निवासी पूर्व विधायक भगेलू सिंह के सुपौत्र सीआरपीएफ जवान अजय प्रताप सिंह विगत 29 जून को ड्यूटी के दौरान श्री नगर में शहीद हो गए थे। दुःख की इस घड़ी में शुक्रवार को पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने शहीद के गांव पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। इस दौरान जयचंद सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,शिवम सिंह,हर्षित सिंह, राहुल सिंह प्रधान,सुनील सिंह,गिरिजा शंकर सिंह, एम0डी0 मौर्य, प्रदीप सैनी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे पूर्व छात्र हमारी धरोहर : अवरीश

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर के सरस्वती सभागार में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आचार्य सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य हो कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विद्यालयों में पूर्व में शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्र-छात्राओं का समूह पूर्व छात्र परिषद के नाम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करता रहा है। जिसके क्रम में विद्यालय परिसर में कार्य कर रहे आचार्यों का शुक्रवार को पूर्व छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने सम्मान करते हुए गुरु पूजन कार्यक्रम संपन्न किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती साकेत संभाग के संभाग निरीक्षक अवरीश कुमार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने विद्यालयों से पढ़कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं पूर्व-छात्र हमारी धरोहर है। उन्होंने पूर्व छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि समय समय पर विद्यालय की गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के नाते उपस्थित हुए एलबीएस महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष उमेश शुक्ला ने अपने छात्र जीवन के विभिन्न पलो की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज समाज में जो कुछ भी हूं वह विद्या मंदिर की ही देन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व छात्र परिषद के मंत्री समाजसेवी अजय सिंह ने कहा कि गुरु परंपरा को बनाए रखना अपने सनातन धर्म की परंपरा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से पढ़कर निकलने वाले भैया बहनों को जोड़ कर रखा जाए और इस विद्यालय की पवित्रता को बनाए रखने के लिए सदैव संकल्पित रहना होगा। प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेंद्र मिश्र ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के मध्य अपनी बात रखते हुए कहा कि आज

विश्व में पहले स्थान पर विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के पूर्व विद्यार्थियों की संख्या पहुंच चुकी है। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद में करीब साढ़े आठ लाख पूर्व विद्यार्थी पंजीकृत है। जो विश्व भर के 67 देशों से परिषद में जुड़े है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व छात्र अमरनाथ गुप्ता अरुण शुक्ला निशू शुक्ला सहित सभी आचार्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रचार प्रमुख आचार्य जितेंद्र पांडे हलचल ने किया अतिथि परिचय संयोजक आचार्य शशि दुबे ने किया कराया।

## खबरें एक नजर में

### भू माफिया कर रहे खलिहान की जमीन पर अवैध निर्माण

गोंडा, समृद्धि न्यूज। प्रकरण पुराना है बड़गांव में चंदू बाबा मंदिर के ठीक सामने का मामला है यहां गाटा नंबर 324 ऑब्लिक 465 जो 12 डिसमिल का रकबा है और खलिहान है इसके 8 डिसमिल पर भू माफिया द्वारा अवैध आवास भी निर्माण करा चुके हैं शेष बचे चार डिसमिल पर अब निर्माण बदस्तूर जारी है एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह के संज्ञान में मामला आने के बाद उनके द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया अवैध निर्माण हो देखें और निर्माण कार्य को देखकर तत्काल प्रभाव से रुकवा दे ऐसे में जब क्षेत्र के माफिया पहले कब्जा कर चुके हैं ऐसे में जब क्षेत्र के लेखपाल राम बहादुर पांडे से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा मामला संज्ञान में आया है तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कराई जाएगी आपको बताते चलें कि अभी कुछ दिन पहले मनकापुर तहसील में एक स्कूल जो चरागाह में बन गया था उसे नवागत जिलाधिकारी नेहा शर्मा के टाइम में ध्वस्त कराया गया है और अब देखना यह है कि खलिहान पर हो चुके निर्माण या हो रहे निर्माण पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है ? फोटो में जो ईटा रखा हुआ है उस जमीन पर निर्माण कार्य चल रहा है बगल में जो मकान बना है वह भी खलिहान में ही बना हुआ है।

### जालसाजों ने कूटरचना कर दूसरे की भूमि का किया बैनामा, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

कटरा बाजार/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर चौकी,कटरा बाजार थाने सहित पुलिस अधीक्षक को दिये गए प्रार्थना पत्र में अभी तक कोई कार्यवाही विपक्षीगणों के विरुद्ध ना होने से मजबूर होकर पीड़ित ने पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना कटरा बाजार अन्तर्गत पहाड़ापुर श्रीराम पुरवा के निवासी ननके ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को दिये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रार्थी बहुत गरीब व असहाय व्यक्ति है। प्रार्थी की भूमिधरी भूमि गाटा संख्या 375/0.1860 हे0 जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/3 भाग 0.62 हे0 होता है। प्रार्थी के माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। विपक्षी विद्याप्रसाद ने गवाहों की मिलीभगत से कूटरचित तरीके से प्रार्थी का हिस्सा उपनिबंधक कार्यालय में रमेश चंद्र पुत्र साधु को बिक्री कर दिया। प्रार्थी को ज़ब इसकी भनक लगी तो उसने तहसील जाकर खतौनी देखा तो उसके होश उड़ गए। उसके बाद प्रार्थी ने घर आकर भाई से बातचीत करना चाहा तो विपक्षी हमलावर हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। प्रार्थी ने इसकी सूचना स्थानीय पहाड़ापुर चौकी,कटरा बाजार थाने सहित पुलिस अधीक्षक को दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही विपक्षीगणों के ऊपर नहीं किया गया। जिससे मजबूर होकर पीड़ित ने पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राएं 20 जुलाई तक करें आवेदन

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि समाज के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सेवा परीक्षा– यू0पी0एस0सी0/ यू0पी0पी0एस0सी0, एस0एस0सी0, नीट, जे0ई0ई, एन0डी0ए0/ सी0डी0एस, सी0यू0ई0टी0, यू0पी0एस0एस0एस0सी0 आदि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साहित छात्र–छात्राओं को साक्षात् प्रशिक्षण / ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु नि:शुल्क कोचिंग समाज कल्याण विभाग द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत सत्र 2023–24 में सिविल सेवा परीक्षा–यू0पी0एस0सी0/ यू0पी0पी0एस0सी0, एस0एस0सी0, नीट, जे0ई0ई, एन0डी0ए0/ सी0डी0एस. सी0यू0ई0टी0. यू0पी0एस0एस0एस0सी0 आदि की नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु छात्र–छात्राएं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, गोण्डा से आवेदन पत्र प्राप्त करते हुये आगामी 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। छात्र संख्या अधिक होने की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा प्रवेश परीक्षा / स्क्रीनिंग परीक्षा कराई जाएगी।

# डीएम के एक-एक घर पहुंचने पर एक बेटी के घर लौट कर आने जैसा हो गया माहौल

- जंगल व दो नदी पार करके दूरस्थ ग्राम भरथापुर पहुंच ग्रामवासियों से रू-ब-रू हुई डीएम
- चौपाल के दौरान 51 आयुष्मान गोल्डेन कार्ड का किया वितरण 15 नये गोल्डेन कार्ड के आवेदन पत्र स्वीकृत
- डीएम ने ग्रामवासियों को बिस्कुट, मिष्ठान व फल का किया वितरण

राहुल सोनी





बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने जिले के अन्य अधिकारियो के साथ गेरुआ व कौड़ियाला नदियों तथा कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के सुरम्य वनों के बीच आबादी जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर पहुंचकर ग्रामवासियों से रू-ब-रू होते हुए उनकी रोज़मर्रा की जिन्दगी, रहन सहन के तरीकों, जीविकोपार्जन के संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूरस्थ ग्राम भरथापुर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने परम्परागत ढंग से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। एक महिला जिलाधिकारी के इतने दुरूह ग्राम पहुंचने पर जहां एक ओर ग्राम की महिलाओं में अलग सी प्रसन्नता देखने को मिली वहीं जिलाधिकारी का ग्राम में महिलाओं के साथ सादगी व अपनत्व के साथ मिलते हुए एक-एक घर पहुंचकर कुशल क्षेम पूछने से माहौल एक बेटी के घर लौट कर आने जैसा हो गया। डीएम व एसपी ने मौजूद अधिकारियों के साथ पूरे ग्राम का विस्तृत भ्रमण कर संभावित बाढ़ के दौरान ग्राम के समक्ष उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों का जायज़ा लेते हुए ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि बाढ़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव राहत व सहायता प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों के आवागमन के लिए दो नई नाव भी ग्रामवासियों को भेंट की। ग्राम में आयोजित चौपाल के दौरान डीएम ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि पेंशन योजनाओं सहित अन्य सोशल सेक्टर की योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जायेगा। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने 51 आयुष्मान गोल्डेन कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही 15 नये गोल्डेन कार्ड के आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये। इसके अलावा सभी प्रकार की पेंशन योजना से सम्बन्धित पात्र लोगों को पंजीकरण भी कराया गया। 12 श्रम कार्ड बनाये गये। चौपाल के दौरान ग्राम वासियों ने डीएम को बताया कि हम लोगों को खाद्यान्न लेने नदी के उस पार जाना पड़ता है इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही डीएसओ को निर्देश दिया कि माह के 15 तारीख तक ग्राम में ही खाद्यान्न लाकर वितरण किया जाय। चौपाल के दौरान डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम में रूक कर पेंशन योजनाओं के लिए पात्र लोगों का पंजीकरण कराएं। जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम भरथापुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जहां पर ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श के साथ निःशुल्क दवाओं इत्यादि का वितरण भी किया गया। इसके अलावा पशुओं का टीकारण व दवाई इत्यादि का भी वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने मौजूद ग्रामवासियों को बिस्कुट, मिष्ठान व फल का भी वितरण किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि ग्रामवासियों को बकरी पालन योजना से आच्छादित किया जाय। डीएम ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि विस्थापन की कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उप जिलाधिकारी संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, डीपीओ राजकपूर, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, उपायुक्त श्रम सिद्धार्थ मोदियानी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान, खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट के शिकायत प्रकोष्ठ का डीएम ने किया निरीक्षण



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित शिकायत प्रकोष्ठ का आकस्मिक निरीक्षण कर आई.जी.आर.एस. अन्तर्गत विभिन्न स्तरों तथा जिलाधिकारी की जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रगति तथा अभिलेखों के रख–रखाव का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न पंजिकाओं एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर निस्तारण की प्रगति का जायज़ा लेते हुए शिकायत लिपिक अनु बाट को निर्देश दिया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का ग्राम पंचायतवार पृथकीकरण किया जाय।

# स्थानांतरण हुआ लेकिन शिक्षक नहीं किए जा रहे रिलीव

- 55 शिक्षकों को कमेटी ने बना दिया अपात्र, डीएम को सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के विभिन्न विकास खंडों में तैनात 55 शिक्षकों ने गैर जनपद स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था। सभी के स्थानांतरण भी हो गए लेकिन इन्हें अपात्र दिखाकर रिलीव नहीं किया जा रहा है। परेशान शिक्षकों ने शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। जिले के विभिन्न ब्लाकों के प्राथमिक विद्यालयों में तैनात सहायक शिक्षकों ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि उनका स्थानांतरण अन्य जनपदों में हो गया है, लेकिन उन्हें अपात्र दिखाकर उनके स्थानांतरण को रोक दिया गया है। जिसको लेकर सभी ने उनके स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचे 55 सहायक शिक्षकों ने डीएम मोनिका रानी को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा है कि उनका स्थानांतरण बहराइच जनपद से हो गया था। जिसके बाद सीडीओ की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई थी, जिसमें उन्हें अपात्र दिखा दिया गया। जिसके चलते उनका स्थानांतरण रोक दिया गया है। इस मामले में शिक्षिका के पति का कहना है कि जो भी अहर्ताएं थी सभी को पूर्ण कर दिया गया था मगर जांच कमेटी द्वारा उन्हें अपात्र दिखा दिया गया। शिवपुर ब्लाक में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात गौरव गोयल की पत्नी ज्योति गोयल ने बताया कि उनकी बेटी को गंभीर बीमारी है। जिसका इलाज लखनऊ के केजीएमसी में चल रहा है। जिसका कागजात भी लगाया गया मगर जांच कमेटी द्वारा उसे भी अपात्र दिखा दिया गया। जिसके चलते सभी 55 लोगों का स्थानांतरण नहीं हो पाया है शिकायती पत्र सौंपते हुए स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। इस दौरान अंजली चौधरी, सिखा, प्रवीण सिंह, भावना, गजेंद्र सिंह, राधा, अरविंद नागर, संदीप रावल, प्रमिला दीक्षित, ज्योति चौबे, गरिमा चावला, दीपाली, अमृता सिंह, रिया त्रिपाठी, गौरव कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बेटी का चल रहा है लखनऊ में इलाज

शिक्षक गौरव गोयल की पत्नी ज्योति गोयल ने बताया कि उनकी 3 साल की बच्ची है जो गंभीर बीमारी से ग्रसित है जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है जिसके सभी कागजात भी पूर्ण करके सचिव के यहां भेजा गया है लेकिन फिर भी उनका स्थानांतरण नहीं किया गया है। जबकि ऐसे मामलों में सरकार की गाइड लाइन में भी स्थानांतरण का प्रावधान है। लेकिन अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगाते लगाते सरकार की गाइड लाइन ओं का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

# पत्नी की पिटाई कर हैंडपंप से लड़ाया सिर, मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के कोदही गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी की शराब के नशे में जमकर पिटाई की इसके बाद सिर को हैंडपंप से लड़ा दिया। गंभीर हालत में पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बौंडी थाना अंतर्गत ग्राम कोदही निवासी दिनेश कुमार लोहार पुत्र राम शंकर लोहार की पत्नी संगीता (24) बिहार की निवासी है। गुरुवार रात को दिनेश के यहां कुछ मित्र आए थे। इस पर दिनेश अपने मित्रों को लेकर रात 12 बजे के आसपास घर पहुंचा। इसके बाद पत्नी से रात में खाना बनाने को कहा, लेकिन रात का हवाला देकर पत्नी ने खाना बनाने से इंकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गणनाथ प्रसाद ने बताया कि दिनेश ने पत्नी को दरवाजा बंद कर जमकर मारापीटा। इसके बाद उसे घर में लगे हैंडपंप से सिर लड़ा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस पर गांव के लोगों ने डायल 112 को फोन किया। पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की सूचना पर फखरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बौंडी के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक ने नशे में वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### एक वर्ष पूर्व किया था शादी

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। उसके पहले पत्नी की मौत हो चुकी है। जबकि दूसरी शादी उसने बिहार निवासी संगीता से की थी। संगीता को एक वर्ष पूर्व बिहार से लेकर आया था।

## सत्य प्रकाश बने तहसील पयागपुर अध्यक्ष



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला बार एसोसिएशन बहराइच के नेतृत्व में तहसील पयागपुर में शपथ आयुक्त के चुनाव में सत्य प्रकाश दुबे अध्यक्ष पुल इंचार्ज व शपथ आयुक्त पयागपुर कैसियर के पद पर कृष्ण मोहन तिवारी तथा ऑडिटर पद पर निर्विरोध मनीष मिश्रा विजई होने पर तहसील पयागपुर के अधिवक्ताओं में उत्साह रहा। जिसमें शिवराम शुक्ला एडवोकेट, श्रवण, विनोद, अरविंद, विजय, उमाशंकर, पीयूष, पारसनाथ आदि अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की और कहा कि इस चुनाव से संगठन में मजबूती आएगी।

# ग्राम प्रधान पुत्र की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवती ने फंदा लगाकर दी जान

- सहयोगियों के साथ कई दिनों से कर रहा था छेड़छाड़
- पुलिस ने प्रधान पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




जनपद के खपुरवा गांव निवासी एक युवती के साथ ग्राम प्रधान का पुत्र अपने सहयोगियों के साथ कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहा था। गुरुवार को वह युवती के घर में भी चला गया। इससे क्षुब्ध युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने ग्राम प्रधान पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं युवती के पिता और भाई जेल में बंद हैं। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खपुरवा के ग्राम प्रधान गोपाल वर्मा है। ग्राम प्रधान के पुत्र राहुल वर्मा द्वारा गांव निवासी सीमा (22) पुत्री शिवदयाल के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा था। कई दिनों से युवती को ग्राम प्रधान पुत्र गौरव, पेशकार वर्मा पुत्र हनुमान और भोले वर्मा पुत्र राम सिंह द्वारा परेशान किया जा रहा था।सीमा के मामा ने बताया कि गुरुवार शाम को युवती के साथ पुनः ग्राम प्रधान के पुत्र ने छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही युवती को साथ ले जाने के लिए दबाव बनाया। युवती के साथ न जाने पर गांव में फर्जी अफवाह फैलाने की बात कही। मां के विरोध करने पर सभी चले गए। ग्राम प्रधान पुत्र समेत अन्य से परेशान सीमा ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।इससे घर के लोग रोने लगे।युवती की मां ने थाने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि युवती के मां की तहरीर पर ग्राम प्रधान पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध मौत के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जेल में बंद हैं पिता और भाई

आत्महत्या करने वाली युवती सीमा के पिता शिव दयाल और भाई चार माह से जेल में बंद हैं। पिता पुत्र पर गांव निवासी एक ग्रामीण ने युवती की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए केस दर्ज कराया था। इसकी जानकारी जब युवती के पिता को उसके मामा ने जेल में दी तो वह रोने लगा। इससे जेल में भी अफरा तफरी मच गई। हालांकि जेल में निरुद्ध साथियों ने पिता पुत्र को समझाया।

# मॉस्को के सरकारी प्रतिनिधियों से मिले उद्यान मंत्री

- उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ाने की अपील
- मॉस्को के मैंगो शो में दिखेंगे उत्तर प्रदेश के विशिष्ट प्रजातियों के आम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मॉस्को यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश में बागवानी तथा अन्य क्षेत्रों में निवेश की सम्भावनाओं को मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों के साथ साझा किया। उन्होंने मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ाकर पारस्परिक हितों को और अधिक मजबूत करने की अपील की।

उद्यान मंत्री ने प्रदेश के बागवानी उत्पादों के निर्यात तथा खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में यूनिट लगाने के सम्बन्ध में गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों को राम दरबार की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने मास्को मे मैंगो शो के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस मैंगो शो में उत्तर प्रदेश के किसानों के द्वारा उत्पादित विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उन्होंने मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों से कहा कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार के आमों का उत्पादन किया जाता है, जो अपने विशिष्ट स्वाद के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सकारात्मक व गौरवपूर्ण रही। इस बैठक से दोनों साझेदारों के बीच संबंधों में और प्रगाढ़ता आयेगी और भविष्य में इसके दूरगामी परिणाम भी सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों और दूरदर्शिता के चलते संभव हुआ है कि आज उत्तर प्रदेश में विभिन्न देशों के निवेशक निवेश करने आ रहे हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के अनेक उत्पाद विभिन्न देशों में निर्यात किये जा रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों के साथ हुई यह बैठक उत्तर प्रदेश के उद्यान क्षेत्र की समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को दी गई गृह प्रवेश की चाबी

- जनपद में 71,540 लाभार्थियों को दी गई चाबी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद में 71,540 लाभार्थियों को 85.84 करोड़ की लागत से निर्मित आवासों का गृह प्रवेश/ चाबी वितरण कार्यक्रम फिरोज गांधी कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सदर विधायक आदिति सिंह और जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को सदर विधायिका एंव जिलाधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी द्वारा चाबी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड धारकों को भी सम्मानित किया गया। लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी भी दी गई। इस योजना का लाभ पा रहे लाभार्थियों से कहा गया कि वह अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। *मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव* ने इन योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन के अतिरिक्त ग्राम विकास विभाग और डूडा के अधिकारीगण रहे उपस्थित।

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ प्रभावित रहे क्षेत्रो में आपदा व राहत के पर्याप्त इंतजाम हों : डीएम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ आपदा से बचाव व सुरक्षा हेतु राज्यस्तरीय मॉक एक्सरसाइज के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में डीएम द्वारा जनपद के तहसीलवार पूर्व में बाढ़ प्रभावित रहे क्षेत्रों व राहत कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार आपदा राहत व बाढ़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त इन्तेजाम सुनिश्चित करा लिए जाएं। सिंचाई विभाग कटान रोकने के लिए पर्याप्त तैयारियां कर ले ताकि बाढ़ को नियंत्रित किया जा सके। उन्होने समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित तहसील में बाढ़ कन्ट्रोलरूम स्थापित करा लिये जाएं तथा उनके हेल्पलाईन नम्बर सार्वजनिक कर दिये जाए। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से बाढ़ संभावित गॉवों से सतत् सम्पर्क रख बाढ़ से सम्बन्धित हालातों पर नजर रखी जाए। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर भी कन्ट्रोलरूम स्थापित कर उनके हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार कर दिया जाए तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगो को तत्काल राहत उपलब्ध करायी जाए। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में गर्भवती महिलाओं, 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो तथा गम्भीर बीमारियों से ग्रसित लोगो की सूची तैयार कर लें ताकि बाढ़ के दौरान इनको तत्काल राहत व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। उन्होने कहा कि तहसील स्तर पर आपदा राहत से सम्बन्धित तैयारियों यथा नाविकों व गोताखोरों की सूची, राहत केन्द्रों का चिन्हीकरण, नावों की व्यवस्था, टार्च, सेफ्टी जैकेट्स, लाउडस्पीकर्स, तिरपाल आदि राहत सामग्री की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाएं। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों/भवनों को राहत केन्द्रों के रूप में चिन्हित किया जाए, उनमें विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप होना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश, क्षेत्राधिकारी सदर आशुतोष कुमार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, पी0डब्ल्यू0डी0, विद्युत सहित तहसील स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बहन ने भाई पर लगाया मारपीट का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के दुंदपुर निवासी पूजा देवी पुत्री लक्ष्मीशंकर ने अपने सगे भाई पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दुंदपुर निवासी पूजा देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि का उसका सगा भाई बुद्धसेन नशे की हालत में शुक्रवार को स्कूटी तोड़ दी तथा ईंट से मारा जैसे चोटें आई है जान से मारने की धमकी भी दी है। इसके पूर्व भी बहनोई चंद्रप्रकाश उनके साथी पिंटू द्वारा भाई को भड़काकर घर में विवाद कराया जा रहा है। कोतवाल बृजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### सर्पदंश से चार की हालत बिगड़ी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारिश और भीषण गर्मी के चलते सर्पदंश की घटनाओं में इन दिनों बेतहाशा वृद्धि हो गई है। बीते चौबीस घंटो के दौरान जहरीले कीड़े के काटने से एक किशोर सहित चार लोगों की हालत बिगड़ी। जिन्हें यहां के सरकारी अस्पताल द्वारा हायर सेंटर रेफर किया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छतरापुर कोलिया निवासी सोहनलाल के पुत्र मुकेश 12 वर्ष को बीते गुरुवार की शाम अचानक जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार ग्राम ठकुरियापुरवा निवासिनी सुनीता देवी 35 पत्नी विनोद और नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी सतीश 30 पुत्र सुंदरलाल तथा थाना फतेहपुर-84 के ग्राम अहिरनपुरवा निवासिनी नीलम 30 पत्नी रामराज सिंह के भी किसी अज्ञात जहरीले कीड़े ने काट लिया। तीनों की हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उन्हें यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सभी मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### मेड़बंदी के विवाद में किसान की धारदार हथियार से हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मेड़बंदी को लेकर पनपे विवाद में अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुडवा मजरा इब्राहिमाबाद निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामखेलावन 48 पुत्र छोटेलाल की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी खेत की मेड़बंदी को लेकर पड़ोसी खेत मालिक नन्हू से विवाद चल रहा था। शुक्रवार की सुबह रामखेलावन अपनी पत्नी के साथ खेत पर मेड़ बंधवा रहा था तभी पड़ोसी खेत मालिक नन्हू अपने रामखेलावन, संतोष, रामनारान, बिरजू सभी पुत्रों के साथ पहुंचा और विरोध करने लगा। दोनो पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट होने लगी। नन्हू के पुत्रो ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया जिससे रामखेलवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी माया ने बताया कि वह अपने पति के साथ खेत पर मेढ़ बंधवा रही थी तभी कुछ लोग आए और हमला कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नजावतखेड़ा में एक व्यक्ति की हत्या हो गई थी जिसमें नामित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राहुल की पुनर्विचार अर्जी खारिज होने पर बीजेपी पर जमकर बरसे कांग्रेसी नेता प्रिन्सू वैश्य

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सूरत कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुनर्विचार अर्जी खारिज किए जाने पर कांग्रेस नेता प्रिन्सू वैश्य ने मिडिया से बात करते हुए बताया की एक अकेले को गिराने में पुरा संघ से षडयंत्र जारी है,आखिर कब तक देश में न्यायालय सत्ता के हाथों बिकते रहेंगे।

प्रिन्सू वैश्य ने कहा की इस फैसले से हम सब का हौसला टूटा नही बल्की और मजबूती से सड़को पर संघर्ष किया जाएगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी पूरी कैबिनेट पर सिर्फ एक नेता भारी पड़ रहा था । राहुल गांधी की लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी डरी हुई है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को पता चल चुका है की 2024 में भाजपा सत्ता से बेदखल होने वाली है जनता ने मन बना लिया है कि इस तरह की तानाशाही सरकार को उखाड़ कर फेंकना है।

# शिक्षक और अभिभावक के बीच में समन्वय की कड़ी है पीटीएम : बीईओ

- अमावां के परिषद विद्यालयों में आयोजित की गई अभिभावक शिक्षक बैठक
- शुक्रवार को बावन बुजुर्ग बल्ला, पहाड़पुर, पहरेमऊ और हरदासपुर संकुल में पीटीएम का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षकों और अभिभावकों के बीच में बेहतर तालमेल को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को अमावां ब्लॉक के विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों और बच्चों को संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

बीईओ रत्नामणि मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग संकुल में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षक और अभिभावक के बीच में समन्वय की मजबूत कड़ी पीटीएम है। अभिभावक और शिक्षक के साथ में होने वाली बैठक में दोनों के बीच में जो शिकायत होती है उसका निराकरण तत्काल हो जाता है।

बीईओ ने बताया कि शुक्रवार को बावन बुजुर्ग बल्ला, पहाड़पुर, पहरेमऊ और हरदासपुर संकुल में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कम्पोजिट विद्यालय जरैला की प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने कहा कि सभी बच्चे भाषा, गणित और अन्य सभी विषयों में निपुण हो सकें, इसके लिए निपुण भारत मिशन इस समय चल रहा है। बल्ला के संकुल शिक्षक नीरज कुमार ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों के शतप्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, ठहराव के लिए ही पीटीएम का गठन किया गया है। बच्चों के ड्रेस के लिए डीबीटी के तहत मिलने वाले रुपये को अभिभावक घरेलू कार्यों पर खर्च न करें बल्कि उन्हें ड्रेस, बैग, जूते और किताबों को खरीदने में ही करें।

# ऊंचाहार विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने लोगों की सुनी जन समस्याएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




विधानसभा ऊंचाहार के मधवापुर,अलावलपुर में कांग्रेस नेता अतुल सिंह ने पौधरोपण कर लोगों की समस्याएं सुनी,इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हम सभी को पौधरोपण करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा एवं ऑक्सीजन मिल सके।श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच वृक्ष लगाने चाहिए और उसका पालन पोषण अपने बच्चे की तरह करना चाहिए क्योंकि वृक्ष हमारे जीवन को हरा भरा बनाते हैं।श्री सिंह ने कहा कि 2024 में केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है,राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनते ही देश का चौमुखी विकास होगा।रायबरेली में जो अभूतपूर्व विकास हुआ है,यह हम सब की सांसद सोनिया गांधी जी की देन है।श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है,मैं हमेशा आप सबके सुख दुख में खडा रहूँगा।इसके बाद श्री सिंह ने मनिपुर भटेहरी निवासी मेवालाल पासी की धर्मपत्नी(50)एवं बहू(25)की एक साथ सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु की सूचना पर पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व एसडीएम ऊंचाहार से पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने के लिए कहा।एवं श्री सिंह ने छिपिया निवासी हरि नारायण सिंह की दुःखद मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## डी आर सर्जिकल हॉस्पिटल खुलने से बीपी और शुगर के मरीजों को मिलेगी राहत



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डी आर सर्जिकल हॉस्पिटल खुलने से क्षेत्र में लोगों के बीच खुशी की लहर दौड़ी। महराजगंज कस्बे में 2 दिन पूर्व डीआर सर्जिकल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ है। डी आर सर्जिकल हॉस्पिटल के एमडी डॉ राकेश यादव ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में शुगर और बीपी के मरीजों के लिए विशेष तौर पर इलाज किया जाता है ।डॉक्टर राकेश यादव खुद शुगर और बीपी के स्पेशलिस्ट हैं क्षेत्र में अस्पताल खुलने से अब मरीजों को दूर नहीं जाना पड़ेगा और उनको कस्बे में ही उच्च क्वालिटी का इलाज मिलेगा।

# संगठन संवाद कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए किया गया प्रेरित




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधानसभा के राही व अमावा ब्लाक मे संगठन संवाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को न्याय पंचायत, ग्राम सभा व बूथ को और मजबूत करने हेतु प्रेरित किया गया इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी संगठन प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री , निर्मल शुक्ला, सदर कोऑर्डिनेटर रोहित सिंह, सदर विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ मनीष सिंह, पीसीसी शिवानंद मौर्या, महाराजगंज सदर विधानसभा सदर विधानसभा प्रभारी नौशाद खतीब, जिला सचिव का ब्लॉक प्रभारी घनश्याम शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष कामतानाथ, तथा सभी ग्राम सभा अध्यक्ष न्याय पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे इसी क्रम में अमावा ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ खा आदि लोगों ने अपनी सहभागिता दी तथा सभी लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसी।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभ के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना जनपद में लागू है। उन्होंने जनपद के पारम्परिक कारीगरों को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडों जैसे-बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची हेतु ऑनलाइन वेबसाइट diupmsme. upsdc. gov. in एवं msme.up.gov.in पर 27 जुलाई 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि प्रशिक्षित लाभार्थियों को बैंको की विभिन्न योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से ऋण प्राप्त करने की सुविधा है। उन्होंने यह भी बताया है कि पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति स्वयं या पति/पत्नी आवेदन न करें। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले कारीगर/दस्तकार योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होगें। आवेदन पत्र मैन्यूली स्वीकार नहीं किये जायेंगें। उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि इच्छुक आवेदक भारत सरकार की उक्त वेबसाइट पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस-वे पर पुलिया की रेलिंग से टकराया ट्रक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आ जाने से तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया की रेलिंग पर चढ़ गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा के जरिए क्षतिग्रस्त ट्रक को किनारे खड़ा कराया। जनपद अयोध्या के थाना हैदरगंज अंतर्गत ग्राम सेमरी बल्लीपुर निवासी चालक मनीष कुमार अपने साथी परिचालक आलोक सिंह के साथ अपने ट्रक में सीमेंट का फर्नीचर लादकर गोंडा से भिंड मुरैना जा रहा था तभी रास्ते में शुक्रवार की सुबह बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव गढ़ा के निकट चालक को अचानक झपकी आ जाने से अनियंत्रित ट्रक पुलिया की रेलिंग पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक व परिचालक को मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा के जरिए कड़ी मशक्कत कर क्षतिग्रस्त ट्रक को किनारे खड़ा कराया।

# डीएम ने अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी श्रावण मास में होने वाली कावड़ यात्रा एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर विषाक्त जहरीली शराब, गाजा, अवैध भांग की बिक्री/सेवन न होने एवं अवैध मंदिर के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर विषाक्त जहरीली शराब, गांजा, भांग की अवैध बिक्री/ सेवन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त पाये जाने पर आवश्यकतानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग की जाये। राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहाँ अल्कोहल के टैंकर प्रायः रुकते हैं, की भी सघन एवं आकस्मिक जाँच करायी जाये। उन्होंने कहा कि अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही अवश्य की जाये। पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम की विद्यमान धाराओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार आई0पी0सी0 की सुसंगत धाराओं में भी एफ0आई0आर0 दर्ज करायी जाये।

# बेशकीमती भूखण्ड को बनाया कूड़ा डम्पिंग हाउस

- गंदगी व सड़ांध से सांस लेना दूभर, क्षेत्र में संक्रमण का खतरा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

देश के विख्यात कवि एवं साहित्यकार स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी के जन्मस्थल गंजमुरादाबाद को स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन अपने बेजा कारनामों से बदनाम करने पर तुला हुआ है। कस्बे के प्रमुख मार्ग उन्नाव हरदोई रोड के किनारे स्थित प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार के बेशकीमती भूखंड पर पंचायत प्रशासन कूड़ा-कचरा डंपर करने में जुटा है। नागरिकों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर संबंधित भूमि से कूड़े-कचरे के ढ़ेर हटाए जाने की मांग उठाई है। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के प्रमुख मार्ग उन्नाव हरदोई रोड के किनारे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के सामने तथा पुलिस चौकी के निकट स्थित पूर्व जमींदार मिश्रा खानदान की पुश्तैनी जमीन मौजूद है। नगर पंचायत इस कीमती भूमि पर बीते कई सालों से कूड़ा-कचरा जमा करता चला आ रहा है। बारिश के समय कूड़े-कचरे की सड़ांध से जहां पड़ोसी नागरिकों और बालिका विद्यालय के बच्चों का जीना दूभर है, वहीं भीषण दुर्गंध से मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों का दम घुटने लगता है। खास बात तो यह है कि नगर में दस्तक देते ही मेहमानों को दुर्गंधयुक्त और बजबजाते कूड़े के अंबार से रूबरू होना पड़ता है। जिससे जनप्रिय कवि स्वर्गीय हितैषी का नगर पूरे प्रदेश में बदनाम हो रहा है। नगर के अरबाज, राकेश, अमर सिंह, पंकज श्रीवास्तव, रूपम रस्तोगी, हारून अली, अमित गुप्ता व अब्दुल शफीक आदि नागरिकों ने अधिशासी अधिकारी से निर्दिष्ट स्थल से अभिलंब कूड़ा हटवाए जाने और भूभाग में सफाई करवाए जाने की मांग की है।

# चार शातिर मोबाइल लुटेरे दो किलो चरस के साथ गिरफ्तार

- लूट के 21 मोबाइल व घटना में प्रयोग की गई वैन बरामद

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



कप्तान के दिशा निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध के चलाए जा रहे अभियान के तहत दही थाना पुलिस एवं सर्विलांस टीम ने चार मोबाइल लुटेरो को गिरफ्तार किया है। टीम ने अभियुक्तों के कब्जे से 21 मोबाइल फोन, दो किलोग्राम चरस, चार अवैध तमंचा तथा घटना में प्रयोग की जाने वाली एक वैन व तीन बाईके बरामद किया है। पुलिसिया पूंछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

दही थाने में तैनात उपनिरीक्षक भीमशंकर मिश्र व तमीजुद्दीन एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना दही क्षेत्र स्थित पूरवा मोड़ तिराहे से एक वैन संख्या यूपी78बीएस-3578 व तीन अन्य बाइक सवारों लवलेश पाल पुत्र राजीव पाल निवासी आकाशगंगा अहिरवां थाना चकेरी जिला कानपुर नगर, आमिर खान पुत्र नौशाद खान निवासी माझी दक्खिन टोला थाना माझी जिला छपरा बिहार, अभिषेक राठौर पुत्र संजय राठौर निवासी मोहल्ला सफीपुर प्रथम थाना चकेरी जिला कानपुर नगर, अर्जुन खान पुत्र कासिम खान निवासी ग्राम हाथीपुर थाना महराजपुर जिला कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उनके कब्जे से विभिन्न स्थानों से लूटे गए 21 मोबाइल फोन, दो किलोग्राम चरस तथा चार अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिसिया पूंछताछ में अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उक्त लोग चोरी व छिनैती का कार्य करते हैं एवं नाजायज चरस की भी सप्लाई लोगों को फुटकर रूप से करते हैं। बताया कि बरामद 21 मोबाइल फोन विभिन्न स्थानो से छीने व चोरी किये गये है। बताया कि शुक्रवार को इन मोबाइलों को बेचने की फिराक में निकले थे। बताया कि बरामद मोबाइल फोनो में दो मोबाइल दो जुलाई की रात वर्कशाप मोड के समीप होटल पर खड़ी एक ट्रक के अन्दर से चोरी किया था। एक अन्य मोबाइल इसी रात कटरा गांव के समीप होटल पर खड़ी एक ट्रक से चोरी किया था।

# बिन गुरु शिक्षा

किसी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था की आधारभूमि शिक्षक ही तैयार करते हैं। यदि शिक्षक ही पर्याप्त न होंगे तो शिक्षा के स्तर और नौनिहालों के भविष्य का अनुमान लगाना कठिन नहीं है। यह खबर चौंकाती है कि प्रगतिशील हरियाणा के स्कूलों में शिक्षकों के बीस फीसदी पद खाली हैं। निस्संदेह, यह आंकड़ा स्कूली शिक्षा की निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है। किसी राज्य में यदि शिक्षकों के 25192 पद खाली हों तो स्थिति को बेहद चिंताजनक ही कहा जाना चाहिए। जो बताती है कि राज्य में नीति-नियंताओं की प्राथमिकताओं में शिक्षा कहां खड़ी है। बच्चे कल का भविष्य हैं, यदि उनकी बुनियाद ही खोखली रह जाएगी तो वे कैसे राष्ट्र का दायित्व कंधों पर उठा पाने में सक्षम होंगे। विडंबना यह भी है कि आमतौर पर सरकारी स्कूलों में कम आय वर्ग के लोगों के बच्चे परिस्थितिवश ही जाते हैं। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल जिस तरह कारोबार का जरिया बन चुके हैं, उसके मद्देनजर कम आय वर्ग के अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को भेजने से कतराते हैं। दरअसल, आज जो निजी स्कूलों का कारोबार फल-फूल रहा है उसके मूल में सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा ही है। कुछ लोगों को लगता है कि ये स्कूल बीमार भविष्य का कारखाना बनने की दिशा में अग्रसर हैं। दरअसल, शिक्षकों की कमी से वे स्कूल जूझ रहे हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। यह भी विडंबना है कि येन-केन-प्रकारेण नौकरी हासिल करने वाले शिक्षकों की हर संभव कोशिश होती है कि उन्हें आराम की जगह में नियुक्ति मिल जाये। दरअसल, नियुक्तियां तो ग्रामीण स्कूलों के लिये होती हैं, लेकिन शिक्षक किसी न किसी तरह तबादला शहरी स्कूलों में करवा लेते हैं। बहरहाल, तंत्र को इस गंभीर होती समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए। विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए शिक्षकों की नियुक्ति को प्राथमिकता बनाना चाहिए। दरअसल, नीति नियंताओं को समझना चाहिए कि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर तदर्थवाद का सहारा नहीं लिया जा सकता। स्थायी शिक्षकों की जरूरत को न तो अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से पूरा किया जा सकता है और न ही अनुबंध पर की गई शिक्षकों की नियुक्ति से। सत्ताधीशों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि राज्य के सबसे पिछड़े जनपद नूंह में क्यों शिक्षकों के 4353 पद खाली हैं। जाहिर जब स्कूलों में शिक्षक नहीं होंगे तो बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पाएंगे। स्कूल नहीं जाएंगे तो जाहिर है परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक नहीं बन पाएंगे। शिक्षा एक व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करती है। पढ़े-लिखे व्यक्ति की सोच व जीवनशैली में अनपढ़ व्यक्ति के मुकाबले खासा गुणात्मक बदलाव होता है। ऐसे वक्त में जब देश के विभिन्न राज्यों में तमाम तरह के लोकलुभावन अभियान चलाये जा रहे हैं, राज्य सरकार को भी बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति का अभियान चलाना चाहिए। इससे जहां एक ओर सरकारी स्कूलों के बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकेगा, वहीं तमाम पढ़े-लिखे बेरोजगारों की हताशा दूर होगी। वह भी तब जब राज्य में बेरोजगारी की दर काफी ऊंची बतायी जाती है। शिक्षकों की भर्ती का अभियान चलाकर राज्य सरकार राजनीतिक लाभ भी ले सकती है और छात्रों व बेरोजगारों का भविष्य भी संवार सकती है। इसके अलावा भी सरकारी स्कूलों की पढ़ाई में आमूल-चूल परिवर्तन करने की जरूरत है। जिससे छात्र-छात्राएं मौजूदा समय के साथ कदमताल कर सकें। उन्हें कार्य कौशल विषयक शिक्षा मिले। साथ ही नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को भी हासिल करने के लिये पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति अपरिहार्य ही है। सत्ताधीश इस तथ्य को स्वीकारें कि शिक्षकों की कमी के चलते ही राज्य की परीक्षाओं में छात्रों का प्रदर्शन खराब रहता है। जिसकी वजह से अभिभावक बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने में भलाई समझते हैं। विद्यार्थियों, खासकर लड़कियों, द्वारा पढ़ाई के बीच में स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति को भी इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह बेहतर और संपूर्ण शिक्षा हासिल करना हर छात्र का अधिकार है, इस दिशा में सरकार से गंभीर पहल की उम्मीद की जानी चाहिए। सरकार को अपनी रोजगार नीति की भी समीक्षा करनी चाहिए।

# डाटा संरक्षण विधेयक

आदित्य नारायण

**निजी डाटा की सुरक्षा को देखते हुए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है और इस विधेयक को संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। केन्द्र निजी डाटा उपयोग पर पहले भी विधेयक ला चुका है। हालांकि तब विपक्ष के भारी विरोध के चलते इसे वापस लेना पड़ा था। क्योंकि उस विधेयक के कई प्रावधानों पर गंभीर आपत्तियां जताई गई थी और यह भी आरोप लगाया गया था कि सरकारी एजेंसियां इसका दुरुपयोग कर सकती हैं। विधेयक के नियमों में उल्लंघन की प्रत्येक घटना के लिए संस्थाओं पर 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा, 'मंत्रिमंडल ने डीपीडीपी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है। इसे आगामी सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा।**

**विधेयक में पिछले मसौदे के लगभग सभी प्रावधान शामिल हैं जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से परामर्श के लिए जारी किए गए थे। सूत्र ने कहा कि प्रस्तावित कानून के तहत सरकारी इकाइयों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, विवादों के मामले में डेटा संरक्षण बोर्ड फैसला करेगा। नागरिकों को सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर मुआवजे का दावा करने का अधिकार होगा। बहुत सी चीजें हैं जो धीरे-धीरे विकसित होंगी। सूत्र ने कहा कि कानून लागू होने के बाद व्यक्तियों को अपने डेटा संग्रह, भंडारण और प्रसंस्करण के बारे में विवरण मांगने का अधिकार होगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के डाटा को इस कानून के दायरे में रखा गया है।**



पिछले कुछ वर्षों से बैंक, बीमा, क्रेडिट कार्ड से जुड़ा डाटा लीक होने कारण ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर लोगों का भरोसा लगभग खत्म हो चुका है। कम्पनियों ने भारत में किसी ठोस कानून के अभाव में खुलेआम मनमानी की है। डाटा को आज की दुनिया में खरा सोना कहा जाता है। अगर किसी देश का सोना ही चोरी होता रहे तो फिर कम्पनियां अपनी मनमानी तो करेंगी ही। पिछले दिनों को-विन एप के जरिये स्टोर हुए लोगों के निजी डाटा लीक हो जाने की खबरें भी आई थी। यद्यपि सरकार ने को-विन एप को अति सुरक्षित बताया था और डाटा लीक होने की खबरों को बेबुनियाद करार दिया था लेकिन एक दक्षिण भारतीय वेबसाइट पर नेताओं और अन्य लोगों की निजी जानकारियों के स्क्रीनशॉट्स प्रकाशित हो गए थे। कुछ माह पहले दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर भी हैक कर लिए जाने की खबरें आई थी। हैकर कई बार महत्वपूर्ण मंत्रालयों के आंकड़ों में भी सेंध लगाने की कोशिश कर चुके हैं। लोगों का व्यक्तिगत डाटा बाजार में काफी महंगा है।

निजी डाटा की सुरक्षा को देखते हुए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है और इस विधेयक को संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। केन्द्र निजी डाटा उपयोग पर पहले भी विधेयक ला चुका है। हालांकि तब विपक्ष के भारी विरोध के चलते इसे वापस लेना पड़ा था। क्योंकि उस विधेयक के कई प्रावधानों पर गंभीर आपत्तियां जताई गई थी और यह भी आरोप लगाया गया था कि सरकारी एजेंसियां इसका दुरुपयोग कर सकती हैं। विधेयक के नियमों में उल्लंघन की प्रत्येक घटना के लिए संस्थाओं पर 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा, 'मंत्रिमंडल ने डीपीडीपी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है। इसे आगामी सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा।

विधेयक में पिछले मसौदे के लगभग सभी प्रावधान शामिल हैं जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से परामर्श के लिए जारी किए गए थे। सूत्र ने कहा कि प्रस्तावित कानून के तहत सरकारी इकाइयों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, विवादों के मामले में डेटा संरक्षण बोर्ड फैसला करेगा। नागरिकों को सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर मुआवजे का दावा करने का अधिकार होगा। बहुत सी चीजें हैं जो धीरे-धीरे विकसित होंगी। सूत्र ने कहा कि कानून लागू होने के बाद व्यक्तियों को अपने डेटा संग्रह, भंडारण और प्रसंस्करण के बारे में विवरण मांगने का अधिकार होगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के डाटा को इस कानून के दायरे में रखा गया है। विदेश से भारतीय नागरिकों की प्रोफाइलिंग करने जैसे मामले, सामान या सेवाएं देने जैसे मामलों में भी यह कानून लागू होगा। व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक एक ओर डिजिटल नागरिक के अधिकारों और कर्त्तव्यों को निर्धारित करता है तो दूसरी ओर कम्पनियों के एकत्रित डाटा का कानूनी रूप से उपयोग करने के दायित्वों को निर्धारित करता है। यह विधेयक डाटा अर्थव्यवस्था के छह सिद्धांतों पर आधारित है जिनमें से पहला भारत के नागरिकों के व्यक्तिगत डाटा के संग्रह और उपयोग के बारे में है। व्यक्तिगत डाटा का संग्रह और उपयोग वैध होना चाहिए, उल्लंघन से संरक्षित किया जाना चाहिए और पारदर्शिता बनाए रखी जानी चाहिए। दूसरा सिद्धांत डाटा संग्रह अभ्यास के बारे में बात करता है जो कानूनी उद्देश्य के लिए होना चाहिए और उद्देश्य पूरा होने तक डाटा को सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाना चाहिए। तीसरा सिद्धांत कहता है कि केवल व्यक्तियों का प्रासंगिक डाटा एकत्र किया जाना चाहिए और पूर्व-निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति ही एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। चौथा सिद्धांत डाटा सुरक्षा और जवाबदेही के बारे में है जबकि पांचवां डाटा की सटीकता के बारे में बात करता है। अंतिम सिद्धांत डाटा उल्लंघन की रिपोर्ट करने के संबंध में नियम बताता है। सब जानते हैं सोशल मीडिया के लगभग सभी प्लेटफार्मों ने निजी डाटा का इस्तेमाल कर भारतीयों की पसंद के मुताबिक अपने उत्पाद बेचे और यहां तक कि लोगों के विचारों को प्रभावित कर एक तरह से अपनी कठपुतली बना डाला। कई सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर कई देशों में राजनीतिक विचारधारा को प्रभावित करने के सुनियोजित अभियानों का भी भांडा फूट चुका है। सैन्य सुरक्षा और बुनियादी ढांचा तक के आंकड़ों में भी सेंध लगाने की कोशिश की गई। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विधेयक पर संसद में साकारात्मक बहस होगी और कानून बनाने से पहले इसके हर प्रावधान की गहन समीक्षा की जानी चाहिए ताकि जरूरी फेरबदल किया जा सके। कानूनों में सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जैसे-जैसे चुनौतियां आती जाएंगी प्रावधान बदले जा सकते हैं।

## विचार

# पवारों की 'पावर' और जनता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक व अध्यक्ष श्री शरद पवार को पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाया जाना उसी प्रकार देखा जायेगा जिस प्रकार कोई व्यक्ति सत्ता और ताकत के मद में मगरूर होकर किसी बाजाब्ता मकान मालिक को उसी के घर से बेदखल करने का हुक्म जारी कर दे। हकीकत तो यही रहेगी कि 1999 में कांग्रेस से अलग होकर श्री पवार ने ही राष्ट्रवादी कांग्रेस की स्थापना की थी। यह भी हकीकत है कि पूरे महाराष्ट्र में श्री पवार को ही लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस का पर्याय मानते हैं। उन्हें ऐसा नेता माना जाता है कि वह जहां खड़े हो जाते हैं वहीं से उनकी पार्टी शुरू हो जाती है। मगर गंभीर सवाल यह भी है कि उनके भतीजे अजित पवार और चेले प्रफुल्ल पटेल में इतनी हिम्मत कहां से आ गई कि वह न केवल उनकी पार्टी से बगावत कर दें बल्कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष के पद से हटाने की भी घोषणा कर दें। यह सवाल जरा भी पेचीदा नहीं है कि श्री शरद पवार ही अभी तक अपनी पार्टी के कानूनन व विधिसम्मत अध्यक्ष हैं। चुनाव आयोग को अजित पवार ने जो चिट्ठी भेजी है उसमें पार्टी में पारित उस प्रस्ताव पर कोई तारीख नहीं दी गई है जिसमें कहा गया है कि पार्टी ने श्री शरद पवार को अध्यक्ष पद से हटा कर इस पर श्री अजित पवार की नियुक्ति की सहमति दी है। जाहिर है कि यह प्रस्ताव श्री शरद पवार से विद्रोह करने वाले नेता श्री अजित पवार की उपमुख्यमन्त्री पद की शपथ लेने के बाद की दिमागी उपज है क्योंकि गत रविवार को जब अजित पवार ने उपमुख्यमन्त्री पद की शपथ ली तो उसके कुछ समय बाद ही श्री शरद पवार ने उनके साथ शपथ लेने वाले अन्य आठ राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायकों को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया था। श्री पवार उस समय बाकायदा सर्वस्वीकार्य पार्टी अध्यक्ष थे और वह उस दिन बुधवार तक भी पार्टी के अध्यक्ष थे जिस दिन दोनों ही गुटों ने अपने-अपने समर्थक विधायकों की बैठक मुम्बई में ही की थी। अजित पवार को इस दिन शाम को सूझा कि श्री पवार को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाने की घोषणा यदि नहीं की जाती है तो वह कानूनी रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व नहीं कर पायेंगे। श्री पवार ने जिस दिन अजित समेत मन्त्री बनने वाले जिन नौ विधायकों को अपनी पार्टी से निष्कासित किया था उसी दिन उसकी सूचना चुनाव आयोग को दे दी थी। जो लोग भी राजनैतिक- संसदीय नियमों के जानकार हैं उन्हें मालूम है कि पार्टी अध्यक्ष के अधिकारों के साथ चुनाव आयोग किसी प्रकार का समझौता नहीं कर सकता है क्योंकि ये अधिकार पार्टी संविधान में उल्लिखित होते हैं जिनका संरक्षण भी चुनाव आयोग ही करता है। बेशक बुधवार को हुई दो समानान्तर बैठकों में अजित पवार के पाले में 29 विधायक आये और श्री शरद पवार के पास 17 विधायक लेकिन इसके आधार पर अजित पवार खुद को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नहीं बता सकते हैं क्योंकि पार्टी अध्यक्ष की ही होती है। मगर लगता है कि अजित पवार पिछले साल शिवसेना में हुए विभाजन का उदाहरण लेकर चल रहे हैं। इस मामले में विगत महीने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले का संज्ञान लेना होगा। इस फैसले के कई आयाम हैं। इसमें किसी भी पार्टी की आन्तरिक राजनीति से लेकर विधानसभा के भीतर अध्यक्ष के अधिकारों व राजनैतिक दल के पार्टी संविधान के मुतल्लिक कई प्रकार के दिशा नियामक सिद्धान्तों की व्याख्या भी होती है। अतः मामला इतना आसान नहीं है जितना कि अजित पवार समझ रहे हैं। जहां तक चुनाव आयोग का सवाल है तो उसे भी इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा और अजित पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस केवल विधायकों के संख्याबल के आधार पर मानने से पहले सभी कानूनी पहलुओं को अपनी नजर में लेना होगा। मगर इससे पहले विधानसभा में ही अजित पवार को सिद्ध करना होगा कि उनके खेमे में राष्ट्रवादी कांग्रेस के कुल 53 विधायकों में से कम से कम 36 विधायक हैं जो दो-तिहाई होते हैं। यदि इतने विधायक अजित पवार जुटा लेते हैं तो वह सदन में अलग गुट के तौर पर मान्यता प्राप्त कर सकते हैं और अपना विलय किसी अन्य पार्टी में कर सकते हैं। इसके बाद ही चुनाव आयोग उनके असली पार्टी होने के दावे पर विचार कर सकता है और चुनाव चिन्ह व पार्टी नाम का फैसला कर सकता है। शिवसेना के मामले में उद्धव ठाकरे कुछ चूक कर गये थे मगर श्री शरद पवार संसदीय मामलों के खुद को बहुत बड़े जानकार माने जाते हैं। अतः उन्होंने रविवार को ही जो कदम चल दिया है उसकी काट ढूंढना समुद्र में से मोती निकालने की मानिन्द ही कहा जायेगा। राजनीति का हर विद्यार्थी जानता है कि राजनैतिक दल उसके नेता की लोकप्रियता के आधार पर खड़े होते हैं। 1969 में कांग्रेस का जब पहली बार विभाजन हुआ तो हमने देखा कि इन्दिरा गांधी ही अकेले होते हुए भी असली कांग्रेस बन गई। मगर 1971 का चौधरी चरण सिंह का मामला बड़ा ही दिलचस्प है। अपनी पार्टी भारतीय क्रान्ति दल का विस्तार करने के चक्कर में स्व. चौधरी साहब ने देश के माने हुए होटल व्यवसायी स्व. मोहन सिंह ओबेराय को इसका राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया था। ओबेराय साहब ने चौधरी साहब की ग्रामीणोन्मुख राजनीति से मतभेद रखते हुए उन्हें ही क्रान्ति दल से निकाल दिया। इस पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में कोहराम मच गया और उन्होंने ओबेराय को ही पार्टी से पूरी तरह बेदखल कर दिया और जहां चौधरी साहब खड़े हो गये वहीं क्रान्ति दल बन गया। 1978 में पुनः इन्दिरा जी ने यही किया और अपने पीछे कांग्रेस पार्टी को खड़ा कर दिया। अतः अजित दादा को अपने चाचा की उम्र का नहीं बल्कि अपनी राजनैतिक हैसियत का हिसाब देखना चाहिए।

## साहित्य | झरोखा



### मर्यादा पुरुषोत्तम का, यह धाम हो गया...

अनिल मिश्र प्रहरी

मर्यादा पुरुषोत्तम का, यह धाम हो गया।
राम चले पथ पे, पथ राम हो गया।
आज सजी संवरी अयोध्या को देख लो।
इतिहास के पन्नों में, अमर नाम हो गया।।

चौदह कोशी पंच कोशी, हम चलते हैं।
मोतियों की माला में, राम ढूंढ़ते हैं।।
राम राज आ गया, राम आ रहे हैं।
अहिल्या तरी पग से, वही रज ढूंढते हैं।।

दीप जले जलते रहे,मन मिलाकर रखना।
सांस चले चलती रहे, लौ जला के रखना।।
राम जन्मभूमि सदा राम की रहेगी।
ईंट पे ईंट चढ़ती रहे, जय बना के रखना।।

है आर्दश जो राम के, कोई चल न सकेगा।
चलना भी चाहे राम जैसा, बन न सकेगा।।
कैकयी मातु से राम, आके गले बन गये।
अब भरत जैसा भाई, कोई बन न सकेगा।।

प्रियतम विरह में, राम ऐसे क्षुब्ध गये।
सांसे रूकने लगी, कंठ अवरूद्ध हो गये।
भगवान आके पीड़ा झेल गये धरती पे।
जब स्वमं राम राम के, बिरुद्ध हो गये।



# राशिफल

**मेषः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

वृषभः- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

मिथुनः- लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

# लोकतंत्र के लिए असुरक्षित माहौल

महाराष्ट्र का सियासी संकट बढ़ता ही जा रहा है। एक साल पहले जिस तरह से शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने शिंदे गुट के साथ मिलकर न केवल सरकार बनाई, बल्कि सत्ता में बने रहने के लिए देवेंद्र फड़नवीस को उपमुख्यमंत्री तक बना दिया, लगभग वैसा ही खेल फिर से खेला और इस बार मोहरा बनाया गया अजित पवार को। दरअसल शिवसेना में फूट के बाद भी महाविकास अगाड़ी गठबंधन भाजपा के लिए चुनौती बना हुआ था। क्योंकि इसमें शरद पवार जैसे दिग्गज नेता हैं। शरद पवार को कमजोर करने के लिए भाजपा ने एनसीपी में फूट डालने की अपनी कोशिशें तेज की और आखिरकार अजित पवार को अपनी ओर मिला ही लिया।

यह दीवार पर लिखी इबारत की तरह इस बात को साफ-साफ पढ़ा जा सकता है कि भाजपा का तोड़-फोड़ का यह खेल महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ मजबूत करने के अलावा अगले आम चुनावों में विपक्षी खेमे को कमजोर करने के लिए भी है। क्षेत्रीय दलों को पहले अपने साथ मिलाओ, फिर उनमें फूट डालो यह सियासी खेल अब काफी जाना पहचाना हो चुका है। लेकिन इस बार भाजपा का मुकाबला शरद पवार से हुआ है।

शरद पवार खुद कांग्रेस से अलग हुए थे। लेकिन तब मसले दूसरे थे। उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 27 सालों में काफी मजबूत कर दिया और जरूरत हुई तो यूपीए का हिस्सा बनने से गुरेज नहीं किया। अब अपनी ही बनाई पार्टी पर अधिकार के लिए उन्हें लड़ाई लड़नी पड़ रही है। शरद पवार ने अजित पवार समेत कई विधायकों पर कार्रवाई की है। दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर इस मसले को लेकर बुलाई जिसे अजित पवार ने गैरकानूनी करार दिया, क्योंकि अब वे पार्टी पर अपना अधिकार मान रहे हैं। वैसे शरद पवार ने ये संकेत भी अपने समर्थकों को दे दिए हैं कि जरूरत हुई तो तीन महीने के भीतर नए सिरे से पार्टी खड़ी कर देंगे। यानी अभी ये तय नहीं है कि एनसीपी पर असली हक किसका होगा। लेकिन इतना तो नजर आ ही रहा है कि अजित पवार के साथ हाथ मिलाकर भाजपा ने एक बार फिर फूट डालो और राज करो की चाल चली है। लेकिन यह चाल देश के लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। 27 मई 1996 को जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तो संसद में अपने ऐतिहासिक भाषण में वाजपेयीजी ने कहा था-श् हम सत्ता के लोभ में गलत काम करने को तैयार नहीं हैं। ...अगर पार्टी तोड़ कर, सत्ता के लिए नया गठबंधन करने से सत्ता हाथ में आती है तो मैं ऐसी सत्ता को चिमटे से भी छूना नहीं चाहता।

इसके बाद एनडीए के पास बहुमत ना होने के कारण अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार गिर गई थी। वाजपेयी जी ने अपने भाषण में तब शरद पवार के कांग्रेस छोड़ने का जिक्र भी किया था। कौन जानता था कि 27 साल बाद इतिहास एक नए रूप में देखने मिलेगा। दरअसल वाजपेयी काल की भाजपा से 2014 के बाद वाली भाजपा बहुत अलग हो चुकी है। अब सत्ता के लिए विचारधारा को परे रखने और सुविधा के हिसाब से गठजोड़ करने या दलों को फूट डालने का काम भाजपा करने लगी है। बीते लगभग एक दशक में विधायकों की कथित खरीद फरोख्त और ऑपरेशन कमल्य जैसे शब्द देश के सियासी शब्दकोष में शामिल हो गए हैं। वैसे तो आया राम गया राम का खेल 1967 से ही चल रहा है। हरियाणा में गया लाल ने 1967 में एक ही दिन में तीन बार पार्टी बदली थी, लेकिन तब दल बदल या विरोधी खेमे में शामिल होने को इतनी सहज स्वीकार्यता नहीं थी, जैसी अब हो गई है। राजनेता सत्ता और पद के लिए ऐसा करते हैं, और इसके लिए विचारधारा को परे रखते हैं, यह बात तो समझ आती है। लेकिन सवाल ये है कि जनता की मानसिकता इस दौर में किस तरह बदल दी गई है। क्या नेताओं के साथ-साथ जनता ने भी वैचारिक समझौता करना सीख लिया है। दलबदल करने वाले नेताओं को अगर जनता का साथ मिलने लगा है, तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए खतरे की निशानी है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार भारत को लोकतंत्र की जननी कहते हैं। यह बात काफी हद तक सही भी है, क्योंकि भारत के प्राचीन इतिहास में गणराज्यों का उल्लेख है। लेकिन मौजूदा राजनीति में केवल प्राचीन विरासत के गौरवगान से बात नहीं बनेगी। भविष्य के लिए कैसी मिसाल तैयार की जा रही है, यह भी देखना होगा। अभी उनके 9 सालों के कार्यकाल में 8 बड़ी राजनैतिक फूट देखने मिली है। 2014 में उत्तराखंड में कांग्रेस के 9 विधायक टूट कर भाजपा में गए, 2015 में हिमंता बिस्वासरमा कांग्रेस में शामिल हुए, 2016 में अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत 33 विधायक भाजपा में शामिल हुए, 2017 में कांग्रेस विधायकों के साथ से मणिपुर में भाजपा ने सरकार बना ली, 2018 में कांग्रेस में जेडीएस और कांग्रेस की गठबंधन सरकार के विधायकों को तोड़कर भाजपा ने सत्ता हथियाई, 2020 में मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया से बगावत करवाकर कांग्रेस की सरकार भाजपा ने गिरवाई, 2022 में महाराष्ट्र में शिवसेना में फूट डालकर भाजपा सत्ता में आई, और इस साल 2023 में एनसीपी में भाजपा के कारण फूट पड़ी। इसके अलावा और भी कई नेताओं को भाजपा ने तोड़कर अपने खेमे में शामिल किया है। दल बदल का यह खेल अगले साल के चुनाव तक जारी रहेगा। हो सकता है इससे भाजपा मजबूत हो और उसकी विरोधी पार्टियों के सामने असुरक्षा का खतरा मंडराए। लेकिन असल में इससे देश का लोकतंत्र असुरक्षित हो रहा है, इस बात पर सभी राजनैतिक दलों और जनसेवा के नाम पर राजनीति करने वालों को सोचना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# पीएम आवास योजना से साकार हुआ घर का सपना

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

हर किसी को सुंदर आशियाना का सपना होता है, कुछ लोग किसी तरह से आशियाना बना लेते हैं तो कुछ लोग मकान खड़ा करने में जिंदगी गुजार देते हैं। फिर भी सपना पूरा नहीं होता। ऐसे में गरीबों के सपनों को सरकार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों के सपने को नया पंख लग रहा है।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत के तहत खीरी जिले के 25864 लाभार्थियों को आवासों का चाबी वितरण एवं लाभार्थियो से संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें लाभार्थियों की आंखों में खुशी के आंसू दिखे। कार्यक्रम का सफल संयोजन पीडी एसएन चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी, एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अध्यक्ष जिपं प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 30 लाभार्थियों को चाबी प्रदान की। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह लाभार्थियों को क्यूआर कोड, दो लाभार्थियों को परिचय बोर्ड प्रदान किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सभी लाभार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि सभी आवासहीनों के सिर पर पक्की छत का साया हो जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ऐसे व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। उन्होंने सरकार के 09 वर्ष के कामकाज गिनाए। सरकार ने कमजोर वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन लाकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनकी सामान्य जरूरतों को पूरा करने के काम किया। केंद्र व प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। एमएलसी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि आज हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि यदि आप केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित हैं, तो टोल फ्री नंबर 9090902024 पर मिस कॉल देकर प्रधानमंत्री मोदी जी को आशीर्वाद एवं समर्थन दे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लाभार्थी परिवारो को सुन्दर और अच्छा आवास बनाने के लिए ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



- जनप्रतिनिधि-अफसरों ने लाभार्थियों को सौंपी आवास की चाबी
- केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग लाभार्थियों को बाटी आवास की चाभी, खिले चेहरे
- पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को क्यूआर कोड एवं परिचय बोर्ड की मिली सौगात

### पीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, सुना गया पीएम का उद्बोधन

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के जरिए जनप्रतिनिधियों अफसरों के साथ बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अफसरों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का इतना अच्छा उपयोग करने के लिए लाभार्थी का अभिनंदन भी किया।

### चाबी पाते ही लाभार्थी बोले- पूरा हुआ अपने घर का सपना

सोचा नहीं था कि अपनी छोटी सी कमाई में कभी खुद का पक्का घर भी हो पाएगा, लेकिन यह सपना पूरा हो गया। इसके लिए प्रदेश सरकार को हमेशा धन्यवाद दूंगी।
(कुसमा पत्नी केस पाल, ग्राम लकेसर)

यह सरकार गरीबों की सुनती है, इसके पहले कोई सुनने वाला नहीं था। आज हम भी पक्के घर वाले हो गए। यह सब किसी सपने की तरह लगा रहा था। पर सच हुआ।
(किरण देवी पत्नी हरिओम जमुनिया)

### इनकी रही मौजूदगी

सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीडी एस एन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंह, एलडीएम अजय कुमार पांडे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

### झोपड़ी में भर जाता था घुटनों तक पानी

लाभार्थी गुड़िया देवी पत्नी सर्वेश कुमार व उनका पूरा परिवार आर्थिक तंगी के कारण झोपड़ी में गुजर-बसर को मजबूर था। बकौल सीमा, जरा-सी बारिश और तेज हवा चलने पर झोपड़ी में लगी बल्लियां गिर जाती थीं और झोपड़ी में घुटनों तक पानी भर जाता था। पूरा परिवार इसे बदनसीबी मानकर जी रहा था। योजना का लाभ लेकर उन्होंने झोपड़ी को अब पक्के आशियाने में बदल लिया है। गुड़िया देवी का कहना है कि इस योजना ने उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीने का अवसर दिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित थाना पढुआ का किया लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 07 जुलाई 2023 को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा विधि विधान से पूजन करके नवनिर्मित थाना पढुआ का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी निघासन, सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति तथा भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से समस्त क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं स्थानीय जनता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा यह अपेक्षा की गई कि नवनिर्मित थाना पढुआ में आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगी तथा संपूर्ण क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा।

# सोशल मीडिया पर अश्लीलता व फूहड़ता फैलाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी छात्र सभा द्वारा सदर कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन के नाम पर अश्लीलता व फूहड़ता फैलाने वाले सोशल मीडिया हैंडल व चैनल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

समाजवादी छात्रसभा निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिनमें एक मधु सिंह नाम की महिला प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के नाम पर अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई पड़ रही है। उक्त महिला का यह कृत्य ना केवल समाज को दूषित कर रहा है अपितु शिक्षा जैसे पवित्र कार्य को भी कलंकित करते हुए शिक्षक की गरिमा को भी तार तार कर रहा है। हम समाजवादी छात्रसभा के साथियों ने अपने शिकायती पत्र के माध्यम से उक्त महिला के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की मांग की तथा ऐसे गंदगी फैलाने वाले छात्रों, युवाओं समेत सम्पूर्ण सभ्य समाज को दूषित करने वाले चैनल्स व सोशल मीडिया हैंडल पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस दौरान शिकायती पत्र सौंपते समय प्रशांत लाला, पंकज यादव, अभय सिंह, हरिओम, सचिन कश्यप व रमन मनार, अभिषेक चौरसिया मौजूद रहे।




# विद्यालयों से गायब शिक्षकों के कारण शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल, बच्चों का भविष्य अधर में

**पलिया कलां खीरी समृद्धि न्यूज।**

- सालों से विद्यालयों से गायब हैं दर्जनों शिक्षक, आते हैं सिर्फ खानापूर्ति करने

तहसील क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल।सालों से विद्यालयों से गायब हैं दर्जनों शिक्षक। सिर्फ आते हैं खानापूर्ति करने रजिस्टर पर साइन कर जाते हैं चले।दबी जुबान से कुछ शिक्षकों ने बताया कि बीआरसी पर होता है उक्त शिक्षकों का सेटलमेंट।सूत्रों के अनुसार ?10000 प्रति माह के लगभग शिक्षकों के विद्यालय ना आने की है फीस। थारू जनजाति क्षेत्र के चंदन चौकी में स्थित मौरा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक अतीक अहमद रहते हैं गायब।अगर जिम्मेदार निकलवाए उक्त शिक्षक की कॉल डिटेल तो पता चलेगा कि साल में कितने दिन वह रहे अपने प्राथमिक विद्यालय में मौजूद।

नवागत बीएसए ने जल्द ही कार्रवाई करने की कही बात।बच्चों ने बताया कि सर कभी कभार आते हैं विद्यालय। सूत्रों की मानें तो पूर्व में रहे खंड शिक्षा अधिकारी ने इसी तरह कमाई है मात्र 7 से 10 महीने के बीच में अकूत संपत्ति।

मात्र 7 से 10 महीने मे ही कि अकूत सम्पति अर्जित कर पलिया ब्लॉक क्षेत्र में खरीदी कई एकड़ जमीन।नवागत बी0एस0ए0 से लोगो मे जगी उम्मीद अगर हो जाये पूर्व मे रहे खंड शिक्षा अधिकारी व विद्यालय से गायब शिक्षकों की जांच तो खुल कर आएगा बड़ा मामला सामने।की कैसे अधिकारी व शिक्षक लगा रहे योगी सरकार की मंशा को पलीता।

## गलत इरादे से घर में घुसा युवक, गृहस्वामी ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गलत इरादे से युवक घर में घुस गया। देखने पर युवक अंदर से कुंडी लगाकर भाग गया। पीड़ित गृहस्वामी ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी अमन मिश्रा ने पुलिस को बताया कि बीती चार जुलाई की रात मोहल्ले का ही युवक अनुराग घर में लगे लोहे का दरवाजा तोड़कर गलत नियत से घर में घुस गया। आहट होने पर जब देखा तो वह गेट की कुंडी लगाकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से युवक की मौत

**महोली सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** गन्ने के खेत में खाद डालने गए युवक को सांप ने डस लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जनकारकारी के अनुसार बड़ागांव थाना कोतवाली महोली जिला सीतापुर निवासी रामकिशोर 41 वर्षीय, खेत में बुधवार देर शाम खाद डाल रहा था। इसी दौरान सांप ने पैर में डस लिया। परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक को दिखाया। सुधार न होने पर गुरुवार को बीसीएम खैराबाद में भर्ती कराया गया, जहां पर साम लगभग 5 :00 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आज रामकिशोर का पोस्टमार्टम करायगया जिस के बाद जिसके उपरांत उनका अंतिम संस्कार गांव में कर दिया गया।

### लाभ का लालच देकर 40 लाख ठगे, वापस मांगे तो 16 लाख दिये

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कंपनी में इंवेस्ट करने पर फायदा दिलाने का लालच देकर 40 लाख रुपये ले लिए। बाद में फायदा न मिलने पर जब रुपये मांगे तो 16 लाख रुपये वापस कर दिए। शेष रुपये मांगने पर गाली, गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अनस ने पुलिस को बताया कि मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मोहम्मद शाद ने वर्ष 2021 में उन्हें एक टीशर्ट कंपनी व वाशिंग पावडर कंपनी में इंवेस्ट करने पर अच्छा फायदा होने का लालच दिया। कहा कि कंपनी में इंवेस्ट करने पर अच्छा फायदा होगा। उनकी बातों में विश्वास में आकर उसने 39 लाख 73 हजार 500 रुपये क्रेडिट कार्ड व अन्य माध्यम से दे दिया। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी जब कोई फायदा नहीं हुआ तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। जिसके बाद उन्होंने 15 लाख 84 हजार 800 रुपये वापस कर दिए। 23 लाख 88 हजार 700 रुपये अभी भी शेष हैं। जब उसने शेष रुपये मांगे तो पहले तो वह बहाने बनाता रहा। इसके बाद उसने रुपये देने से इंकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मोहम्मद शाद व मोहम्मद जब्बार ने रुपये लौटाने से इंकार करते हुए न सिर्फगाली, गलौज कर मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

### बीडीओ ने मड़ोरा के ग्रामीणों की जन चौपाल में सुनी समस्यायें

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्रशासन चला गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंड़ेरा खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में तकनीकी सहायक सोहन लाल वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सत्यम सिंह ने पंचायत भवन पर जन चौपाल का आयोजन किया जिसमें ग्राम से आए हुए सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने अपनी सहभागिता दी ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की बुकलेट पढ़कर सुनाई गई हैंडपंप मरम्मत हैंडपंप रीवोर ग्राम से आई हुई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया इसके बाद पंचायत भवन पर वृद्धावस्था पेंशन फार्म योजना निराश्रित महिला पेंशन फार्म दिव्यांग पेंशन वह ग्रामीणों से जुड़ी हुई समस्याओं के लिए रूबरू होते हुए खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार रवि ने सभी की समस्याओं को सुनकर मौके पर निस्तारण किया।

# मां के हत्यारे कलयुगी बेटे को उम्रकैद की सजा

- न्यायालय ने पंद्रह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



मां और बेटे का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है लेकिन यह पवित्र रिश्ता तब तार-तार हो गया जब कलयुगी बेटे जयपाल ने अपनी ही माता रामजानकी सिलबट्टे से प्रहार कर हत्या कर दी थी। उक्त मामले की सुनवाई अदालत में चल रही थी जिसमें विद्वान न्यायाधीश ने मां की हत्या में बेटे को दोषी मानते हुये उसे उम्रकैद की सजा के साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया।

मामला कालपी तहसील के ग्राम कुरहना आलमगीर का है जहां मां और पुत्र दोनों अकेले घर में रहते थे। जहां जयपाल ने 14 फरवरी 2019 को अपनी मां की ही सिलबट्टे से मारकर हत्या कर दी और इस संगीन अपराध से बचने के लिए उसके पार्थिव शरीर को पांच दिन तक मिट्टी में गाढ़ दिया लेकिन कहा जाता है कि एक मां की हाय से कोई नहीं बच सका है इन्हीं दिनों जब रामजानकी की बहन का लड़का विनय अपनी मौसी से मिलने आया तो जयपाल ने उसे दरवाजे से ही भगा दिया और कहा कि घर में चोरी हो गई है बस तभी से गांव वालों व मृतक रामजानकी की बहिन के शक की सुई जयपाल पर घूमने लगी। और जयपाल के मौसिया लाखन ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जब छानबीन की तब रामजानकी की लाश उसी के घर में मिट्टी में गढ़ी मिली। पुलिस ने जब पुत्र जयपाल से पूंछा तो जयपाल कुछ ना कह सका और तत्काल पुलिस ने एफआईआर पंजीकृत कर उस पर भारतीय दंड संहिता 302 व 201 का मुकदमा दर्ज किया। इसी के संदर्भ में 7 जुलाई 2023 को कलयुगी बेटे को माननीय न्यायालय एफटीसी (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) ने आजीवन कारावास व पंद्रह हजार रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई। वहीं न्यायालय में इस मुकदमा अपराध संख्या 47/9 की पैरवी एडीजीसी (क्राइम) हृदेश पांडेय द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने एक मां को न्याय दिलवाया है और एक कलयुगी पुत्र को दंडित किया है।

## बस के इंतजार में खड़े राहगीर को डम्फर ने रौंदा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे व्यक्ति को डंपर ने टक्कर मारी। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुठौंद थाना क्षेत्र निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पिता राजेंद्र प्रसाद किसी काम के चलते गुरूवार को जालौन आए थे। शाम को घर वापस लौटने के लिए वह प्रतापपुरा मोड़ के पास किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान वहां से आ रहे तेज रफ्तार डंपर के चालक ने उनके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डंपर व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# बाइक गल्ला मंडी गेट पर मिली, यूनूस मिस्त्री चौबीस घंटे से लापता

- बेटे ने दी कोतवाली पुलिस को तहरीर, सकुशल बरामदगी की लगायी गुहार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार को घर से एक घंटे में वापस आने की बात कहकर निकला व्यक्ति शुक्रवार की शाम तक वापस नहीं लौटा। जब घरवालों ने तलाश किया तो बाइक गल्ला मंडी गेट के सामने मिली। लापता व्यक्ति के बेटे ने कोतवाली में सूचना देकर पिता की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पहलवानबाड़ा निवासी मोहम्मद असद ने पुलिस को बताया कि उनके पिता मोहम्मद यूनुस फ्रिज व वाशिंग मशीन सुधारने का काम करते हैं। गुरूवार की शाम करीब चार बजे उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ काम है एक घंटे में काम निपटाकर वह वापस आ रहे हैं। इसके बाद वह बाइक लेकर चले गए। रात तक जब वह वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की। तलाशते हुए जब वह लोग गल्ला मंडी के पास पहुंचे तो पिता की बाइक गल्ला मंडी के सामने खडी थी। लेकिन पिता का कहीं पता नहीं चला। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। आसपास पूछतांछ करने पर पता चला कि उनके पिता को कोई व्यक्ति अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया था। अब तक सभी संभावित स्थानों पर तलाशने के बाद भी पिता का कहीं पता नहीं चला है। पीड़ित पुत्र ने पुलिस से पिता की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

# कोटरा नगर की मुख्य सड़क बरसाती मौसम में दलदल में तब्दील

**कोटरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- राहगीरों के वाहन तो दूर पैदल निकलना भी हो रहा मुश्किल
- आदर्श नगर पंचायत का खिताब नगरवासियों के लिये बन गया गले की फांस



आदर्श नगर पंचायत का खिताब मिलने के बाद नगर की सड़कों का कैसा हाल होना चाहिये यह कस्बा कोटरा की मुख्य सड़क को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। आलम यह है कि कस्बे की मुख्य सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गयी जिस पर दोपहिया वाहन तो छोड़िये चार पहिया व पैदल राहगीरों को कीचड़ के बीच से निकलने को विवश होना पड़ रहा है। कस्बावासियों को सबसे ज्यादा मलाल इस बात का है कि जनपद के जनप्रतिनिधि भी इस बारे में पूरी तरह से उदासीनता पूर्ण रवैया अपनाये हुये हैं। जिससे नगरवासी अब खुद का ठगा सा महसूस समझ रहे हैं।

आजादी के पूर्व तक जनपद के अंतिम छोर पर बसा कस्बा कोटरा कभी अपनी बुलंदियों पर इतराता था जब जल मार्ग से व्यापार होता है उस दौरान कोटरा नगर समूचे देश में विख्यात था। लेकिन देश की आजादी के बाद कोटरा को ऐसी नजर लगी कि वह आज तक विकास की किरणों से कोसों दूर दिखायी देता है। इस दौरान नगर का विकास कराया गया यह हकीकत है लेकिन जितने विकास की दरकार कोटरा थी उस गति से विकास नहीं हो सका इसका मलाल भी नगरवासियों के चेहरों पर साफ तौर पर देखा जा सकता है। कहने के लिये यदि नगर में आवागमन के लिये सड़कें अच्छी है तो उसे विकसित नगर माना जाता है। लेकिन यहां तो ठीक उलट कहानी है। कस्बा की मुख्य सड़क विगत कई वर्षों से गड्ढ़ों में तब्दील हो चुकी है। जिसकी लंबाई बमुश्किल तीन किलोमीटर ही होगी उसका निर्माण सालों से लटका पड़ा है। आज आलम यह है कि मुख्य सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो चुका हैं जिससे भारी वाहन तो किसी तरह से निकल जाते है। लेकिन छोटे चारपहिया व दोपहिया वाहनों का निकलना मानो किसी जंग जीतने से कम नहीं होता। फिर पैदल राहगीरों को तो कीचड़ में ही घुसकर निकलने को विवश होते ही है। कुछ इसी तरह का हाल नगर में स्वास्थ्य सेवाओं का है। वह भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। यदि नगरवासी बीमार हो जाते हैं तो वह जिला मुख्यालय पहुंचकर प्राइवेट चिकित्सकों से उपचार कराने देखे जा सकते हैं। फिलहाल नगरवासियों की नजरें जनप्रतिनिधियों की ओर लगी हुयी है कि कब उनकी मेहरबानी होगी और कब नगर की मुख्य सड़क का निर्माण होगा।

## जमीनी रंजिश के चलते वृद्ध पर जानलेवा हमला

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला हिरदेशाह में जमीनी रंजिश के चलते वृद्ध के साथ के गाली, गलौज कर जान से मारने की नीयत से सांग से वार करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी रामऔतार द्विवेदी 19 जून को अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। तभी जमीन को लेकर रंजिश मानते हुए टिंकू ने गाली, गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से उन पर सांग से हमला कर दिया। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। उक्त मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित टिंकू को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चुंगी नंबर चार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# शिक्षा व्यवस्था के बेहतर संचालन में शिक्षक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका : अखिलेश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**






शिक्षा व्यवस्था के बेहतर संचालन एवं शासन के निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने मे शिक्षक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है, उम्मीद है शिक्षक संगठन शिक्षक हितो के साथ ही नौनिहालो को गुणवत्तपरक शिक्षा प्रदान करने और विभागीय कार्यक्रमों के सम्पादन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे उक्त उदगार नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए व्यक्त किये, शिक्षक संघ ने उन्हे हर स्तर पर रचनात्मक सहयोग का आश्वाशन दिया , जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी के नेतृत्व मे बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर उन्हे जिले मे शिक्षकों से संबंधित विविध प्रकरणो से अवगत कराया ,उन्होंने जिले मे संगठनों की भूमिका से भी बी एस ए को अवगत कराया और अपेक्षा की कि शिक्षक और शिक्षा हित मे मान्यता प्राप्त अधिकृत संगठनों को ही अधिकृत माना जाये ,इस अवसर पर संगठन के जिला मंत्री आराध्य शुक्ल ने स्कूल चलो अभियान और निपुण लक्ष्य प्राप्त मे संगठन के सकारात्मक सहयोग का वचन दिया इस अवसर पर संगठन के मण्डलीय मंत्री पंकज अवस्थी ,पिसावा मंत्री अवधेश यादव् ,एलिया अध्यक्ष डॉ राकेश गौतम सहित विविध ब्लॉको के अध्यक्ष /मंत्री और जिला कार्यसमिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल के औषधि वितरण कक्ष से मरीज को दी एक्सपायरी दवा

- सीएमओ बोले मामले की करायेंगे जांच करेंगे कार्यवाही

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**






जिला अस्पताल में मरीजों के जीवन के साथ किस तरह से हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है इसका जीता जागता नमूना उस दौरान सामने आ गया जब एक मरीज चिकित्सक को दिखाने पहुंचा और चिकित्सक ने पर्चे पर दवायें लिख दी। जब बीमार मरीज औषधि वितरण कक्ष में दवा लेने गया तो वहां पर बैठे व्यक्ति ने उसे एक्सपायरी डेट की दवा थमा दी। जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामला सीएमओ के संज्ञान में पहुंचते ही उन्होंने कहा कि वह पूरे मामले की जांच करायेंगे और यदि कोई कर्मचारी दोषी है उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक युवक जिला अस्पताल में बीमार होने के चलते दिखाने गया था जहां पर उसने सर्जन चिकित्सक को दिखाया तो डाक्टर पर पर्चे पर दवा लिखकर औषधि वितरण कक्ष से दवायें लेने को कहा इस मरीज सीधे औषधि वितरण कक्ष के बाहर पहुंचा जहां उसने अपना पर्चा काउंटर पर बैठे स्वास्थ्य कर्मी को दिया तो उसने पर्चे में दवा देखने के बाद उसे एक्सपायरी डेट की दवा थमा दी। चूंकि युवक को इस बात की जानकारी थी कि दवाओं के रैपर पर दवा की एक्सपायरी डेट डली रहती है लिहाजा उसने जैसे ही दी गयी दवा का रैपर देखा तो वह दवा एक्सपायरी डेट की निकली। इस पर उसने जब औषधि वितरण काउंटर पर बैठे स्वास्थ्य कर्मी को बताया कि जो दवा मुझे दी गयी है वह तो एक्सपायरी डेट की है इस पर स्वास्थ्य कर्मी ने कोई ध्यान दिया और मरीज युवक को वहां से चलता कर दिया। इसके बाद मामला जब मीडिया तक पहुंचा तो मरीज युवक का पर्चा व उसे दी गयी एक्सपायरी डेट की दवा का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। जैसे की उक्त जानकारी जिला अस्पताल के जिम्मेदारों को पता चली तो वहां हड़कंप मच गया और मरीज युवक की तलाश शुरू हुई लेकिन वह मरीज युवक तब तक जिला अस्पताल से जा चुका था। जब उक्त संबंध सीएमओ डा. एनडी शर्मा से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि वह पूरे प्रकरण की जांच करायेंगे और यदि एक्सपायरी डेट की दवा देने वाला स्वास्थ्य कर्मी दोषी पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### महादेवा मेला को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने महादेवा मेला की तैयारी का रामनगर परिसर में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में बैरिकेडिंग पार्किंग व बैरियर व्यवस्था, बोहनिया व अभरण तालाबों की सफाई, साफ सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, मेला में दुकानों आदि को सुसज्जित ढंग से लगवाए जाने, सोलर लाइट, मेला में विक्रय सामग्री का रेट निर्धारण, मेला परिसर में सांड एवं छुट्टा जानवरों को हटाया जाना, मेला अवधि में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, मेला क्षेत्र में अग्निशमन की एक बड़ी व एक छोटी गाड़ी मेला अवधि तक पूर्णतः बनी रहे। उन्होंने कहा कि नालियों पर ढके पत्थर कहीं-कहीं टूट गए हैं ढकने हेतु पत्थर रखवाए जाने की व्यवस्था, मेला क्षेत्र में लगने वाली समस्त दुकानों पर दुकानदार का नाम व पता पहचान पत्र सहित रेट बोर्ड लगवाने की कार्यवाही, मेला क्षेत्र में दुकानदारों एवं अन्य द्वारा लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने रामनगर निरीक्षण भवन में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ईओ रामनगर को मोबाइल ट्यालेटस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता बाढ़ कार्य को अभरन तालाब में नेट/जाल लगाने के लिए निर्देशित किया।

मेला परिसर का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने मेला परिसर में लगी हुई दुकानदारों से बात की और उन्होंने उन्हें कूड़दान का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। जिससे की मेला परिसर में गंदगी न फैलने पाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी मसौली को सड़क के किनारे लगी झाड़ियां जल्द से जल्द छटवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर की दीवार पर लगे मधुमक्खी के छत्ते को तत्काल हटाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अतिरिक्त डाक्टर व नर्स की तैनाती रोस्टर के अनुसार लगाये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला परिसर में किसी भी परिस्थिति में छुट्टा जानवर मेला परिसर में न घूमने पाये, इसके लिए समुचित व्यवस्था पूर्ण कर ली जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रारंभ होने के पूर्व ही समस्त सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। तालाबों की साफ-सफाई पूरी तरह से करा दी जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रकाश व्यवस्था बनी रहे जिससे आवागमन में राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। स्वास्थ विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चार एंबुलेंस रिजर्व रखी जाएंगी।

# छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने के लिए ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से ली मदद

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीरापुर में इन दिनों छुट्टा मवेशियों को लेकर ग्रामीण अपनी फसल रखवाली करने को लेकर परेशान रहती है ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान से शिकायत कर पकड़वा करके गौशाला ले जाने की मांग की प्रधान ने ग्रामीणों की बात पर तत्काल संज्ञान लेकर अपने ब्लॉक के अधिकारियों से बात कर तुरंत निजात दिलाया है। जानकारी के लिए बता दें कि सरकार द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर खोले गए गौशाला जिससे किसान की फसल बर्बाद होने से बच सके ऐसा एक जीता जागता मामला सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत बीरापुर में इन दिनों छुट्टा जानवरों को लेकर अपनी फसल रखवाली के लिए रात दिन जागकर ग्रामीण बहुत ही परेशान हो चुके थे। इसकी शिकायत कई बार मुंह जबानी ब्लॉक के अधिकारियों से की थी लेकिन किसी भी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। जिससे बृहस्पतिवार को ग्रामीण परेशान होकर प्रधान के पास बात रखी तत्काल बीरापुर प्रधान अपने ब्लॉक के अधिकारियों को अवगत करा कर फसल बर्बाद कर रहे छुट्टा जानवरों को गौशाला भेजवाने के लिए बात कही थी।



# चार्टर्ड अकाउंटेंट बन क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सहजनवा गोरखपुर।** सहजनवां क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी शिप्रा सिंह सोलंकी पुत्री स्वर्गीय अमरेंद्र सिंह ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया ।इसकी सफलता पर परिवार के साथ साथ गांव और क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बताते चलें कि 1 वर्ष पूर्व शिप्रा सिंह सोलंकी के पिता अमरिंदर सिंह का आकस्मिक देहांत हो गया था, जिससे घर पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा था, फिर भी इसने हिम्मत नहीं हारी और पढ़ाई जारी रखी और अंततः उसने चार्टर्ड अकाउंटेंट बन कर सफलता प्राप्त कर ली। हाई स्कूल की परीक्षा 2013 में इसने सेंट जोसेफ स्कूल सहजनवां से पास की तथा इंटर की परीक्षा 2015 में द्रौपदी देवी त्रिपाठी खजनी से उत्तीर्ण करके बीकॉम की परीक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी 2018 में पास करके दिल्ली में जाकर वहीं रहकर तैयारी किया करती थी। इसने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय पिता, माता और समस्त गुरुजनों को दिया है।

## भूमि विवाद में दो पक्षों हुई मारपीट, दो महिलाएं घायल

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में भूमि विवाद के चलते दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट की घटना में दो महिलाएं घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई है। मारपीट की यह घटना थाना क्षेत्र के टिकरिया सैदखान गांव की है। गांव निवासी सुरेश चंद्र कश्यप और राम सजीवन के मध्य काफी समय से भूमि विवाद चला आ रहा है ।इसी विवाद के चलते शुक्रवार को दोनों पक्ष आमने सामने आ गए ।देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडा और गुम्मे चलने लगे ।मारपीट की इस घटना में रामसजीवन की पत्नी श्यामा देवी और सुरेश कश्यप की पत्नी अंजली घायल हो गई ।दोनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जहां श्यामा देवी की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## नगरवासियों की समस्याओं का निस्तारण के लिए अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** नगर पंचयात अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने वार्ड में पहुच कर लोगो से मिलकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी किया।वार्ड वासियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश।शुक्रवार की सुबह आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने नूरवाफ वार्ड में अपने निकाय चुनाव के संकल्प पत्र में किए गए वादे के क्रम में समस्त विभाग के कर्मचारियों को लेकर प्रत्येक जनता द्वार पर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना वृद्धा,विधवा व दिव्यांग पेंशन किसान सम्मान निधि राशनकार्ड स्ट्रीट वेंडर्स(रेहड़ी-पटरी) योजनाओं से वंचित व अन्य समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्रवाई कर निराकरण हेतु संबंधित कर्मचारीयों अधिकारियों को निर्देशित किया।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य की मृत्यु से शोक की लहर

**अयोध्या।** जिले की ग्राम पंचायत बनंदनपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसूरत की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई।उनकी मृत्यु की सूचना से क्षेत्रीय लोगों के अलावा उनके परिचितों में भी शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार तराई बाग शेरवाघाट सरजू तट पर किया गया।मुखाग्नि उनकी पत्नी क्षेत्र पंचायत सदस्य शोभावती ने दी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पार्टी के अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल,पार्टी के मंडल जोन इंचार्ज वीरेंद्र कुमार गौतम,पूर्व प्रधान विजयपाल,पूर्व ग्राम प्रधान रमेश कुमार आनंद, पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष विश्वनाथ कुमार,अनुसूचित जाति/जनजाति विकास समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सहाय,कालिका प्रसाद,अनिल वर्मा,जसवंत कुमार ओमप्रकाश गौतम,ग्राम प्रधान ब्रह्मादिन कनौजिया,सुनील पाल, श्री राम,शोभाराम वर्मा,राजमणि वर्मा,गुरुदयाल गुप्ता,डॉ राम तीरथ व बाबूलाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे और नम आंखों से लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मेड काटने का विवाद : दबंग ने विधवा महिला को घर में घुसकर की मारपीट

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** खेत की मेड काटने से मना करने पर एक विधवा महिला के साथ विपक्षी द्वारा जान से मारने की धमकी देने घर में घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया हैं। महिला ने थाना लोनी कटरा में तहरीर देकर विपक्षी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के खैराकनकू गांव निवासिनी निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय विनीत कुमार के खेतों के बगल में खैरावीरू गांव निवासी लक्ष्मीकांत पुत्र जगदीश प्रसाद का खेत हैं। गुरुवार की शाम 7-00 बजे विपक्षी फावड़े से खेत की मेड काटकर अपने खेत मे गिराने जा रहे थे। मना करने पर गालियां देते हुए दौड़ा लिया और जान से मारने की धमकी दी, यही नहीं जब वह भागकर अपने घर में घुस गई तो विपक्षी ने घर में घुसकर बाल पकड़कर गिरा दिया परंतु हल्ला गुहार करने पर विपक्षी मौके से भाग गया।

## उपभोक्ताओं के लिए सौगात है अमेज डिस्ट्रीब्यूटर सेंटर : राजू भैया

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हैदरगढ़ में खुला अमेज का डिस्ट्रीब्यूटर सेंटर सफलता का पर्याय बनेगा। क्योंकि आम उपभोक्ता इस ब्रांड की विश्वासनीयता को आत्मसात कर चुका है। स्पष्ट है कि स्थानीय हैदरगढ़ के डिस्ट्रीब्यूटर सूरज साहू इस दिशा में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेंगे।उक्त बात सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने साहू मोबाइल केयर पर अमेज डिस्ट्रीब्यूटर सेंटर के उद्घाटन के दौरान कही। राजू भैया ने कहा कि युवा व्यवसाई सूरज साहू ने इस ब्रांड को हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्राहकों एवं डीलरों को उपलब्ध कराने का जो बीड़ा उठाया है उसमें वह जरूर सफल होंगे। अमेज ब्रांड के जीएम संजय सिंह ने कहा कि सिर्फ 4 वर्षों में अपनी उत्तम क्वालिटी, ग्राहक को सबसे अच्छी सर्विस, उचित कीमत पर सबसे आधुनिक तकनीक के प्रॉडक्ट उपलब्ध कराकर अमेज ने पूरे भारत समेत कई देशों के उपभोक्ताओं में एक भरोसा और विश्वास प्राप्त किया है। अमेज के पूरे भारत में 400 से भी अधिक डिस्ट्रिब्यूटर और 15000 से भी अधिक डीलर का मजबूत नेटवर्क है। इस अवसर पर कंपनी के अमेज ब्रांड के जनरल मैनेजर संजय सिंह ,ब्रांच मैनेजर प्रदीप कुमार मिश्रा , ब्रांच इंचार्ज यशपाल सिंह ने शिरकत किया। उद्घाटन के बाद जनरल मैनेजर संजय सिंह , समाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया,ब्रांच मैनेजर प्रदीप कुमार मिश्रा, यशपाल सिंह और प्रोपराइटर सूरज साहू ने सभी सम्मानित डीलर्स के साथ मिलकर केक काटकर अमेज के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक दूसरे को बधाई दी।

## 47 लाभार्थियों को मिली पीएम सीएम आवास की चाभी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत नवनिर्मित आवासों के गृह प्रवेश एवं चाबी वितरण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकास खंड सभागार में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 47 लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का बनारस से किया जा रहा संबोधन भी विकासखंड मुख्यालय एवं ग्राम सचिवालय में देखा गया। खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं संतोष मिश्रा के संचालन में हुए समारोह में ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि आवासों का वितरण तो पहले भी होता आया है परंतु यह पहली बार हुआ है कि बिना किसी बिचौलिया की भूमिका के भाजपा सरकारों के शासनकाल में पूरी पारदर्शिता के साथ आवासों का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजा गया है यही नहीं आवासों का मालिक बना कर महिलाओं को मान सम्मान देने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया हैं।

# राहुल गांधी की अपील रद्द होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

गुजरात हाई कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील को रद्द करने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सच सुनना पसंद नहीं करती है।जिस प्रकार एक हल्के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है, वह निंदनीय है।उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गई है।ईडी और सीबीआई की जांच से डरकर जो लोग सत्तारूढ़ दल की सदस्यता लेते हैं,उनकी सभी जांचे बंद कर केंद्र की सरकार उन्हें क्लीनचिट दे देती है।पूरे देश में चल रहा यह कृत्य स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा के विरुद्ध है।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से केंद्र की सरकार बौखला गई है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी को परेशान करने के लिए और उन्हें सरकार के कुकृत्य को उजागर करने से रोकने का प्रयास केंद्र की सरकार प्रयास कर रही है लेकिन राहुल गांधी का नारा डरो मत का अनुसरण करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र में बैठी जनविरोधी और तानाशाह सरकार से डरने वाले नहीं हैं।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गुजरात हाई कोर्ट का निर्णय राजनीति से प्रेरित लगता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेंद्र मणि पांडेय उमेश उपाध्याय, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, प्रमिला राजपूत अशोक राय, आशीष यादव, सविता यादव, प्रेम कुमार पांडेय, अशफाक उल्ला, सरजू प्रसाद वर्मा, आशुतोष सिंह, सतीश यादव रोहित यादव व इंद्रभान यादव आदि उपस्थित रहे।

# रामनगरी में पुष्प वर्षा से हुआ वंदे भारत का स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच शुक्रवार को रामनगरी पहुंची वंदेभारत ट्रेन का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।ट्रेन पर पुष्पवर्षा के दौरान लोगो के जय श्री राम व भारत माता की जय के जयघोष ने वातावरण गुंजायमान कर दिया।शाम करीब पांच बजे से ही लोगो का जमावड़ा अयोध्या रेलवे स्टेशन पर लगना प्रारम्भ हो गया था।पूरा रेलवे स्टेशन स्वागत के लिए खड़े संतो,श्रद्धालुओं व भाजपा कार्यकर्ताओं से भरा हुआ था।बड़ी संख्या में महिलाएं भी पुष्पवर्षा में शामिल रही।स्वागत के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हुए।वंदेभारत ट्रेन आने से पहले रेलवे स्टेशन पर जनसभा आयोजित की गई।

जनसभा को संबोधित करते हुए मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयनदास ने कहा कि रामनगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के साथ यहां आने वाले पर्यटकों को अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार लगातार परियोजनाएं प्रदान कर रही है।अयोध्या को बेहतर आवागमन सुविधा से युक्त करना सरकार की प्राथमिकताओ में है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के संचालन ने आवागमन सुविधाओं में अत्याधुनिकता का समावेश किया है।मध्यम वर्ग के लिए लोगो के लिए इस ट्रेन का संचालन काफी उपयोगी साबित होगी। इससे गोरखपुर अयोध्या व लखनऊ की दूरियां तय करने में लगा समय काफी कम हो जायेगा। यह पर्यटन के साथ व्यापारिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण होगा।जिला प्रभारी व एमसलसी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि मध्यम, व्यापारी व नौकरी पेशा वालों के व्यस्ततम समय को लेकर यह ट्रेन वरदान सी साबित होगी।कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंचना यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला होगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सड़क व रेल मार्ग को बेहतर बनाया जा रहा है।पयर्टकों व श्रद्धालुओं हेतु अयोध्या में एयरपोर्ट व विश्व मानको से युक्त रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। बाराबंकी-अयोध्या-अकबरपुर जफराबाद रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है।महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रेलवे ओवरब्रिज का जाल विछाया जा रहा है।

# पंकज खेतान की अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल, दी श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

गुरुवार को हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले कस्बा निवासी पंकज खेतान का आज अवसानेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में कस्बा वासियों ने हिस्सा लिया। अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने वालों में राजकुमार अग्रवाल राजेंद्र कुमार अग्रवाल शिव कुमार चतुर्वेदी कृष्ण कुमार द्विवेदी राम मिश्रा शिव बहादुर सिंह पंकज अग्रवाल आशुतोष संजीव गोयल शैलेंद्र सिंहल जितेंद्र सिंघल अंकित अग्रवाल सियाराम गर्ग सभासद राजीव अवस्थी आदि शामिल रहे। पंकज खेतान की मौत के बाद परिवार में उनकी पत्नी के अलावा 24 वर्षीय पुत्री नैना खेतान एवं 23 वर्षीय पुत्र अनुज खेतान ही है। मृतक जहां अकाउंटेंट का काम करके परिवार के लिए आजीविका कमाता था वही पत्नी घर में छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर किसी तरह परिवार का पेट पालते थे जबकि पुत्र और पुत्री पढ़ाई कर रहे थे।

# सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



करीब एक सप्ताह से सरयू नदी में चल रही कटान नदी का जलस्तर बढ़ने से थम गई है। जिससे तेलवारी गांव में नदी के मुहाने पर बसे ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है। सरयू नदी का जलस्तर स्तर शुक्रवार को चेतावनी लेवल पार कर गया। जिससे गांवों में होने वाली कटान तो थम गई है किन्तु आने वाली बाढ़ को लेकर ग्रामीणों की मुसीबत कम नहीं हुई है।

ग्रामीण बाढ़ आने से पूर्व हर वर्ष की भांति तैयारियां शुरू कर दी है। नदी के मुहाने पर बसे गांव गोबरहा के रविनंदन ने बताया कि बीते दो तीन बर्षो से नदी काटते काटते उनके दरवाजे पर आ गई है। इस बार बाढ़ विभाग द्वारा उनके मकान को बचाने के लिए कोई कार्य नहीं कराया गया। जिससे इस बार आने वाली बाढ़ से उनका मकान बचना मुश्किल होगा। वहीं बाढ़ की परेशानियों को लेकर पूरा परिवार परेशान हैं। नदी का जलस्तर बढ़ने से कहारनपुरवा, टेपरा, सनावां, कोठीडीहा, सिरौलीगुग, इटहुआ पूरव, भौरीकोल, तेलवारी आदि बाढ़ प्रभावित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों बाढ़ से बचने के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। लोग ऊंचे स्थानों पर जगह तलाश करने के साथ ही भोजन और सूखे ईंधन के साथ ही जानवरों के चारे का इंतजाम करने लगे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय एमओयू से छात्रों को रोजगार एवं प्रशिक्षण मिलेगा : कुलपति

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच एमओयू किया गया।शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में एमबीए विभाग का पहला अन्तरराष्ट्रीय एमओयू अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच किया गया। इस एमओयू में कुलपति प्रो0 गोयल व कंपनी की सीईओ प्रियंका मालिक पांडेय के बीच अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया।इससे पहले कुलसचिव उमानाथ व सीईयों के मध्य अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया। इस अनुबंध पर कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि छात्रों को रोजगार एवं स्किल विकसित करने के लिए कंपनी के मध्य अनुबंध किया गया है।इनके द्वारा छात्रों को समय समय पर रोजगार एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण मिलेगा। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अन्तरराष्ट्रीय कंपनी के साथ करार होना गर्व की बात है।छात्रों को आधुनिकतम जानकारी के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी द्वारा छात्रों को रोजगार देने में सहयोग करेंगे।अंर्तरराष्ट्रीय कंपनी की सीईओ प्रियंका मालिक पांडेय ने बताया कि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किया गया है।छात्रों को कंपनी रोजगार मुहैया कराने के साथ प्रशिक्षण भी करायेगी।एमबीए विभाग के विभागध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के साथ एमबीए विभाग का पहला अंर्तरराष्ट्रीय एमओयू किया गया।यह आईटी की कंपनी है जो बीबीए,बीसीए, एमबीए के छात्रों को रोजगार एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण देंगी।

# पीएम आवास की चाबी वितरण एवं ग्रह प्रवेश कार्यक्रम हुआ

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



विकास खंड रामनगर के सभागार मे ग्रह प्रवेश एवं चाबी वितरण समारोह खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के संयोजन मे आयोजित हुआ। चाभी वितरण समारोह मे ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा गरीबों के लिए सोचते हैं गरीबों का कैसे भला हो गरीब कैसे खुशहाल रहे हमेशा चिंतन करते रहते हैं।उन्होंने देश मे गरीबों को पक्का मकान देकर यह सिद्ध कर दिया कि उनकी सोच ही गांव के अंतिम छोर पर बसे प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने की है।ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा जो लोग छूट गये पात्र हैं उन्हें भी चुनाव से पहले आवास मिल जाएगा।

देश और प्रदेश का चौमुखी विकास मोदी और योगी सरकार कर रही है गांव में पानी की टंकियां बन रही हैं मुफ्त राशन मिल रहा है।

# नव चयनित आशाओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में और गति लाने के लिए नव चयनित आशाओं के तृतीय बैच का आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण संपन्न हों गया।प्रशिक्षण के उपरान्त दर्शन नगर प्रशिक्षण केन्द्र में समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन द्वारा नव चयनित आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।तृतीय बैच के मूलभूत प्रशिक्षण में कुल 25 नव चयनित आशा शामिल हुई।इसमें 16 मिल्कीपुर और 09 मवई ब्लॉक की थी।कार्यक्रम में उपस्थित नव चयनित आशाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में भूमिका पर बात करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरान्त जब आशाएं अपने क्षेत्र में जायें तो सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की सभी बच्चों,बड़ों और बुजुर्गों में पंहुच बनाने में आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रुप मे अपनी सेवाएं क्षेत्र की आम जनता को बेहतर ढंग से प्रदान करें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आज हम सभी इससे बखूबी वाकिफ हैं कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और उनकी सफलता की उम्मीद में आशा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो चुकी है।उन्होंने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहीं सभी नव चयनित आशाओं को उनके बेहतर भविष्य के साथ साथ प्रेरित किया कि वो अपने प्रशिक्षण उपरान्त जब फील्ड में जाएं तो उन्हे किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।जिले में वृक्षारोपण अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण समापन अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जैन ने उपस्थित आशाओं को जीवन में वृक्षों के महत्व तथा जल संचयन की संभावनाओं व ऑक्सीजन में वृद्धि की जानकारी दी साथ ही प्रेरित किया कि सभी लोग वृक्षारोपण में बढ़ चढ़ कर भाग लें जिससे जिले को हरा भरा रखने में आपका महत्वपूर्ण योगदान हो। नोडल अधिकारी वृक्षारोपण/फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डी.के.श्रीवास्तव ने इस अवसर पर बताया कि जनपद की स्वास्थ्य इकाईयों सहित अपने घर और गांव में भी फलदार तथा स्वास्थ्यवर्धक पौधे जरूर लगाएं जिससे फलों के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक वृक्ष अंश लोगों को सुगमता से प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षक गण डॉ. सी.पी.सिंह, श्री एन, बी.मिश्रा, डीसीपीएम अमित कुमार व श्री वी.पी सिंह उपस्थित रहे।

# दिलीप गुप्ता के निधन से शोक की लहर, परिवार में आजीविका का संकट

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**




साइकिल स्टैंड और लइया बताशा बेचकर परिवार का पेट पालने वाले नगर के पूरे मितई वार्ड निवासी 35 वर्षीय दिलीप गुप्ता का आज दोपहर बाद लखनऊ में उपचार के दौरान निधन हो गया । शनिवार को औशनेश्वर महादेव मंदिर घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। ग्रह स्वामी की मौत से परिवार पर आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी लगभग 3 वर्ष की पुत्री के अलावा मानसिक विक्षिप्त भाई व 25 वर्ष की बहन हैं मृतक के माता पिता की मौत काफी पहले हो चुकी है। पिछले काफी समय से बीमार चल रहे दिलीप गुप्ता के उपचार में हर संभव सहयोग देने वाले चेयरमैन आलोक तिवारी उनके निधन की सूचना पर आवास पर पहुंचे और उनकी पत्नी को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। पति की मौत से बदहवास पत्नी ने जब बताया कि उनके पास अंतिम संस्कार के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है तो आलोक ने अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। श्री तिवारी कि इस संवेदनशीलता की हर तरफ प्रशंसा हो रही हैं।

# ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी ने पीएम आवास लाभार्थी परिवार का विधि विधान से कराया ग्रह प्रवेश

**आवास की चाबी पाकर लाभार्थियो ने पीएम सीएम का जताया आभार**

पनवाड़ी (महोबा)। समृद्धि न्यूज





**प्रधानमंत्री** आवास योजना (ग्रामीण) के निर्मित हो चुके आवासों में लाभार्थियों को ग्रह प्रवेश कराने व चाबी सौंपने का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को पीएम आवास की महिला लाभार्थी को उसके परिवार सहित ब्लाक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, खंड विकास अधिकारी सन्तराम, सचिव निर्देश पटेल ने पूरे विधि विधान के साथ ग्रह प्रवेश कराते हुए आवास की चाबी सौंपी है। लाभार्थी परिवार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी का आभार व्यक्त किया है। कहा कि पीएम आवास से उन्हें व परिवार को सिर छिपाने का ठिकाना मिल गया है। बता दें कि गांव सभा पनवाड़ी की जरीना पत्नी नसीम,रीमा पत्नी नरेंद्र विश्वकर्मा देवगनपुरा को ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा पीएम आवास के लिए चयनित किया गया था। सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए खाते में बारी बारी से पैसा ट्रांसफर किया गया। लाभार्थी द्वारा जारी पीएम आवास डेमो के अनुसार निर्माण कराया। हालांकि दी जा रही धनराशि डेमो के आधार पर बेहद कम थी,लेकिन लाभार्थी परिवार ने शासन की मंशानुसार स्वयं श्रम करते हुए आवास निर्मित करा दिया। ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी और उनके प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी,बीडीओ सन्तराम,सचिव निर्देश पटेल लाभार्थी के घर पहुँचे तो सभी का लाभार्थी परिवार ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलों की माला पहनाई,इसके बाद ग्रह प्रवेश कराया तथा पीएम आवास की चाबी सौंपी है। बीडीओ ने निर्मित आवास की साज-सज्जा को सराहा है।

## गाय के झुंड से टकराई बाइक, होमगार्ड घायल

**इटावा।** जसवन्तनगर क्षेत्र के कचौरा घाट सड़क मार्ग पर स्थित जनकपुर गाँव के पास बाइक सवार एक होमगार्ड की गाय के झुंड से टकरा जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए निजी वाहन से होमगार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। विवरण के अनुसार कि गाँव गारमपुरा का रहने वाले 52 वर्षीय महेश चन्द्र को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने गाँव से ड्यूटी करने अपने होमगार्ड कार्यालय जा रहे थे कि तभी कचौरा बाइपास पर स्थित जनकपुर गाँव में सड़क पर अचानक सामने गाय का झुंड आ जाने से मोटरसाइकिल गाय से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगो ने उन्हें निजी वाहन की सहायता से जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां घायल होमगार्ड का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने बताया की उनके सीधे पैर के घुटने में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक ने बताया कि सही जानकारी पैर का एक्सरे होने के बाद सामने आएगी की फैक्चर तो नहीं है परन्तु मरीज की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# जैतपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा डाली जा रही घटिया सीसी सड़क

महोबा। समृद्धि न्यूज





**जनपद** महोबा में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यो में निरंतर अनियमितताएं बरती जा रही हैं इसका ताजा उदाहरण है कस्बा जैतपुर में निर्माणाधीन 3 करोड़ की लागत से लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क जिसमें ठेकेदार द्वारा निरंतर अनियमितताएं बरती जा रही हैं ओपीसी 53 ग्रेड सीमेंट की जगह 43 ग्रेड का साधारण सीमेंट इस्तेमाल किया जा रहा है घटिया सीमेंट के प्रयोग से लगभग प्रति बोरी में ?150 की बचत कर लाखों रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है विभागीय अधिकारी आंख बंद कर हो रहे घटिया निर्माण कार्य को बल दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि बनते ही सड़क में कई जगह दरारें पड़ चुकी हैं बगैर बेस डाले बरसात में दलदल के ऊपर ही सीसी सड़क डाली जा रही है अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार अपनी मनमर्जी से गुणवत्ता विहीन कार्य करा रहे हैं। लगभग 4 किलोमीटर की सीसी निर्माण में कहीं भी सीसी डालने वाली मशीन का इस्तेमाल नहीं किया गया सिर्फ पटिया के सहारे निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता से बात की तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मुझे अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है जब उनसे सीमेंट व वेस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मैं जानकारी करके बताता हूं। इस प्रकार से लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता के टालमटोल वाले ज़बाब से कार्य में भ्रष्टाचार की संलिप्तता साफ तौर पर नजर आ रही है । स्थानीय लोगों का कहना है कि इसमें जिले के आला अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए नहीं तो यह गुणवत्ता विहीन सड़क कुछ ही दिनों में धराशाई हो जाएगी और सरकार का करोड़ों रुपए बर्बाद हो जाएगा।

# शुभम् अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

बेलाताल, महोबा। समृद्धि न्यूज



**जैतपुर** के शुभम् अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में प्रथम वरीयता के आधार पर सफलता हासिल की है,वह ऐसा करने वाले जैतपुर ब्लाक क्षेत्र के पहले छात्र है, शुभम अग्रवाल ने दिल्ली में रहकर ही अपनी तैयारी की है वह कई वर्षो से दिल्ली में रह रहे थे वहीं से उन्होंने आर्टिकलशिप पूरी की इस सफलता पर जहां उनका पूरा परिवार खुशी है वही उनके गृह नगर जैतपुर बेलाताल कस्बा में भी युवाओं एवं उनके साथियों मैं उत्साह देखा गया है शुभम अग्रवाल ने आज अखबार को दिए अपने इंटरव्यू में बतलाया कि मेरी इस सफलता के पीछे मेरे दादा दादी राधेश्याम उर्फ राधे बाबू दादी कृष्णा देवी की बहुत बड़ी भूमिका रही है उन्होंने बचपन से हमें सुबह से उठाया समय पर स्कूल भेजा प्रतिदिन फोन पर हमें शिक्षा कैसी करनी है कैसे रहना है कैसे जाना है कैसे आना है मन लगाकर पढना पूरी शिक्षा उन्होंने दी है में मेरे दादा वह मेरे लिए भगवान है इसके अलावा मेरे पिताजी एवं माताजी एवं परिवार के सभी सदस्यों का मेरे ऊपर आशीर्वाद रहा है शुभम अग्रवाल के पिता सुनील अग्रवाल भाजपा के पूर्व मन्डल अध्यक्ष रह चुके है, शुभम् अग्रवाल ने गांव का नाम रोशन किया है,जिसको लेकर श्री आदर्श रामलीला सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष इंद्रपाल रिछारिया ने शुभम् अग्रवाल के घर जाकर उनका मीठा मुंह कराया एवं स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया इस मौके पर शुभम अग्रवाल के पिता सुनील अग्रवाल उनकी माताजी नीलम अग्रवाल दादा राधे बाबू दादी श्रीमती कृष्णा देवी एवं रामलीला मंडल के संरक्षक चौधरी मैथली शरण अग्रवाल बृज भूषण गुप्ता भी मौजूद रहे।

## सीसीटीएनएस योजना की रैंकिग में पुलिस को मिला दूसरा स्थान

इटावा। समृद्धि न्यूज

**सीसीटीएनएस** योजना की प्रगति के संबंध में प्रत्येक माह जनपदों की प्रेषित की जाने वाली रैंकिग में इटावा पुलिस ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शीर्ष 10 में जगह बनाई। एनसीआरबी द्वारा प्रत्येक माह सीसीटीएनएस की प्रगति सम्बन्ध में विभिन्न पैरामीटर्स की सूचना के आधार पर सभी राज्यों से उक्त सूचना प्राप्त करके प्रगति डेशबोर्ड के रूप में राज्यों की रैकिंग प्रेषित की जाती है, उक्त के अनुसार ही मुख्य सचिव, उ.प्र. के निर्देशानुसार सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में प्रत्येक माह जनपदों की भी रैंकिग की जाती है। इसी क्रम में माह जून माह के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिग की गयी जिसमें जनपद इटावा द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया।

# चयनित एसआई एएसआई को कप्तान ने वितरित किये नियुक्ति पत्र



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने पुलिस कार्यालय मे इटावा से उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित एसआई एएसआई गोपनीय, लिपिक एवं लेखा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया गया है। इसी कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में वरिष्ठ पलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस कार्यालय में इटावा से उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित एसआई एएसआई गोपनीय, लिपिक एवं लेखा अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

# सैफई पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार



**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। वादी अंकित कुमार पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम हरदोई थाना सैफई 4 जून को उसके पिता साहब सिंह पुत्र राजाराम का धर्मेन्द्र पुत्र रामदुलारे, रवि पुत्र फागुनदास, राजेश उर्फ मास्टर पुत्र बालादीन, कैलाश पुत्र फागुनदास व शिशुपाल से कुछ जमीनी विवाद हो गया था जिसने उसके पिता की हत्या कर दी। घटना के सफल अनवरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सैफई से पुलिस टीम का गठन किया गया। थाना सैफई पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी तभी आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना सैफई पुलिस द्वारा हत्यारोपी धर्मेन्द्र पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम हरदोई थाना सैफई इटावा को थाना क्षेत्रांतर्गत एक्सप्रेस वे से करीं की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपी से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया कि उसकी पत्नी के संबंध मृतक साहब सिंह के सम्बध थे जिससे उसने हत्या कर दी। इस सफलता में मो. कामिल प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. बृजेश कुमार सिंह, का. पुष्पेद्र, का. अजीत सिंह, का. हिमांशु का सराहनीय योगदान रहा।

# डीपीएस बना डिजिटल एंड हाइब्रिड लर्निंग में जिले का पहला स्कूल

**माइक्रोसॉफ्ट, टैक एवेंट और सीबीएसई ने की संयुक्त पहल**

इटावा। समृद्धि न्यूज







**कोरोना** के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई से सबक लेते हुए दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट टैक इवेंट और सीबीएसई ने मिलकर एक अनोखी पहल की शुरुवात की है जिसमें तीनों संस्थाओं ने मिलकर हर जिले से एक स्कूल का चयन किया है जिसमें 1000 बच्चों को डिजिटल और हाइब्रिड लर्निंग का प्रशिक्षण दिया जाना तय हुआ है। डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल ने इस महत्वपूर्ण प्रयास में बड़ी सफलता पाई है ढ्ढ विशेष बात यह है कि यह प्रशिक्षण कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के सभी बच्चों को दिया जायेगा ढ्ढ कक्षा 11 और 12 में वैकल्पिक होगा ढ्ढ इसमें सीबीएसई के विभिन्न एक्सपर्ट सभी बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने बताया कि, माइक्रोसॉफ्ट, टैक इवेंट और सीबीएसई की इस संयुक्त पहल पर छात्रों,शिक्षकों एवं अभिभावकों को टेक्नोलॉजी के हर एक क्षेत्र से परिचय कराया जाएगा उन्होंने बताया कि, इस कार्यक्रम के तहत हाइब्रिड लर्निंग फाइनेंशियल डिजिटल लिटरेसी के अलावा कुछ हेल्थ प्रोग्राम भी चलाए जाने हैं जिसमें हाइब्रिड लर्निंग के तहत कक्षा आठ के छात्रों की क्लास को स्टूडियो में बदलकर लगभग 40 लैपटॉप के जरिए सीबीएसई के विभिन्न एक्सपर्ट्स पढ़ाएंगे। डिजिटल लिटरेसी के तहत 10वीं एवं 12वीं के 1000 बच्चों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें माइक्रोसॉफ्ट में इंटर्नशिप होगी साथ ही छात्रों को प्रमाण पत्र भी मिलेगा । ज्ञात हो कि,पुणे में हुए जी-20 सम्मेलन के शिक्षा पर आधारित जैम फोरम में भी इस प्रकार के हाइब्रिड लार्निंग प्रोग्राम को काफी सराहना मिल चुकी है।

## करंट लगने से दुकानदार समेत दो की मौत

**बांदा।** इलेक्ट्रिक कांटा चार्ज में लगाते समय करंट लग जाने से दुकानदार चिपक गया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक अन्य घटना में बोर्ड से बिजली चालू करते समय करंट लग जाने से किसान चिपक गया। उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कस्बे के नहर पटरी निवासी लखनलाल (40) पुत्र बालेश्वर घर में आटा चक्की लगाए हुए है। शुक्रवार की सुबह वह इलेक्ट्रिक कांटा चार्ज करने के लिए प्लग लगा रहा था। तभी उसका पैर कटे हुए तार में छू गया, जिससे करंट की चपेट में आकर लखनलाल चिपक गया। वह काफी देर तक चिपका रहा। मौके पर पहुंचे पड़ोसी युवक ने देखा तो घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घरवालों ने उसे करंट से मुक्त कराया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया गया। वहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

# श्रीजी का शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ: विशाल जैन

इटावा। समृद्धि न्यूज



**शहर** के बीचों बीच स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के आंठवे दिन भगवान के समक्ष 1024 अर्ध्य भक्ति नृत्य के साथ समर्पित किए गएढ्ढ

प्रातःकाल श्रीजी अभिषेक और शांति धारा करने का सौभाग्य माता पिता बने सुबोध प्रकाश जैन और सौधर्म इंद्र विशाल जैन को प्राप्त हुआढ्ढतदोपरांत विधान प्रारंभ संगीत के साथ किया गयाढ्ढ

विधान में प्रतिष्ठाचार्य संजय शास्त्री सिहोनियां सह प्रतिष्ठाचार्य प्रशांत शास्त्री संदीप जैन ने संपन्न कराया जिसमें यज्ञनायक सुशील जैन कुबेर इंद्र रमेश चंद्र जैन श्रीपाल मैनासुंदरी रवींद्र जैन , अभय जैन विवेक जैन सुमन जैन श्रद्धा जैन भारती जैन रचना जैन पूनम जैन पकज जैन मनोज जैन पूरन जैन समस्त इंद्रगणो भगवान के समक्ष 1024 अर्ध्य समर्पित किये।

विधान के मुख्य पात्र लाल रंगलाल परिवार है। सायंकाल रमेश चंद्र जैन, मालती जैन, रोहित जैन, श्रद्धा जैन को महाआरती ले जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो पंसारी टोला मार्ग होते जैन धर्म शाला लालपुरा जैन मंदिर ढोल नगड़ो के साथ पहुंची। इसके उपरांत श्रीजी की भक्ति नृत्य संगीत के साथ आरती संपन्न की गई जिसमे महिलाएं और पुरूष भगवान के समक्ष भक्ति नृत्य में झूम उठे। तदोपरांत मैनासुंदरी का कार्यक्रम प्रतुस्त किया गया। महिलाएं और पुरुषों ने बढचढकर हिस्सा लिया। श्रीपारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा मे श्री सिद्धचक्र महामंडल विश्व शांति महायज्ञ का समापन कल यानी शनिवार को विशाल जैन ने बताया कि प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा और पूजन किया जायेगा इसके उपरांत हवन कुंड 108 मंत्रो द्वारा आहुति दी जायेगी।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ पौधारोपण





**इटावा।** वन महोत्सव के अंतर्गत चले सप्ताह के अंतिम दिन आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह दिखाते हुए बड चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कई पौधे रोपित किए । इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश यादव ने बताया कि पौधे लगाना एवं बड़े होने तक उनकी देख रेख करना अत्यंत आवश्यक है । उन्होंने बताया कि आज की परिस्थितियों में जहां प्राण वायु प्रदूषित होती जा रही है, तापमान बढ़ता जा रहा है वहां वृक्ष ही जीवन बचा सकते है। उन्होंने सभी बच्चों को संकल्प दिलवाया कि वे अधिक से अधिक पौधे रोपित करेंगे।

# खबरें एक नजर में

## कंपनी की टीम ने छापेमारी कर बरामद किया नकली नमक

**इटावा।** जसवन्तनगर नगर क्षेत्र के नमक विक्रेताओं के यहां टाटा नमक कंपनी की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में दोनों थोक विक्रेताओं के यहां फर्जी टाटा कंपनी का नमक बरामद हुआ। इस मामले में दोनों विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया गया है कि मैनपुरी के हिन्दपुरम कालोनी निवासी प्रदीप कुमार जो कि अनुसंधान ग्लोबल कम्पनी में इंवेस्टीगेटर पद पर कार्यरत हैं। उनकी टीम ने जसवंतनगर के मोहल्ला गुलाबबाड़ी स्थित मैसर्स बाबा जी ट्रेडर्स स्वामी त्रिलोकी नाथ पुत्र केशव कुमार गुप्ता की दुकान से 10 पैकेट व कचौरा मार्ग पर स्थित दुकान स्वामी ग्राम जुगौरा के रहने वाले अनीस पुत्र हरिओम की दुकान से 148 पैकेट टाटा साल्ट से मिलता जुलता टाटा नमक के डुप्लीकेट नमक को खाद्य अधिकारी कपिल गुप्ता द्वारा पकड़वाया गया है। कपिल गुप्ता ने दोनों दुकानों से 4-4 पैकेट नमूने सील किये हैं। प्रदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि यह दोनों नमक विक्रेता टाटा ब्रांड की आड़ में डुप्लीकेट नमक की बिक्री कर रहे थे। दोनों के पास से 150 पैकेट नकली नमक पकड़ा गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों विक्रेताओं के खिलाफ सम्बन्धित धारा 63/65 कॉपीराइट अधिनियम संसोधित 1957 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी नमक के पैकेटों को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि टाटा नमक की ओर से आई टीम ने नमक पकड़ा है। फर्जी नमक बेचने के मामले में दो लोगों के खिलाफ धारा 63/65 कॉपीराइट अधिनियम (संसोधित) 1957 से सम्बंधित मुकदमा दर्ज किया गया है।

## करंट लगने से दरोगा की मौत, परिवार में छाया मातम

**इटावा।** थाना क्षेत्र चौबिया की करीं चौकी पर तैनात एक सब-इंस्पेक्टर की कूलर से करंट लगने से मौत हो गई। सब-इंस्पेक्टर विजय यादव विगत रात 3 बजे करीं चौकी इंचार्ज दर्शन सिंह सोलंकी के साथ पुलिस गश्त करके लौटे थे, देर रात वो कमरे से बाहर गए बारिश के चलते कच्ची जमीन पर वो फिसल गए और कूलर के स्टैंड से करंट की चपेट में आ गए और करन्ट लगने से उनकी मौत हो गयी। सुबह 7 बजे के करीब सब-इंस्पेक्टर को जमीन पर पड़ा देख चौकी के स्टाफ को इस घटना की जानकारी हुई। घटना के जानकारी के बाद स्थानीयों की भारी भीड़ पुलिस चौकी के बाहर जमा हो गयी।सब-इंस्पेक्टर का एक हाथ कूलर के स्टैंड से चिपका मिला जो विद्युत करंट से पूरी तरह जल चुका था। सब-इंस्पेक्टर विजय सिंह यादव पूर्व में सिपाही थे जो हाल ही में प्रोन्नत होकर सब इंस्पेक्टर बने थे और चौबिया थाने की करीं चौकी पर तैनाती थी। सब इंस्पेक्टर की आकस्मिक मौत से उनके परिवार पर दुख व मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। सिपाही से प्रोन्नत होकर सब-इंस्पेक्टर बनने के कारण विजय यादव के घर मे खुशी का माहौल था लेकिन अचानक घटी इस घटना ने खुशी के माहौल को गम के मंजर में तब्दील कर दिया। सब इंस्पेक्टर की करंट लगने से मौत के बाद समूचे इटावा पुलिस महकमे में गम का माहौल है व पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी।। फिलहाल पुलिस ने मृतक सब-इंस्पेक्टर विजय यादव के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया

**इटावा।** आगामी श्रावण माह एवं जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों द्वारा पुलिस बल के साथ अपनें-अपनें थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैदल गश्त किया। आगामी श्रावण माह के दृष्टिगत जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**इटावा।** थाना जसवन्तनगर क्षेत्र के ग्राम सकौआ में एक दलित व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट करने व गाली गलौज करने आदि के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। बताते हैं कि न्यायालय के आदेश पर प्रहलाद सिंह ठाकुर, नवाब सिंह ठाकुर, सौरव ठाकुर पुत्रगण प्रहलाद सिंह ठाकुर तथा बिट्टा देवी पत्नी प्रहलाद सिंह ठाकुर के विरुद्ध धारा 323, 452, 504, 506 एवं एससी/ एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## परिवार सहित पहुंची महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव में रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया है कि गांव में ही रहने वाले दंपति समेत चार लोगों ने उसका शौचालय तोड़ दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और लाठी फरसा लेकर हमला करने का प्रयास किया। पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एसपी का दिए गए शिकायती पत्र में बिसंडा थाने के हस्त गांव निवासी सोनिया पत्नी सत्यनारायण ने एसपी का दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2018 में उसने शासन से 12 हजार रुपया मिला था, इससे उसने शौचालय का निर्माण करवाया था। उस समय किसी को कोई आपत्ति नहीं थी। पहली जुलाई को अजय पुत्र श्ज्ञिवराम, सोनू उर्फआलोक पुत्र शिवराम, मालती पत्नी शिवराम और शिवराम पुत्र महावीर ने उसके शौचालय का तोड़ दिया। पीड़िता ने मना किया तो सभी लोग लामबंद होकर कुल्हाड़ी और फरसा लेकर आए और उसके बच्चों को मारने के लिए दौड़े। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। बताया कि थाने में सूचना दी गई। अगले दिन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को छोड़कर सड़क किनारे खड़ा करके पीड़िता की फोटो खींची गई। पीड़िता ने घटनास्थल की फोटो खींचन को कहा तो कुछ सुनाई नहीं हुई और वहां से चले गए। पुलिस के जाने के बाद आलोक, अजय, मालती व शिवराम मिलकर निर्माण कार्य करा रहे हैं और कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# पांच हजार छियालिस लाभार्थियों को मिली आवास की चाबी

- जनपद में 32977 लाभार्थियो को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास
- गरीब परिवारों के लिये संजीवनी है आयुष्मान कार्ड: डीएम
- आयुष्मान कार्ड से गरीब परिवारो को मिल रही है बेहतर चिकित्सकीय सुविधा



लाभार्थियों को पीएम आवास की चाबी सौंपते डीएम व सदर ब्लाक प्रमुख — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आपकी** उन्नति और कल्याण के लिये सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाये चलाई जा रही हैं। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा संचालित की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज की व्यवस्था की गयी है। यह बातें जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने पीएसएम कॉलेज परिसर में आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। कार्यक्रम में 5046 लाभार्थियो को आवास की चाभी एवं 11 लाभार्थियो को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। इस प्रकार का आयोजन ब्लाक/पंचायत स्तर पर भी किया गया। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित पीएसएमपीजी कालेज परिसर में आयुष्मान कार्ड वितरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आयोजित हुए कार्यक्रम में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला और सदर ब्लाक प्रमुख ने लाभार्थियो को प्रधानमन्त्री आवास की चाभी सौंपी वहीं 11 लाभार्थियो को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गौरतलब है कि जनपद में कुल 643298 आयुष्मान लाभार्थियो की संख्या है। 352577 लाभार्थियो का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि जिन पात्र लाभार्थियो का आयुष्मान कार्ड नही बना है, वह पंचायत सहायक, आशा, जनसेवा केन्द्र आदि के माध्यम से बनवा लें। इस कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा आसानी से मिलेगी। 05 लाख तक इलाज का खर्च भारत सरकार द्वारा व्यय किया जायेगा। उन्होने कहा कि अब हर परिवार का मकान पक्का होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत हर पात्र लाभार्थी को लाभान्वित किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 32977 लाभार्थियो को लाभान्वित किया जायेगा। उन्होने कहा कि उक्त योजना की पात्रता का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। नये लाभार्थियो को भी शामिल किया जायेगा। उन्होने कहा कि सरकार पूरी तरह से आप लोगों के विकास के लिये तत्पर है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मंत्री असीम अरुण के प्रतिनिधि विवेक पाठक समेत अन्य अधिकारीगण एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

# बिना किसी भेदभाव के पहुँच रहा है सरकार की योजनाओं लाभः संदीप चतुर्वेदी

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वितरित की गई चाबियां



चाबी वितरित करते ब्लॉक प्रमुख व वीडीओ — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रधानमंत्री** आवास (ग्रामीण) योजना अंतर्गत ब्लॉक जलालाबाद व गुगरापुर के विभिन्न गांवों में आवास बनवाये गये थे। ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित समारोह में लाभान्वित परिवारों को गृह प्रवेश हेतु चाबी वितरण की गई लाभार्थियों को संबोधित करते हुए गुगरापुर ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने समाज के निचले पायदान के लोगों का जीवन स्तर सुधारने और गरीब लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अनेकों लाभकारी योजनाएं बनाई और उनका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। जिससे समाज के सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना भी इसी का एक अंग है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी। इस दौरान 100 लोगों को चाबी वितरण की गई और 75 लोगों को गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर सचिव, ग्राम प्रधान समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# समाज सेवा में इनरव्हील क्लब की भूमिका सबसे ज्यादा अहमः लवली जायसवाल

- जेल में बंद महिला कैदियों को ट्रेनिंग देकर सिलाई मशीन उपलब्ध कराएगी इनरव्हील क्लब

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



इनरव्हील क्लब के अधिस्थापन दिवस के अवसर पर सम्बोधित करतीं मुख्य अतिथि अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल

**समाज** सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही इनर व्हील क्लब का अहम योगदान है। उक्त उद्गार शुक्रवार को इनरव्हील क्लब के अधिस्थापन दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पधारीं अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने मकरंदनगरं क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष में इनरव्हील क्लब तरह-तरह के समाज सेवा के कार्य करके महिलाओं का दिल जीत लेती है। उनके द्वारा किए गए मेंहदी प्रतियोगिता, हड़तालिका तीज प्रतियोगिता, बाल दिवस प्रोग्राम अविस्मारणीय है। कहा कि जो भी असहाय, गरीब कैदी जो जेल में बंद है उनकी कोई सहायता करने वाला नही है तो मैं अधिवक्ताओं के माध्यम से उनकी पैरवी करवाकर उनको न्याय दिलवा रही हूं। उन्होंने कहा कि लिंग परीक्षण, बेटियो के साथ भेदभाव बिलकुल बर्दशात नही किया जायेगा। कुछ लोग लड़को की चाहत में महिलाओं के गर्भ के समय में ही अल्ट्रासाउंड करवा लेते है, ऐसा करने पर उस व्यक्ति को सजा दी जा सकती है। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई विधिक जानकारी दी। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष शोभा गुप्ता ने कहा कि जो महिलाएं जेल में बंद हैं, उनको जेल में ही इनर व्हील क्लब की और से निशुल्क ट्रेनिंग देकर सिलाई मशीने दी जाएंगी, जिससे वह जेल से बाहर आने पर सिलाई करके अपना जीवन यापन कर सके। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर ज्योत्सना शुक्ला ने नव निर्वाचित अध्यक्षा शोभा गुप्ता को और पूर्व सचिव कोमल मिश्रा ने नव निर्वाचित सचिव वाणी गुप्ता को चार्ज सौंपा। वहीं मुख्य अतिथि ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष शोभा गुप्ता ने मुख्य अतिथि अपर जिला जज को क्लब की ओर से पौधा और स्मृति चिन्ह भेट किया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष ज्योत्सना शुक्ला, वाणी गुप्ता, सरोज पाठक, रीता पाठक, नीता कपूर, रोली गुप्ता, कोमल मिश्रा, बीनू दुबे, रंजना भट्टाचार्य, प्रभा गुप्ता, अंजना मेहरोत्रा, दीपाली टंडन, कृष्णा अवस्थी ,ममता शुक्ला, आरती जैन, पूजा जैन, ज्योति गुप्ता, सुनीता सक्सेना, रीना मेहरोत्रा, अंजू जैन , रीता सक्सेना, माया जैन, जया जैन, सहित कई इनरव्हील क्लब की सदस्य उपस्थित थी। मंच का संचालन रोली गुप्ता एवम् दीपाली टंडन ने किया।

# दहेज हत्या के मामले में पति और सास को सुनाई गई सात वर्ष सजा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर मृतका के पति और सास को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास और आठ-आठ हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया है। ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम रूरा निवासी खुशनुमा ने विगत वर्ष 13 फरवरी 2018 को सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए ग्राम सारोंतोप गांव निवासी अपनी पुत्री के पति मुईन, सास उदीसा बेगम, ससुर यार अली और जेठ पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि घटना से 3 वर्ष पहले उन्होंने अपनी पुत्री सायना की शादी मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ की थी। क्षमता के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद बेटी के ससुरालीजन एक लाख की नकदी और बाइक की मांग करने लगे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने पुत्री का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था। इसकी उसने मायके में शिकायत की थी। जिसके बाद उसकी पुत्री को ससुरालीजनों ने जलाकर मार डाला। मामले में मायके पक्ष ने मृतका के पति मुईन, ससुर यार अली, सास उदीसा बेगम व जेठ पप्पू के खिलाफ तहरीर दी थी। जबकि विवेचना के दौरान पुलिस ने ससुर यार अली और जेठ पप्पू के खिलाफसाक्ष्य न होने के कारण उनके नाम हटा दिए थे और पति मुईन और सास उदीसा बेगम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए गए थे। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर मृतका के पति और सास को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

# खबरें चलते-चलते

## अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालियों ने महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालियों ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी सदर के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चित्तरपुरबा निवासी आसमा बेगम ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि उसका विवाह गांव के अयाज के साथ हुआ था। शादी के बाद पति अयाज, सास कनीजा, जेठ रियाज, नंदोई हसरत, ननंद शबनम, देवर इकबाल ने दहेज में उससे एक लाख की नकदी, सोने की अंगूठी एवं बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। अतिरिक्त दहेज की पूर्ति ना होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता क्षेत्राधिकारी से गुहार लगाई और उनके आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने नाबालिग के साथ की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने नाबालिग के मोबाइल पर मैसेज भेजा और छेड़छाड़ करते हुए जातिसूचक गालियां देकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित नाबालिक की माने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि मोहल्ले के ही शाहरुख पुत्र रहमान ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर दिए और उसके मोबाइल पर अभद्र मैसेज भी भेजें। जब उसकी पुत्री ने इस बात का विरोध किया तो युवक ने उसकी पुत्री के साथ जातिसूचक गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच सीओ सदर प्रियंका वाजपेई को सौंपी है।

## प्रधान पति पर वृद्ध दंपत्ति ने लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पेड़ काटने से मना करना वृद्ध दंपत्ति को महंगा पड़ गया। मना करने के बाद प्रधान पति व उसके अज्ञात साथियों ने बुजुर्गों को मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तरपुरवा निवासी वीरपाल ने बताया है कि 16 मई की सुबह 10 बजे ग्राम प्रधान के पति अविनाश निवासी गुगरापुर बांगर के द्वारा उसके पुराने खेत में खड़ा शीशम व लभेडे के पेड़ काटकर उसकी लकड़ी को ट्रैक्टर पर लाद कर ले जाने लगे। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो वह अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे और प्रधान पति से लकड़ी ले जाने को मना किया। जिस पर ग्राम प्रधान नीतू सिंह के पति अविनाश और उसके अन्य साथियों ने मिलकर वृद्ध दंपत्ति से गाली गलौज करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पानी पाइप के विवाद में युवती को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पानी पाइप के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने युवती से गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गोरीनवादा समधन निवासी साहिबा बानो पुत्री शकील ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते गुरुवार की शाम करीब 04 बजे जब वह अपने घर के दरवाजे पर थी। तभी गांव पर ही कुछ लोग आए और पानी के पाइप के विवाद को लेकर उससे गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए उसके पिता से भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## गौवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

**सौरिख, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गौवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

- तीन वर्ष पहले हुई थी विवाहिता की शादी, मुकदमा दर्ज

**सौरिख, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शादी** में मिले दहेज से संतुष्ट न होने से नाराज ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने

थाना इंदरगढ़ के गांव छेड़ीपुरवा निवासी संध्या पुत्री स्व. फूल सिंह ने बताया कि मेरी शादी तीन वर्ष पूर्व सौरिख थाना क्षेत्र के गांव नगला दड़ूअन निवासी जदुनाथ के पुत्र कुलदीप के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने घरेलू सामान समेत खूब दान दहेज दिया था लेकिन ससुरालीजन शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और 6 महीने बाद दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। ससुरालियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इसकी उसने अपने मायके वालों को दी। जब मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो ससुरालियों ने उनके साथ भी मारपीट की और कहा मेरे और मेरी पत्नी के बीच में अगर आए तो जान से मार देंगे। पीड़िता का आरोप है कि पति कुलदीप, ससुर जदुनाथ, सास श्यामा देवी, देवर व चचिया ससुर नंदराम और चचिया सास नीरज ने उसे मारापीटा और कहा कि दहेज में 50 हजार नकद और एक सोने की चेन मायके से लेकर आना नहीं तो जान से मार देंगे, पीड़िता ने कहा कि उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त ससुरालियों के खिलाफदहेज उत्पीड़न और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# ईओ ने नगर में चलाया अतिक्रमण व पॉलीथिन अभियान



तिर्वा रोड पर अभियान चलाती ईओ मीनू सिंह



जेसीबी से अतिक्रमण हटवाती ईओ मीनू सिंह

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- अभियान को देख दुकानदारों में मचा हड़कंप
- अधिशासी अधिकारी ने दो दुकानों से बसूला जुर्माना

**सिंगल** यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को गुरसहायगंज नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा दुकानों पर पहुंचकर प्लास्टिक एवं थर्माकोल से बने दोना पत्तल आदि जप्त कर लिए गए। जिसको देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अधिशासी अधिकारी की टीम ने दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देशन पर पालिका की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधन के तहत नगर के तिर्वा रोड पर अभियान चलाया। जिसमें पालिका के कर्मियों ने नगर में थर्माकोल व प्लास्टिक के बने दोना पत्तल को जप्त भी कर लिया। जिसको देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पालिका प्रशासन ने प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर दुकानदारों से आर्थिक दंड राशि वसूली की गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्लास्टिक का उपयोग करने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कपड़े के थैले का उपयोग करने की अपील की। साथ ही रोड के किनारे पड़े गिट्टी मोरम के ढेरों को भी हटवाया। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने पालिका कर्मियों को निर्देश दिए कि सफाई अभियान में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाए। रोड के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, प्रसनजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारगार का किया निरीक्षण

- कारगार में शिविर लगाकर बन्दियों को दी गई विधिक जानकारी
- जेल में निरूद्ध बन्दियों को जमानत मिलने के पश्चात, जमानतदार न मिल पाने की वजह से नहीं रुकेगी रिहाई, अस्थायी जमानत के साथ निजी मुचलके पर छोड़ा जा सकेगा



कारागार का निरीक्षण करतीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जनपद** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के आदेश के अनुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशं/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बैरकों का निरीक्षण किया। कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। वहीं उन्होंने महिला बंदियों को उनकी निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड के इस्तेमाल हेतु प्रेरित किया। जिला कारागार में कुल 820 बंदी हैं, जिसमें 778 पुरुष, व 42 महिलाये तथा 04 बच्चे है।

सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जमानत मिलने के पश्चात जमानतदार न मिल पाने की वजह से रिहायी नहीं रुकेगी बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार जमानदार न मिलने पर अस्थायी जमानत के साथ निजी मुचलके पर छोड़ा जा सकेगा, जिससे अभियुक्त स्वयं बाहर जाकर अपने जमानतदार न्यायालय में दाखिल कर सके। प्राधिकरण की सचिव ने महिला बैरकों का निरीक्षण कर बन्दी महिलाओं से वार्ता की। निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला बंदियों को कौशलपूर्ण कार्यो का कोई प्रशिक्षण कारागार में नहीं दिया जा रहा है, ऐसे में उन्होने जेल अधीक्षक को महिला बंदियों को उनके सकारात्मक सोच को विकसित करने हेतु कौशलपूर्ण कार्य सिखाये जाने हेतु आवश्यक एवं उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने लीगल एड प्राप्त करने वाले विचारादीन बंदियों के रजिस्टर एवं लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि यदि ऐसा कोई भी विचाराधीन बन्दी जोकि जेल दाखिला की तिथि से तीस दिन के भीतर सम्बन्धित न्यायालय में जमानत की याचिका प्रस्तुत करने में अक्षम है, तो ऐसे अभियुक्तों का सम्पूर्ण विवरण अंकित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। कहा कि विचाराधीन बन्दी जो अपने वाद की पैरवी हेतु प्राईवेट वकील करने में अक्षम हैं, तो वे उन बन्दियों के प्रार्थना पत्र कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में प्रेषित कर कार्यालय का पूर्ण सहयोग प्राप्त कर सकते है। यह भी निर्देशित किया कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पश्चात स्वयं ही किसी कारण से अपने जमानतदार दाखिल करना नही चाहते उनके उक्त कथन व कारण को उल्लिखित करते हुये लिखित रूप में प्राधिकरण में भेजना सुनिश्चित करें। शिविर में अस्सिटेट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल मोहम्मद सैफ ने विचाराधीन बंदियों को प्ले बार्गेनिक के विषय पर जानकारी दी। इस दौरान कारागार का समस्त स्टाफ समेत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक बसन्तराम तथा पराविधिक स्वयं सेवक कासिम मौजूद रहे।

# मालगाड़ी से कटकर अज्ञात अधेड़ की मौत

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम जसौली के निकट मालगाड़ी से कटकर एक अज्ञात अधेड़ शख्स की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची स्थानीय चौकी पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों से घटना के बारे मे जानकारी की और मृतक के शिनाख्त हेतु पूछताछ की। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मौर्चरी में रखवा दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जसौली के निकट मालगाड़ी से कटकर अज्ञात अधेड़ शख्स की दर्दनाक मौत हुई। वही रेलवे कर्मचारी विनोद ने बताया कि उसको सूचना मिली थी कि एक अज्ञात शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना के आधार पर रेलवे कर्मचारी विनोद मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि मृतक लगभ्भग 40 से 45 वर्ष का है। पुलिस ने शव की शिनाख्त हेतु क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन शिनाख्त नही हो सकीं।

# चौपाल में ग्रामीणों ने की आवास की मांग



पंचायत भवन अलीनगर में शिकायतें सुनते अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद समृद्धि न्यूज़**

- जन चौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**शासन** ने प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़े। उनकी समस्या का समाधान गांव में ही हो सके।

इसी के तहत शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीनगर व अनौगी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत अलीनगर में मनरेगा से चकरोड बनबाने की एक शिकायत दर्ज हुई। अनौगी में ग्रामीणों ने आवास की मांग की। अधिकारियों ने संबंधित को समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने लाभार्थी योजना का लाभ कैसे ले सकते हैं। आवेदन कहां कैसे करें व कौन-कौन दस्तावेज लगेंगे आदि के बारे में जानकारी दी। कृषि सम्बन्धी जानकारी, आवास के लिए अप्लाई करना, पेंशन सहित अन्य कार्यों के पात्रों अपात्रों की जानकारी दी गयी। इस दौरान सचिव रामानंद, प्रधान सूरजभान, उर्मिला, नसीर, अमित कुमार समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची झुलसी



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आकाशीय बिजली गिरने से घर का सामान जल गया तथा बच्ची झुलस गयी। सूचना पाकर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आंकलन किया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बवना निवासी मुबीन खां पुत्र हमीद खां अपने परिजनों के साथ घर में सोए हुए थे और सुबह परिजन जागकर चाय नाश्ता करने लगे। अचानक आकाशीय बिजली गड़गहड़ाई तथा मुबीन खां के घर पर गिर गई। जिससे घर में बैठी मां के पास डेढ़ वर्षीय बच्ची शिफा गंभीर रूप से झुलस गई।

बिजली गिरने की धमक से लेंटर तक चटक गया तथा दीवारों का प्लास्टर छूटकर अलग जा गिर। प्लास्टर लगने से पुत्र शमीम भी चोटिल हो गया। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक सामान, फ्रीज, कूलर आदि जल गये। आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गये। सूचना पाकर पहुंचे लेखपाल ने हुई क्षति का आंकलन किया।

## मारपीट की पीड़िता ने तीसरी बार दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसकी पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने शुक्रवार को पुनः तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना क्षेत्र की ग्राम उमरपुर निवासी सुधा देवी पत्नी दिलीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पति बाहर रहते है। वह बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। गांव में रहने वाले परिजन उसके साथ आये दिन गाली-गलौज कर मारपीट करते हैं। जिसकी शिकायत की थी।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में मुख्यालय पर पहुंचकर दिया धरना

- गदनपुर चैन में पीड़िता पर दर्ज कराये गये मुकदमे को वापस करने व ध्वस्त किये गये मकान का मुआवजा, आवास दिलाने की मांग



किसानों से वार्ता करते एडीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों पानी की टंकी के लिए चिन्हित की गई जमीन को एसडीएम ने दबंगों से कब्जा मुक्त करायी थी। दबंगों ने गाली-गलौज कर कराये जा रहे निर्माण कार्य का रोक दिया था तथा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या की धमकी दी थी। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी घटना को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) गुट के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विवेक सिंह प्रताप के नेतृत्व में लगभग 40 से 45 लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना दिया। किसान यूनियन की मांग है कि पीड़िता गुड्डी देवी आदि पर दर्ज कराये गये मुकदमे को वापस लिया जाये और रहने के लिए जगह तथा मुआवजा भी दिलाया जाये। सूचना पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, सीओ सीटी प्रदीप सिंह ने वार्ता की। एसडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने आश्वान दिया कि आवासहीन महिला को आवास के लिए पट्टा किया जायेगा। इसके बावजूद भी किसानों ने धरना समाप्त नहीं किया।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चैन जहां सरकार की योजना हर घर नल से जल के अंतर्गत जल निगम द्वारा सरकारी जमीन पर फाउंडेशन बनाकर टंकी का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित हुआ था। गांव के ही सुखवीर पुत्र उधम सिंह, गुड्डी देवी पत्नी उधन सिंह, मंगला देवी पत्नी उधन सिंह, राजेंद्र पुत्र लज्जाराम आदि लोगों द्वारा नव निर्माण के माध्यम से सरकारी जमीन पर दीवार उठाकर झोपड़ी डाल पशुओं को बांध अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। क्षेत्राधिकारी कायमगंज व लेखपाल कानूनगो ने मामले की जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई के आदेश दिए थे। दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार इसी खसरा नंबर की जमीन पर सुल्तान पुत्र श्रीराम, उधन पुत्र देशराज, विजेंद्र सिंह पुत्र इतवारी लाल, रामअवतार पुत्र ना मालूम द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। 5 जुलाई को जल निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को उक्त लोगों ने रोका था गुड्डी देवी, मंगला देवी द्वारा कब्जा हटाने का विरोध करने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या की धमकी दी गई थी। उक्त प्रकरण को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल विवेक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। गुरुवार को उप जिलाधिकारी, कायमगंज सीओ, कायमगंज तहसीलदार कानूनगो के साथ गांव में पहुंचे और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया था। इस संबंध में लेखपाल बकसुरी, विवेक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने धारा 353, 506 तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) गुट के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विवेक सिंह प्रताप के नेतृत्व में लगभग 40 से 45 लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर गुड्डी देवी व मंगला देवी पर दर्ज कराये गये मुकदमे को वापस करने तथा आवास दिलाने और नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए धरना शुरु कर दिया। सूचना पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, सीओ सीटी प्रदीप सिंह ने वार्ता की। एसडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने आश्वान दिया कि आवासहीन महिला को आवास के लिए पट्टा किया जायेगा। खबर लिखे जाने तक किसानों ने कलेक्ट्रेट में चल रहाधरना समाप्त नहीं किया था।

# पवन कुमार कानोडिया को दी गयी श्रद्धांजलि



शोकसभा में मौजूद प्रबंधक, प्रधानाचार्य व विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष पवन कुमार कानोडिया का आकस्मिक निधन हो जाने पर विद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृत आत्मा की शांति तथा पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

इस मौके पर प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि कानोडिया ने विद्यालय नवीनीकरण में बहुत सहयोग दिया। प्रबंध समिति के सदस्य विद्यालय के लिए प्रायः सहयोग करते रहते हैं। प्रधानाचार्या व सभी उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उपप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, डॉ0 रजनी सरीन, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी के अलावा समस्त स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थित रहे। शोक सभा के उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## मो0 साजिद फिर बने सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने 22 जिला व महानगर अध्यक्ष प्रदेश में घोषित किये हैं। जिसमें नवाबगंज निवासी मोहम्मद साजिद अली को दूसरी बार अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं फर्रुखाबाद महानगर अध्यक्ष कमल हसन मिरासी को बनाया है। सभी जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष अपनी कमेटी शीघ्र घोषित कर नेतृत्व को अवगत करायेंगे। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

- नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम यातायात के नियमों का पालन करने के लिए किया जायेगा जागरुक




झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए नुक्कड़ नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम गतिविधि का डीएम ने झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार कार्यदायी संगठन मदर निर्मला फाउण्डेशन के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम गतिविधि का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कैम्पस फतेहगढ़ से आरम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को यातायात नियमों को शत-प्रतिशत मानने की सलाह दी गई तथा मंचन में दर्शाया गया कि किस प्रकार हेलमेट न लगाने पर तथा शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन सवारों की मृत्यु तक हो जाती है तथा कुछ लोग विकलांगता से ग्रस्त हो जाते है तथा मार्ग दुर्घटनाओं में कितने घर उजड़ जाते है। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि हमें सदैव यातायात नियमों का पालन करना चाहिये तथा 18 वर्ष से पूर्व बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिये। विद्यालय आते-जाते समय अथवा पैदल सड़क उपयोगकर्ताओं को हमेशा रोड पार करने के लिये जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करना चाहिये। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक राज्य परिवहन निगम आर0सी0 यादव द्वारा यातायत नियमों को मानने हेतु लोगों से अपील की गई।

कार्यक्रम में संगठन की ओर से परियोजना निदेशक रजनी चतुर्वेदी, अल्ताफ अली तथा सहायक इकबाल बहादुर, अरविन्द कुमार, मणि मिश्रा, प्रज्ञा चौहान आदि उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## सिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने जांच के लिए डीएम को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी सैय्यद हसन रजा रिजवी ने जिलाधिकारी/अपर वक्फ आयुक्त फर्रुखाबाद को वक्फ नंबर टी-175, हकीम अकबर हुसैन, लोहाई रोड फर्रुखाबाद पर हो रहे अवैध कब्जे की जांच कराने के संबंध में पत्र भेजा है। पत्र में वक्फ के संबंध में सांसद मुकेश राजपूत को भी पत्र प्रेषित किया गया है। वक्फ सम्पत्ति पर नाजायज कब्जे की जांच कराये जाने एवं नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## वार्ड नंबर 5 की मलिन बस्ती में घरों में घुसा पानी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** वार्ड नंबर 5 दीन दयाल नगर के सभासद धर्मेंद्र कनौजिया ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि वार्ड नंबर 5 दीन दयाल नगर बढ़पुर में बगिया व क्रिश्चियन मैदान, मलिन बस्ती आदि के घरों में पानी घुसा हुआ है। लगभग एक सप्ताह से घरों के वाशिंदे पलायन कर रहे हैं। क्रिश्चियन मैदान में पड़ाव डाले हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक की लापरवाही से विगत पांच महीने से मोहल्ले में कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसका नतीजा सामने आया है। नगर पालिका मौन धारण किये हुए है। ऐसी स्थिति में वार्ड वासियों द्वारा जिलाधिकारी के कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर बैठने के लिए मात्र एक विकल्प बचा है।

## फार्मासिस्टों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएसन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फार्मासिस्टों की समस्याओं के संबंध में निस्तारण हेतु ज्ञापन सौंपा। पवन प्रताप सिंह, राजेंद्र कुमार कटियार, प्रकाशचंद्र कटियार, रेखा मिश्रा, बृजेश कुमार मिश्रा, राखी गोयल, अपर्णा यादव, राजीव यादव, अरविंद चौहान, अमित कुमार, सर्वेश श्रीवास्तव आदि फार्मासिस्टों की समस्यायें हल हों।

# प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए का किया स्वागत



बीएसए का स्वागत करते शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों ने नवागंतुक बीएसए गौतम प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी।

बीएसए ने सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर शासन की योजनाओं को समय से पूरा कराने एवं अन्य प्राथमिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने में शिक्षक संघ से सहयोग की बात कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के अलावा राजेश यादव, राकेश कुमार, मुन्ना लाल यादव, निर्देश कुमार, अमित मिश्रा, अवनीश चौहान, अरविंद कुमार, शकील खां, डॉ0 उपेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता रामवीर सिंह ने एसपी से की मुलाकात



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान ने नगर उपाध्यक्ष आसू राठौर व अनुज चौहान के साथ नवागन्तुक एसपी विकास कुमार से मिलकर उन्हें बुकें देकर सम्मानित किया। सभासद बिटान देवी के पति रामवीर चौहान ने एसपी से मुलाकात कर शहर की कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा की। उन्होंने वार्ता के दौरान कहा कि हर सम्भव पुलिस के कार्यों में सहयोग किया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार सभी कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए पुलिस अधीक्षक की सराहना की। इस मौके पर उनके समर्थक मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पति व एसडीएम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते नदीम अहमद फारुकी व एसडीएम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को एसडीएम ने सम्मानित किया।

नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पति नदीम अहमद फारुकी व एसडीएम कायमगंज ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्तित पत्र व शील्ड देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वर्ष 2023 में प्रयागराज यू.पी. द्वारा आयोजित हाईस्कूल तथा इंटर की बोर्ड परीक्षा जिसमें शमशाबाद के आधा दर्जन से अधिक हाईस्कूल तथा इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सर्वोच्च अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया था। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति एसडीएम कायमगंज रहे। उप जिलाधिकारी कायमगंज ने मेधाबी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनायें करते हुए कहा शिक्षा रूपी दीपक उजाले का वो मुकाम है जहां अंधेरे में भी प्रकाश के जरिए उजाला फैलाया जा सकता है। उन्होंने कहा बिना लगन के सफलता पाना आसमान से तारे तोड़ने के बराबर है। नगर पंचायत अध्यक्ष पति एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारुकी ने मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं करते हुए कहा लगन से सफलता का कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कायमगंज के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष पति एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, अधिशाषी अधिकारी आशीष कुमार तथा थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# हर्ष दुबे ने गरीब बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन



मलिन बस्ती में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाते हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव के विजेता मिस्टर फर्रुखाबाद व मिस्टर उत्तर प्रदेश हर्ष दुबे ने अपने जन्मदिवस को गरीब परिवारों के छोटे-छोटे बच्चों के साथ उनके घर जाकर उनके साथ में केक काटकर मनाया। हर्ष दुबे ने कहा कि हमारा आज के दिन जन्म हुआ था, तो सबसे पहले हम माता और पिता का आभार व्यक्त करता हूं और जन्मदिन का वास्तविक में अर्थ होता है कि मानव रूपी जन्म लेकर मानवता का परिचय दें, तो इस प्रकार से जन्म लेने का मतलब किसी असहाय और वृद्धजनों एवं गरीब की मदद करके व उनको अपना समझकर जन्म दिवस को मनाया जाए। इस मौके पर अंश तिवारी, प्रभात वर्मा, तनिष्क गुप्ता, मंगल कुमार आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोगों के प्रति छात्र-छात्राओं को गोष्ठी में किया गया जागरुक

- ब्लाक स्तरीय गोष्ठी में कई विद्यालयों ने लिया भाग
- संचारी रोग नियंत्रण जुलाई माह के अंतर्गत जागरुक कर दी गयीं जानकारियां



गोष्ठी को संबोधित करतीं प्रधानाचार्य डॉ0 संगीता यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान के तहत ब्लाक स्तर पर जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। राजकीय बालिका उ0मा0 विद्यालय हिसामपुर की प्रधानाचार्या डॉ0 संगीता यादव, नोडल अधिकारी ने आर.पी. इंटर कालेज के कार्यक्रम का आयोजन किया। ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में डॉ0 संगीता यादव ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने कहा मच्छर और मक्खियों से बचाव के लिए स्वच्छता पर ध्यान दें। बुखार आने पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार करायें और चिकित्सक से सलाह लें और आसपास के लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित करे। जिससे वातावरण स्वच्छ रहे।

उन्होंने कहा कि पानी को ढककर रखें। गंदे पानी को जमा न होने दें। पानी की टंकियों को खुला न छोड़ें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। ऐसी ही उपायों से संचारी रोगों से बचा जा सकता है। आर.पी. इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने कहा कि विभिन्न रोगों से बचाव के लिए घरेलू उपचार के तरीके बताये।

सहायक अध्यापक संजीव ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों के प्रति जागरुक किया और स्वच्छता पर जोर दिया। इस मौके पर फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज, मौलाना इंटर कालेज कमालगंज, रानूखेड़ा इंटर कालेज, आर.पी. इंटर कालेज, स्वराजवीर शिक्षा सदन इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ब्लाक स्तरीय संचारी रोग जागरुकता बैठक में सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# बीईओ समस्याओं को लेकर 17 जुलाई को लखनऊ में देंगे धरना



एडीएम को ज्ञापन सौंपते खण्ड शिक्षाधिकारी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने वेतन विसंगति एवं एसीपी आदि दीर्घकालीन विभिन्न मांगों का निस्तारण न किये जाने के विरोध में 17 जुलाई को लखनऊ में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में जनपद के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने मांगों को लेकर लखनऊ में होने वाले संगठन के सांकेतिक धरना प्रदर्शन में भाग लेने हेतु एडीएम को ज्ञापन सौंपा। शिक्षा विभाग निदेशालय को पूर्व में समस्याओं के निस्तारण के लिए ज्ञापन सौंपा जा चुका है। समस्याओं का हल न होकर उल्टा उतपीड़न किया जा रहा है। इसी संबंध में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सदस्यों की मांग को ध्यान में रखते हुए लखनऊ में 17 जुलाई को सांकेतिक धरना दिया जायेगा। जिसका प्रस्ताव पारित कर जनपद स्तर पर ज्ञापन एडीएम को दिया गया।

# लम्बे समय से वांछित चल रहा नगर पालिका का लिपिक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मुकदमे में वांछित चल रहे नगर पालिका के लिपिक की गिरफ्तारी के विरोध में कर्मचारियों ने थाने का घेराव का जमकर हंगामा किया, लेकिन पुलिस के आगे एक नहीं चली। पुलिस ने कर्मचारी का चालान कर जेल भेज दिया।

फर्रुखाबाद नगर पालिका कार्यालय लिपिक शिवराम वर्मा के विरुद्ध पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदित्य राठौर उर्फ एके ने 3 अप्रैल 2019 को लिपिक व उनकी पत्नी हेमलता के अलावा गीता पत्नी यशवीर सिंह, कंचन वर्मा पत्नी जयवीर, बाबूराम पुत्री बबिता राजपूत के विरुद्ध धारा 467, 468, 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी थी। अभियुक्तों पर उनके परिवार के नत्थूलाल पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जसीट दाखिल न्यायालय में कर दी। लिपिक शिवराम वर्मा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए उच्च न्यायालय से वर्ष 2022 तक का स्टे प्राप्त कर लिया था। समयावधि निकलने पर स्टे खारिज कर दिया गया। अदालत में हाजिर न होने पर न्यायालय ने लिपिक के विरुद्ध वारंट किया। इसी के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह देख नगर पालिका कर्मचारी व सभासद आदि ने पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध शुरु कर दिया और थाने पहुंचकर घेराव कर छोड़ने का दबाव बनाया, लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी और चालान कर जेल भेज दिया।

## पैसे के लेन-देन को लेकर दबंगों ने अधेड़ को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पैसे के लेन-देन को लेकर दबंगों ने अधेड़ के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को तहरीर दी।थाना क्षेत्र के ग्राम जासमापुर निवासी जगत सिंह ने गांव के ही नामदर्ज लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि शुक्रवार को वह खेत से लौट रहा था तो आरोपियों ने रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।


## सूचना

मेरे रिलेशनशिप प्रमाण पत्र में मेरा नाम VIRENDER SINGH अंकित हैं, जो गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य व शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम VARINDER SINGH अंकित है, जो सही है। इसी नाम को पढ़ा जाये और इसे ही मान्य किये जाये।

**वीरेन्द्र सिंह पुत्र JC510334L EX HONY SUB MAJ देसा सिंह निवासी ग्राम कालेके पो0 कालेके तहसील बाबा बाकाला जिला अमृतसर पंजाब**

# पति ने पत्नी को पीटा, अस्पताल में मौत

- मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप
- मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता ने गर्दन पर छुरी मारकर बेल्टों से पीटा, दबाया गला





पोस्टमार्टम हाउस में गुमशुम खड़े परिजन व मृतका का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लम्बे समय से बीमार चल रही पत्नी के साथ पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उपचार के लिए लोहिया ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मायके वालों ने ससुरालियों पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सीओ ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतका के पुत्र से पूछताछ की।

कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र सिद्धार्थ नगर नवदिया निवासी 30 वर्षीय शोभा पत्नी जितेन्द्र किराये पर रहती थी। बीती रात बाथरुम के पास उसी घर में रह रहे किरायेदार को अचेत अवस्था में पड़ी मिली। किरायेदार ने तुरन्त उसके पति को जितेन्द्र को जानकारी दी। वैसे ही वह लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मृतका के परिजनों व पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने पुत्री की हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। जिसमें मृतका के पिता नाहर सिंह ने दर्शाया कि उन्होंने पुत्री शोभा का विवाह 2013 में जितेन्द्र सिंह पुत्र उग्रपाल निवासी नवदिया के साथ किया था। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। एक पुत्र अभिनव उम्र 9 वर्ष है। टीवी की बामारी होने के कारण ससुरालियों ने रहने नहीं दिया। दो साल मायके में रहने के बाद ससुरालियों को बुलाया, लेकिन ससुरालीजन पुत्री को लेने नहीं आये। 10 मई 2016 को दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। दो साल केस चलने के बाद ससुरालीजन कोर्ट के आदेश पर सुलह समझौता कर लिया। जितेन्द्र की मां, बाप व बहनों ने घर में रहने नहीं दिया। जिसके बाद जितेन्द्र मेरी पुत्री शोभा के साथ किराये के मकान में अलग रहने लगा। जितेन्द्र उसे को आये दिन धमकी देता था। बीती रात 2 बजे पुत्री की हत्या करने के बाद 3 बजे जानकारी दी, जबकि घटना की जानकारी मकान मालकिन ने 2:30 बजे ही दे दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सीओ ने मृतका के पुत्र से पूछताछ की तो उसने बताया कि पिता जितेन्द्र ने मां की गर्दन पर छुरी मारी थी और बेल्टो से मारा पीटा तथा गला दबा दिया। इस दौरान पांच लोग अन्य भी थे। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है, मुकदमा दर्ज कर किया जा रहा है। वहीं आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने धारा 498ए, 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# घरों में घुसा पानी, पालिकाध्यक्ष के खिलाफ की नारेबाजी

- पिछले 20 वर्षों से गली न बनने से लोगों में देखा गया आक्रोश



गली में भरे पानी में खड़े होकर नारेबाजी करते मोहल्लेवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकानों में बरसात का पानी घुसने से आक्रोशित मोहल्ला तुलसी नगर के वाशिंदों ने विरोध जताया और पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 12 तुलसी नगर में बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस गया। जिससे लोग भड़ गये और पानी से भरी गली में खड़े होकर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोहल्ले की मंजू श्रीवास्तव, शीतला देवी, पल्लो, गोविंद, धर्मेंद्र ने बताया कि उनके मकानों में बरसात का पानी घुस गया। जिससे लोगों को निकलने बैठने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दो मकानों में सांप निकलने से लोगों में भय व्याप्त है। उनका कहना है कि बरसात के बीच बिजली कटौती भी जारी है। जिससे कुछ दिखायी नहीं पड़ता है। नवनिर्वाचित सभासद अनिल तिवारी ने बताया कि गली बनाने के लिए प्रस्ताव दे दिया गया है। नगर पालिका चेयरमैन अपनी मनमानी पर उतारू हैं। मोहल्ले के लोगों की दुर्दशा जानवरों से भी बदतर है। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है।

मोहल्ले की आशीष कुमारी ने कहा कि 20 वर्षों से गली का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के मौसम में पूरी-पूरी रात घर के अंदर भरे पानी को निकालने में बीत जाती है। चुनाव के समय वोट मांगने तो सभी नेता आते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई देखने नहीं आता है मंजीता श्रीवास्तव ने कहा कि बरसात के मौसम में कच्ची गली होने के कारण पैरों तक पानी भरा होने से कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर हैं। पानी का कोई निकास ना होने के कारण घर के अंदर पानी भर गया है। खाना बनाने के लिए भी जगह नहीं बची है। बरसात के मौसम में दो बार घर के अंदर से सर्प भी निकले हैं। घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं डर का माहौल बना हुआ है। शशि ने कहा कि मकानों में पानी भर जाने के कारण ऊंचाई पर गैस चूल्हा रखकर खाना बनाकर बच्चों की भूख मिटा रहे हैं। गली में कीचड़ गंदगी व पानी भरे होने से निकलने की जगह नहीं है। समस्या का कोई भी निस्तारण नहीं हो रहा है। जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। बरसों बीत जाने के बाद भी वार्ड में अभी तक गली का निर्माण नहीं हुआ है। गोपाल पेंटर ने कहा कि काफी बार चेयरमैन को लिखित व मौखिक समस्या से अवगत कराया गया है। उसके बाद भी चेयरमैन नहीं सुन रही हैं। हम लोग कीचड़ गंदगी में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। चुनाव के समय नेता बड़े बड़े वादे करते हैं उसके बाद कोई भी देखने वाला नहीं है हम लोग परेशानियों में रहने को मजबूर हैं। इसको लेकर उनमें रोष है।

## चार का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने अशांति फैलाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने अंकित पुत्र रामपाल निवासी सिलार चौराहा, नन्हें उर्फ चतुर सिंह पुत्र मिट्ठू यादव निवासी अमानाबाद, विकास पुत्र दिनेश कुमार निवासी हरदेव नगर, गोविंद पुत्र अशोक निवासी गांधीनगर कमालगंज को गिरफ्तार कर शांतिभंग में उनका चालान कर दिया।

## दबंगों ने संविदा लाइनमैन व उसके भाई को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी गगन पुत्र रामबाबू जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह विद्युत उप खण्ड रिटौल में संविदा पर लाइनमैन है।

शुक्रवार को अपने भाई संदीप लाइनमैन के साथ मोटर साईकिल से विद्युत मीटर लगाने बरखेड़ा जा रहा था। रास्ते में शाम 4:30 बजे काशीराम कालोनी नहर के पास राजू बाथम पुत्र अज्ञात निवासी पृथ्वी दरवाजा व सागर बाथम पुत्र अज्ञात निवासी कूंचा मोहल्ला थाना कायमगंज ने मेरी मोटर साइकिल रुकवा कर चाबी छीन ली। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जाति सूचक गाली-गलौज किया और मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा की आवाज सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण उसे जानमाल की धमकी देकर भाग गये।

# छापेमारी के दौरान चार दुकानों पर मिली पॉलीथिन, लगाया गया जुर्माना



दुकानों पर छापेमारी करते ईओ

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत ईओ आशीष कुमार के नेतृव में पॉलीथीन अभियान चलाया गया। नगर पंचायत कर्मचारी, टैक्स कलेक्टर कलाम अहमद व सफाई नायक पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजार मोहल्ला मीरादरवाजा, दलमीर खां बाजार, मंडी बाजार कला सहित आधा दर्जन मोहल्लों की दुकानों पर छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार दुकाने छोड़कर खिसक गये। आये ईओ आशीष कुमार ने सावन टोला निवासी मिथुन की परचूनी दुकान से 237 ग्राम पॉलीथीन, अकबरपुर दामोदर निवासी राकेश कुमार की गुड़ की दूकान से 300 ग्राम व एडविन की गड़ की दुकान से 200 ग्राम पॉलीथीन कब्जे में ली, फतेहचंद निवासी अशोक कुमार की परचूनी दुकान से 76ग्राम पॉलीथिन बरामद कर कब्जे में ली। उन्होंने समस्त दुकानारों को पॉलीथिन व डिस्पोजल पूर्ण रूप से बंद करने की चेतावनी दी। ईओ आशीष कुमार ने बताया कि पॉलीथिन अभियान जारी रहेगा। पूर्व में समस्त दुकानारों को पॉलीथिन बिक्री पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिये। चारों दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया है, जुर्माना न भरने पर रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

# तत्कालीन कर्नलगंज चौकी इंचार्ज की अंतरिम जमानत याचिका खारिज, भेजा जेल



तत्कालीन चौकी इंचार्ज

- कोर्ट की अवहेलना करने व मारपीट तथा लूट के मामले में चल रहे थे फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय की अवहेलना करने वाले दरोगा लूट के मामले में फरार चल रहे तत्कालीन चौकी इंचार्ज कर्नलगंज अनिल भदौरिया की एन्टी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार सिंह ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर जेल भेज दिया। सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

वितग वर्ष 2018 में अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने एन्टी डकैती न्यायालय में तत्कालीन कर्नल चौकी इंचार्ज अनिल भदौरिया, सिपाही नवनीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, तत्कालीन कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार, एसआई के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर किया था। जिसमें बताया कि मेरे साथ जान से मारने की नियत से हमला हुआ था। उसकी सूचना दर्ज कराने कोतवाली जा रहा था। फोन कर चौकी इंचार्ज अनिल भदोरिया ने कोतवाली बुलाया और कहा कि उक्त मामले में समझौता कर लो। मेरे मना करने पर नवनीत, सुरेन्द्र, अनिल भदोरिया ने लाठी-डंडो के मारपीट को मेरे जेब से दो हजार रुपये लिए व सोने के चैन तथा धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाते हुए चोटी काट दी। उक्त मामले में न्यायालय ने परिवाद दर्ज कर तलब कर लिया। उसके न्यायालय से एकाएक आदेशिकाय भेजी गयी। उक्त लोगों के विरूद्ध गैर जमानती वारंट व सीआरपीसी 82, 83 की कार्यवाही की गयी। न्यायालय की अवहेलना के तहत धारा 174ए की तहत मामला दर्ज किया था। अभियुक्त अनिल भदौरिया के द्वारा अग्रिम जमानत पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें भविष्य में गैर हाजिर न होने व गवाहों को धमकाने न तोड़ने की बात कही। अभियोजन व परिवादी अधिवक्ता ने अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया। पत्रवाली पर अभियुक्त वर्ष 2021 को तलब किये गए थे। अभियुक्त के विरुद्ध कई एक कार्यवाही की सुनवाई के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान 15 जुलाई की तिथि नियत की गयी।वर्तमान में उपनिरिक्षक अनिल भौदरिया जनपद जालौन में तैनात है।

## ससुरालियों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी निवासी सोनी बेगम पत्नी मुकीम खां ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व मुकीम खां पुत्र स्वर्गीय कल्लन खां निवासी जरारी के साथ हुई थी। मेरे भाईओ ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही पति मुकीम, नंद मिस्तकीना बेगम, शावरीद बानो, शवीना बानो, जेठ मोशीन, देवर इमरान, मुरसीद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। 4 जुलाई को उपरोक्त लोगों ने लात- घूसों से मारपीट करके घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# खबरें चलते-चलते

## लेखपाल के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** ग्राम जसमई निवासी रमेशचंद्र ने थाना मऊदरवाजा में प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। थाना मऊदरवाजा के अंतर्गत खसरा संख्या-414, 536, 628 का अपने भाई महेद्र बाबू व रवींद्र बाबू के साथ तनहा बतौर संक्रमणीय भूमिधर काश्तकार हैं। जिसकी सरकारी फीस जमा कर मेड़बंदी करायी गयी। राजस्व कर्मचारियों द्वारा पैमाइश कर रकवा पूरा करते हुए एसडीएम सदर के न्यायालय में रिपोर्ट भेजी गयी। जिस पर न्यायालय ने मेरे हक में अंतिम आदेश पारित कर दिया। विपक्षी संजीव दुबे जो कि लेखपाल पद पर तैनात हैं। उनकी तैनाती मूल जसमई में होने के कारण राजनैतिक लाभ लेकर तहसील सदर में तैनात होकर जिला प्रशासन से सांठ-गांठ कर परेशान कर रहे हैं। जिन्होंने एसडीएम सदर के न्यायालय में हमारे आदेश के विरुद्ध गैरकानूनी आपत्ति लगायी। इसके बाद खसरा नंबर-414 में खड़ी पूर्व में दीवार बरसात में गिर जाने की सूचना देकर एफआईआर दर्ज करायी। जबकि एक मुकदमा संजीव दुबे व उसके परिवारीजनों के विरुद्ध विचाराधीन हैं। उक्त संजीव दुबे पीड़ित की और जमीन हड़पना चाहता है और किसी झूठे मुकदमे में फंसाने की फिराक में है।

## शोरुम से चोरी में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** चोरों ने टीवीएस शोरुम की खिड़की काटकर ई-रिक्शा की 8 बैटरी चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर ठाकुरान पोस्ट कंन्झाना निवासी श्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवरतन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मेरा टीवीएस शोरूम कस्बा जहानगंज में है। 19-20 जून की रात्रि अज्ञात चोरों ने शोरुम के पीछे से खिड़की काटकर ई-रिक्शा की 8 बैटरियां एवं अन्य सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## शमीम हत्याकाण्ड के गवाहों के अंगूठे की जांच करेगी केंद्रीय एजेंसी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** डॉ0 अनुपम दुबे को कड़ी सुरक्षा के बीच फिरोजाबाद जेल से फतेहगढ़ न्यायालय न्यायाधीश राकेश कुमार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अनुपम दुबे समीम हत्याकांड के मुख्य आरोपी है। मुकदमा वादी मोहम्मद इदरीश के अंगूठे के निशान जो लैब में गए थे, वह स्पष्ट ना होने के कारण केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। अगली तिथि 20 जुलाई की नियत की गई है। अंगुलि चिन्ह ब्यूरो लखनऊ से कई बार सम्पर्क करने पर भी रिपोर्ट या मेल प्रस्तुत नहीं की गई। यह स्पष्ट हो रहा है कि निदेशक अंगुलि चिन्ह ब्यूरो लखनऊ इस मामले में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है, केवल खानापूर्ति कर रहे है। इस तरह से निदेशक स्तर से गैर जिम्मेदाराना कृत्य पूर्णतया प्रतीत हो रहा है। इस कारण न्यायालय को इस मामले की जांच कराये जाने हेतु केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिसमें केंद्र की दो एजेंसिया सेण्ट्रल फोरेन्सिक साइंस लैबोरेट्री, सीबीआई नई दिल्ली एवं एनसीआरबी नई दिल्ली की एजेंसिया सामने आयी है। विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट/अपर जिला सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने जारी आदेश में कहा कि ऐसी स्थिति में एक पत्र सेण्ट्रल फोरेन्सिक साइंस लैबोरेट्री, सीबीआई नई दिल्ली एवं एनसीआरबी नई दिल्ली के निदेशक को न्यायालय द्वारा भेजा जाये और एसपी व सीओ स्तर के माध्यम से इन एजेंसियों के पास व्यक्तिगत रुप से उपलब्ध कराये। अगली तिथि पर दोनों एजेंसिया इस न्यायालय में आकर के नमूना प्राप्त कर सके।

# पुलिस ने पांच चोरों को दबोचा, चोरी का सामान बरामद



चोरी के सामान के साथ पकड़े गये चोर



बैट्रियों के साथ पकड़े गये चोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित चल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से बड़ी संख्या में चोरी का सामान व तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक विद्या सागर तिवारी, उपनिरीक्षक सुबोध यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की घटना में वांछित मोअज्जम पुत्र नशरत निवासी गढ़ी अब्दुल मजीद खां, आदित्य कठेरिया पुत्र रमेश चन्द्र कठेरिया, सुमित पुत्र राजू निवासी गढ़िया काशीराम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान मोअज्जम व आदित्य ने बताया कि हम लोग रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर लोगों के घरों में चोरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। सुरक्षा की दृष्टि से तमंचा भी रखते है। आरोपियों की निशानदेही पर बाइक, गैस चूल्हा, एलईडी आदि सामान व तमंचा कारातूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। वहीं जहानगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार भाटी ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही से चार बैटरिया बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम शिवम उर्फ विनीत कुमार उर्फ शिवा पुत्र स्व0 राजवीर निवासी ग्राम सलेमपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद हाल पता ग्राम रैना फिरोजाबाद, भूपेन्द्र उर्फ बिट्टू पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम परशुराम कालोनी जिला फिरोजाबाद बताया। तलाशी में आरोपियों के पास से चार बैटरियां बरामद हुई।

# विदाई: पथ में कांटे न होते तो जीवन का आभास न होता



शिक्षिकाओं को विदाई देंती कानोडिया विद्यालय की शिक्षिकायें व मौजूद प्रधानाचार्य व प्रबंधक

- भावुक पलों के साथ शिक्षिकाओं को दी गयी भावभीनी विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पथ में कांटे न होते तो जीवन का आभास न होता, मंजिल-मंजिल रह जाती मानव का इतिहास न होता, यह पंक्तियां विदाई समारोह पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में तीन शिक्षिकाओं का दूसरे विद्यालय में स्थानान्तरण होने पर प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी के संयोजन में प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शिक्षिकाओं ने विदाई समारोह का आयोजन किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य नीलम शुक्ला, अर्पणा त्रिपाठी व परवीन जहां को भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह के दौरान सभी शिक्षिकायें भावुक हो गयीं। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने तीनों शिक्षिकाओं का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। विद्यालय के कर्मचारियों ने भी उपहार देकर विदाई दी। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा जो तीनों बहनों का स्थानान्तरण हुआ है वह दूसरे विद्यालय में जाकर अच्छा काम करें और इस विद्यालय की तरह वहां भी नाम रोशन करें।

व्यक्ति अपनी गाथा व स्मृतियों से पहचाना जाता है। हर व्यक्ति के जीवन में बहुत समस्यायें होती हैं। उनका सामना करते हुए भविष्य को भूलकर वर्तमान को शानदार बनाते हुए आगे का कार्य करें। संचालन दर्शना शुक्ला ने किया। भावुक पलों के साथ राधा दीक्षित, पूनम जैन, पूनम शुक्ला ने विदाई दी और विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपनी बहनों के साथ कार्य करने के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला। उनकी यादें हम सब लोग बनाये रखेंगे।

इस दौरान अंजली, मंजू सिंह, दर्शना आर्या, अनीता सिंह, दिव्या सिंह, अर्चना देवी, शिखा चौहान, जया सिंह, सीमा देवी, राजकुमारी, कविता चौहान, अंजना, ममता शुक्ला, जया अवस्थी, वर्षा मिश्रा, सुनीता पाण्डेय, अर्चना कपूर, नेहा सक्सेना, पारुल मिश्रा, जान्हवी कुशवाहा, विजय लक्ष्मी, राधा वर्मा, लिपिक अजन्ट सिहं, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदीच्य, रमेश, सतीश, सुनीता बाथम, सविता, शिवम, दिलीप आदि लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद हरदोई थाना अरवल क्षेत्र के गांव ननदाना कुलिया निवासी संदीप पुत्र ग्रीश को उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह गहलोत ने देहेलिया चौराहा के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। 2-3 जुलाई की रात्रि मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित की 16 वर्षीय पुत्री को उपरोक्त आरोपित संदीप बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में आरोपित वांछित चल रहा था। वहीं मेरापुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव बिजौरी निवासी भुवनेश्वर पुत्र सूबेदार को वारंट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## घर जा रही महिला को दबंगों ने पीटा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी मिथलेशा ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम अपने घर जा रही थी। उसी समय पड़ोस के दो युवक आये और उसे मारने पीटने लगे।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर ने पात्र लाभार्थियों को सौंपी पीएम आवास की चाबियां

- आवासों की चाबियां पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे, दिल से दी दुआयें




पात्र लाभार्थियों को चाबियां सौंपते सुरेंद्र सिंह गौर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों की ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों ने लाभार्थियों को चाबियां सौंपीं।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर ने उनके आवासों की चाबियां सौंपीं। जिसमें ग्राम पंचायत कड़िउली, ग्राम पंचायत हुसैनपुर के मजरा हमीरपुर, ग्राम पंचायत ललई सहित ग्राम पंचायतों के लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबियां सौंपीं। चाबियां पाते ही लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। सभी लाभार्थियों पात्रता का लाभ उठाकर सरकार तथा कर्मचारियों को तथा ब्लाक प्रमुख व ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर, एडीओ पंचायत किशनपाल सिंह, वरिष्ठ लिपिक लेखाकार अवनीश सक्सेना, आलोक पाठक, आलोक कुमार दीक्षित, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, बीओपीआरडी ग्राम सचिव जुबेर अहमद, रविंद्र सिंह, ब्रजनंदन लाल कश्यप, सभा के जिला अध्यक्ष तथा सभी ग्राम पंचायतों के सचिव विकास खंड के सभी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।